डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹72000 10 ग्राम
₹96000 01 किलो
सेंसेक्स 81,508.46 -200.66
डॉलर 84.834 +0.160

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 09, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 10 दिसंबर 2024, वर्ष-31, अंक-56, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com
पेज-10 एडिलेड में हार के बाद कपिल ने...

## एक नजर

### टुंडी के सीआरपीएफ कैंप में गोली लगने से जवान की मौत

**धनबाद।** टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ कैंप में पदस्थापित सैट रिजर्व पुलिस के हवलदार की रायफल साफ करने के दौरान सोमवार को गलती से गोली चल जाने से मौत हो गई है। घटना के बाद उसे एसएनएमएमसीएच लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत जवान का नाम नंदकिशोर सिंह है, वह पलामू जिला के लेस्लीगंज का रहने वाला था। वहीं घटना की सूचना पर सिटी एसपी अजित कुमार अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। इसके साथ ही घटना की जांच के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### आरबीआई के नए गवर्नर होंगे संजय मल्होत्रा



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को नया गवर्नर मिलने जा रहा है। जानकारी के अनुसार, संजय मल्होत्रा को रिजर्व बैंक का नया गवर्नर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति वर्तमान गवर्नर शक्तिकांत दास के कार्यकाल में विस्तार नहीं किए जाने के बाद की गई है। संजय मल्होत्रा ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के तहत राजस्थान कैडर से अपनी सेवा शुरू की थी। वह अब रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में कार्यभार संभालेंगे। उन्होंने उर्जित पटेल के इस्तीफे के बाद केंद्रीय बैंक की जिम्मेदारियां संभाली थी। संजय मल्होत्रा का कार्यकाल अगले तीन साल के लिए होगा। मल्होत्रा के पास वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में अत्यधिक अनुभव है। उन्होंने भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव के तौर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। इसके अलावा, उन्हें केंद्र और राज्य सरकारों में टैक्स और वित्तीय मामलों का भी गहरा अनुभव है।

## आज | कल




## छठे झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र

# 80 विधायकों ने ली शपथ, रवींद्र का निर्विरोध स्पीकर चुना जाना तय

- विधानसभा में शपथ ग्रहण के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित
- किसी ने संताली, खोरठा, कुरमाली, उर्दू में ली शपथ, तो किसी ने संविधान की प्रति के साथ



सुनील बादल

**रांची।** छठे झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र सोमवार से शुरू हो गया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले स्पीकर कक्ष में प्रोटेम स्पीकर प्रो. स्टीफन मरांडी का सीएम हेमंत सोरेन ने अभिवादन किया। इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने प्रोटेम स्पीकर का अभिवादन किया। 11 बजकर 15 मिनट में सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने 80 नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। सबसे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन फिर उसके बाद मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। इसके बाद नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली। स्टीफन मरांडी मंगलवार को शपथ लेंगे। विधायकों के शपथ ग्रहण के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार को दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

मंगलवार को ही विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होना है। इंडिया गठबंधन ने रविवार को हुई बैठक में पूर्व स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के नाम पर सहमति बन चुकी है। इसबीच मुख्यमंत्री ने दावा किया है कि मंगलवार को उनका चुनाव सर्वसम्मति से होगा। लेकिन अब तक विपक्ष की ओर से ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है। ऐसे में इंडी गठबंधन के संख्या बल को देखते हुए माना जा रहा है विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध होगा।

**मुख्यमंत्री ने सबसे पहले ली शपथ :** स्टीफन मरांडी ने सबसे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री और बरहेट विधायक हेमंत सोरेन को शपथ दिलाई गई। इसके बाद राधाकृष्ण किशोर, दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजूल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार सोनू, शिल्पी नेहा तिर्की, राजमहल विधायक मो. ताजउद्दीन, बोरियो विधायक धनजंय सोरेन, लिट्टिपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू, पाकुड विधायक निसात आलम, शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन, नाला विधायक रविंद्र नाथ महतो, दुमका विधायक बसंत सोरेन समेत 80 विधायकों ने झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली।

**अलग-अलग झारखंडी भाषाओं में विधायकों ने ली शपथ :** हेमलाल मुर्मू ने संताली, एमटी राजा ने उर्दू, जयराम महतो ने कुरमाली, अरूप चटर्जी ने बांग्ला और ममता देवी ने खोरठा भाषा में शपथ ली। इसके अलावा चंपाई सोरेन, मथुरा महतो सहित कई विधायकों ने भी स्थानीय भाषा में शपथ ली। वहीं कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल और श्वेता सिंह ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली। जबकि पूर्णिमा साहू ने दोनों हाथ जोड़कर झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली।

**सदन में दिखे 21 नए चेहरे :** इस बार सदन में 21 नए चेहरे दिखे, जो पहली बार विधायक बने हैं। इनमें रौशन लाल चौधरी, शुत्रध्न महतो, प्रदीप प्रसाद, मंजू कुमारी, कुमार उज्जवल, रागिनी सिंह, रामसूर्या मुंडा, मो. ताजउद्दीन, आलोक सोरेन, सुदीप गुड़िया, धनंजय सोरेन, श्वेता सिंह, सुरेश बैठा, निशत आलम, नरेश प्रसाद सिंह, चंद्रदेव महतो, निर्मल महतो, जयराम महतो और पूर्णिमा साहू शामिल हैं। वहीं 18 ऐसे सदस्य हैं, जो पहले विधायक रह चुके हैं। इसमें सबसे अधिक आठ भाजपा के हैं, जबकि छह झामुमो, तीन कांग्रेस के हैं। वहीं राजद, माले, आजसू व जेएलकेएम के एक-एक विधायक शामिल हैं। पूर्व सीएम चंपाई सोरेन व सीपी सिंह लगातार सातवीं बार तो प्रदीप यादव लगातार छठी बार विधानसभा पहुंचने का रिकॉर्ड बनाया।

**दस विधायक जो तीसरी बार पहुंचे सदन :** सदन पहुंचनेवाले विधायकों में दस ऐसे विधायक शामिल हैं, जिन्होंने जीत की हैट्रिक लगाई है। इनमें स्टीफन मरांडी, इरफान अंसारी, डॉ नीरा यादव, राज सिन्हा, सरयू राय, विकास सिंह मुंडा, आलोक कुमार चौरसिया, रवींद्रनाथ महतो, निरल पूर्ति व दशरथ गगराई शामिल है। पिछले विधानसभा के 42 विधायक फिर से विधानसभा पहुंचे हैं।

**स्टीफन मरांडी सबसे सीनियर विधायक :** स्टीफन मरांडी सबसे सीनियर विधायक हैं, जो नौ बार जीत हासिल कर चुके हैं। सबसे पहले उन्होंने 1980 में जीत हासिल की थी। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और सीपी सिंह लगातार सातवीं बार तो प्रदीप यादव लगातार छठी बार विधानसभा पहुंचने का रिकॉर्ड बनाया। चार विधायकों ने चौथी बार जीत हासिल की। जीत का चौका लगाने वालों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री दीपक विरुआ, चमरा लिंडा और विधायक नवीन जायसवाल शामिल हैं।

**जयराम की सदन में नंगे पांव एंट्री :** झारखंड विधानसभा सत्र में पहली बार शामिल हो रहे जयराम महतो ने अनोखे अंदाज में एंट्री ली। उन्होंने सबसे पहले धरती को प्रणाम किया। इसके बाद सदन के अंदर नंगे पांव घुसे। शपथ लेने के बाद जयराम महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक मथुरा महतो और मंत्री दीपिका पांडेय के पैर छूकर आशीर्वाद लिए। वहीं जयराम महतो के हाथ में मौजूद लाल डायरी ने भी सबका ध्यान खींचा। जयराम ने कहा कि इस डायरी में मैं वह शपथ लिखूंगा, जो मैं विधानसभा में लूंगा। यह मेरे लिए लोकतंत्र के प्रति मेरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

**11 को राज्यपाल का अभिभाषण :** 11 दिसंबर को दिन के 11:30 बजे राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुपूरक बजट सदन में पेश किया जाएगा। 12 दिसंबर को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, वाद-विवाद, सरकार का उत्तर और विश्वास मत हासिल करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वे सर्वसम्मति से स्पीकर चुने जायेंगे।

**पूर्व स्पीकर ने फेसबुक पर लिखा भावुक पोस्ट :** इस बीच रवींद्र नाथ महतो ने सोमवार को फेसबुक में एक भावुक पोस्ट डाला है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि पिताजी के निधन का आज दूसरा दिन है। पीड़ा में हूं, मन बहुत व्यथित है। मैं स्वीकार नही कर पा रहा हूं कि बाबा मेरे साथ नहीं हैं। लेकिन नाला वासियों के आशीर्वाद से कर्तव्य पथ पर अटल हूं। सोमवार को नई सरकार के निर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल रहा। बाबा के जीवन के मूल्यों और पदचिन्हों पर चलकर आप सभी देवतुल्य जनता की सेवा, सरोकार और सम्मान का संकल्प पूरा करने की कोशिश करूंगा।

## मुख्यमंत्री ने प्रोटेम स्पीकर का किया अभिवादन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छठे विधानसभा के प्रथम सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व सोमवार को झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में प्रोटेम स्पीकर प्रो. स्टीफन मरांडी का अभिवादन किया। दूसरी ओर, झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री योगेंद्र प्रसाद, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने स्वागत किया। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें लिखा है कि झारखंड विधानसभा में परिवार के साथ। मुख्यमंत्री पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सोमवार को विधानसभा पहुंचे थे।

# प्रतिशोध में 8 वर्षीय बच्चे की हत्या : चाची गिरफ्तार

## ओझा गुनी के चक्कर में घटना को दिया अंजाम



नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सलतुआ गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। रिश्ते को तारतार कर चचेरी चाची ओझा गुनी व अंधविश्वास के चक्कर में पड़कर प्रतिशोध की भावन से आठ वर्षीय भतीजे का गला दबाकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी चाची सुनीता देवी को गिरफ्तार कर ली है। पुलिस आरोपी महिला को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया है। बताया जाता है कि अखिलेश कुमार सिंह का 8 वर्षीय पुत्र प्रेम कुमार सिंह रविवार की दोपहर अपने घर के पास खेल रहा था। उसके बाद से वह लापता हो गया था। बच्चे के लापता होने के बाद अखिलेश कुमार व उसकी पत्नी कविता देवी ने थाना में मामला दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने बच्चे का शव बहेरा कला के अरहर के खेत से बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपी महिला सुनीता देवी को हिरासत में लेने के बाद पूछताछ करने पर उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकर कर ली है। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि पुलिस की जांच में पता चला कि गांव की ही रहने वाली सुनीता देवी (पति जमुना सिंह) ने बच्चे का अपहरण किया था। पूछताछ में सुनीता देवी ने बताया कि पांच महीने पहले उसकी दादी ने कथित रूप से डायन-भूत के नाम पर उसके बच्चे को मार दिया था, जिसका बदला लेने के लिए उसने यह कदम उठाया। छापेमारी दल में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा के अलावा पुअनि अनिल विद्यार्थी, पुअनि बाबूलाल दुबे, रामचन्द्र चौधरी, शहंशाह आलम सिद्दीकी, चैनपुर थाना के पुलिस बल शामिल थे।

## मेराल स्तरोन्नत उच्च विद्यालय ओखरगड़ा का मामला

# रजिस्ट्रेशन के नाम पर अवैध वसूली के विरुद्ध छात्राओं ने किया सड़क जाम

- दो घंटा तक सड़क जाम, बीडीओ के आश्वासन के बाद मामला शांत
- 900 से 1100 रुपए वसूली का आरोप



नवीन मेल संवाददाता


**मेराल।** प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय ओखरगड़ा के छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन के नाम पर पैसे के वसूली करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को करीब दो घंटे तक गढ़वा मझिआंव मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलने के बाद मेराल बीडीओ सतीश भगत, थाना प्रभारी विष्णुकांत ने जाम स्थल पर पहुंच मामले को लेकर विद्यार्थियों से पूछताछ कर समझा कर सड़क जाम को समाप्त कराया। उक्त मामले को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बीडीओ को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार कक्षा नौ के लिए 900 व कक्षा 10 वीं के लिए 1100 रुपए की वसूली की जा रही है। नौवीं कक्षा के लिए शिक्षा विभाग द्वारा ढाई सौ रुपए तथा 10 वीं कक्षा के लिए 740 रुपया शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों का आरोप है कि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष चंद्रवंशी ने विद्यालय के बाहर उनकी जमीन में साइकिल खड़ा करने पर अभद्र व्यवहार किया जाता है। उक्त आरोप के बारे में पूछे जाने पर विद्यालय के अध्यक्ष आशीष चंद्रवंशी ने कहा कि छात्र-छात्राओं द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सौरभ कुमार से इस मामले को लेकर फोन से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन मोबाइल फोन पर रिंग जाने के बाद भी रिसीव नहीं किए। प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत ने कहा कि विद्यार्थियों का आरोप के मद्देनजर विद्यालय के प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण पूछा जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी मामले से अवगत करा दिया गया है।

## इंडिया

# मीठे सच्चे बोलों से युद्ध तक रोके जा सकते हैं




पड़ोसी से विवाद से लेकर विश्व के सभी युद्धों तक में कहीं ना कहीं अहंकार ही मूल में होता है जिससे दोनों पक्षों को तनाव होता है और बात बढ़ते बढ़ते मारपीट,हत्या, घृणा और केस मुकद्दमे से लेकर सांप्रदायिक झगड़े, गृह युद्ध या दो देशों के बीच युद्ध का रूप ले लेता है। इन मानवीय दुगुर्णों या कमियों को ध्यान में रखकर सभी प्राचीन ग्रंथों में शांति,सद्भावना और अच्छे व्यवहार को उपदेशों या कहानियों के माध्यम आदर्श बताया गया है । भारतीय सनातन संस्कृति में संपूर्ण जीवन को चार आश्रमों में बांटा गया है। इनमें गृहस्थ आश्रम का दूसरा स्थान है और उसके कर्तव्य कर्मों को सर्वश्रेष्ठ बताया गया है। विश्व में सबसे बड़ी संख्या गृहस्थों की है। यदि इनका जीवन साधनामय और भक्तिमय हो जाए, तो यह विश्व शांति का अमोघ साधन बन जाएगा। या यों कहें यदि गृहस्थ अपने सभी कर्तव्यों को ईमानदारीपूर्वक निभाएं, तो उनका? जीवन सबसे आदर्श जीवन होगा। शास्त्रों, संतों-महात्माओं, ऋषि-मुनियों और मनीषियों की अधिकांश शिक्षा या उपदेश इसी वर्ग यानी गृहस्थों को केंद्रित कर वर्णित की गई हैं।



वस्तुतः सुखी और शांत जीवन का आधार, तो प्रेम ही है। संतों का कहना है -'फिर कर देखा जगत जो, जहां प्रेम लवलेश। वहां तो सुख रस है कुछ, शेष है कष्ट कलेश।। मित्र बंधु संबंध में, स्नेह सूत है सार। प्रेम बिना नीरस सभी, अपना पर संसार।' कहने का मतलब है कि जिस परिवार में प्रेम होता है, सभी सदस्यों में मेलजोल अच्छा होता है और सब अपने-अपने कर्तव्यों को ठीक-ठीक निभाते? हैं, वहां शांति और संपन्नता रहती है। एक महिला बहुत बड़े संत की शिष्या थी। वह अपने नवविवाहित पुत्र और बहू को संत जी से आशीर्वाद दिलाने के लिए ले गई। सबने संत को प्रणाम किया और बैठ गए। लड़का उच्छृंखल स्वभाव का था। उसकी साधु-संतों और धर्म-कर्म में आस्था नहीं थी। वह भगवान और धर्म का मखौल उड़ाता था तथा साधु-संतों को समाज पर बोझ समझता था। बेटे के स्वभाव से दुखी मां ने संत जी से प्रार्थना की, 'गुरुदेव कृपया आशीर्वाद दीजिए, ताकि मेरे बेटे की उद्दंडता दूर हो जाए और सन्मार्ग पर चलने लगे।' यह आज आपके पास भी बड़ी मुश्किल से आया है, मेरे कहने से नहीं, बल्कि पत्नी के कहने पर आया है। संत ने पूछा-'बेटा तुम्हारे कितने हाथ हैं?' लड़के ने कहा, 'यह भी कोई पूछने वाली बात है, दो हैं।' 'और पत्नी के?' लड़के ने खीझकर जवाब दिया, 'उसके भी दो।' संत ने फिर पूछा, 'दोनों के मिलाकर कितने हुए?' 'चार'। संत ने फिर कहा- 'बेटा! पांव कितने हैं।' लड़का क्रोधित हो गया और अधिक झुंझलाकर कहा, 'दो मेरे, दो मेरी पत्नी के और दोनों के मिलाकर चार।' संत ने कहा, 'शाबाश बेटा! जब पति-पत्नी सदाचारी जीवन व्यतीत करते हैं अर्थात धमार्नुकूल चलते हैं, तो चतुर्भुज हो जाते हैं। और यदि शास्त्र विरुद्ध दुराचारी जीवन-यापन करें, तो बिल्कुल पशुवत चतुर्पाद हो जाते हैं। अर्थात झूठ, भ्रष्टाचार, चोरी, बेईमानी तथा हेरा-फेरी धन तो दे सकते हैं, लेकिन शांति नहीं।' महाराज ने कहा, ह्यबेटा! गलत तरीके से एक अर्थ के मिलने पर अनेक अनर्थ भी साथ हो जाते? हैं।' संत की बात सुनकर युवक के अंदर सनसनी दौड़ गई और हाथ जोड़कर बोला, 'मैं आपके उपदेश का सदा ध्यान रखूंगा।' महाराज बोले-'धन्यवाद बेटा! सुखी दांपत्य जीवन के लिए एक बात और याद रखना, जिंदगी में झुकना सीखना, जिसे झुकना आ गया, वह बाजी मार गया।' आज के युग में पति पत्नी के आगे, तो पत्नी पति के आगे नहीं झुकती, कहते हैं- हम किस बात में कम हैं? बाद में दोनों कचहरी? में मिलते हैं। सास-बहू? एक-दूसरे का सम्मान नहीं करतीं। बाद में परिवार में कलह होता? है। इसलिए यह न सोचें कि झुकना, सहना या विनम्र होना कमजोरी की निशानी है, बल्कि ये तो शूरवीरता और महानता के प्रतीक हैं। इससे अलग भी व्यावहारिक जीवन में विनम्रता से अपना पक्ष रखने वालों की पहचान अलग होती है और वे सफल भी होते हैं जबकि अहंकार में डूबे लोग उसी बात को कड़वे शब्दों में बोलकर बना हुआ खेल बिगाड़ देते हैं।

# प्रधानमंत्री ने एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने का संकल्प दोहराया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि हमारा संकल्प एक लाख प्रतिभाशाली और ऊजार्वान युवाओं को राजनीति में लाने का, है जो 21वीं सदी की भारतीय राजनीति का नया चेहरा बनेंगे और देश का भविष्य बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुजरात में रामकृष्ण मठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज भारत के युवाओं ने दुनिया में अपनी क्षमता और सामर्थ्य को साबित कर दिया है। यह भारत की युवा शक्ति ही है, जो दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों का नेतृत्व कर रही है और भारत के विकास की कमान संभाल रही है। इस बात पर जोर देते हुए कि आज देश के पास समय भी है और अवसर भी, मोदी ने राष्ट्र निर्माण के हर क्षेत्र में नेतृत्व के लिए युवाओं को तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों की तरह राजनीति में भी हमारे युवाओं को देश का नेतृत्व करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें आज अपने युवाओं को राष्ट्र निर्माण के सभी क्षेत्रों में नेतृत्व के लिए तैयार करना है, हमारे युवा राजनीति में भी देश का नेतृत्व करें। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हमने विकसित भारत के दृढ़ संकल्प के साथ अमृत काल की नई यात्रा शुरू की है, हमें इसे तय समय में पूरा करना है। आज भारत अपने ज्ञान, परंपरा और सदियों पुरानी शिक्षाओं के आधार पर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आध्यात्मिकता और सतत विकास के दो महत्वपूर्ण विचारों को याद रखना जरूरी है, इन दोनों विचारों में सामंजस्य स्थापित करके हम बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

## दाखिल खारिज के मामलों में बढ़ोत्तरी से आम लोगों में असंतोष

# झारनेट सर्वर डाउन: अंचल में म्यूटेशन का 597 मामला लंबित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारनेट सर्वर डाउन होने से हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज संबंधित करीब 597 मामला लंबित हैं।अभी म्यूटेशन व अन्य जमीन संबंधित सभी कार्य नहीं हो पा रहा है। इससे रैयतों को काफी परेशानी हो रही है। इस मामले में राजस्व कर्मी भी कुछ जबाब देने की स्थिति में नहीं हैं। हालांकि उन्होंने पूरे मामले से राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को अवगत करा दिया है। मालूम हो कि आचार संहिता लगने के पहले 29 सितंबर से पूरे राज्य में झारनेट का सर्वर डाउन हो गया था। चुनाव परिणाम आने के बाद सर्वर तो ठीक हुआ, पर सर्वर डाउन रहने से मामलों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। इसकी मुख्य वजह सर्वर स्लो होना बताया जा रहा है। अधिकारी व कम्प्यूटर ऑपरेटर घंटों लैपटॉप पर बैठकर समय दे रहे हैं, परंतु काम नहीं हो रहा है। इस वजह से अंचल कार्यालय में काम का बोझ दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बता दें कि दाखिल खारिज, जमीन सीमांकन आदि का काम झारनेट के माध्यम से ही होता है। काम नहीं हो पाने के कारण प्रतिदिन सैकड़ों लोग अंचल कार्यालय का चक्कर लगाने को विवश हैं।इस संबंध में हुसैनाबाद अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि सर्वर डाउन रहने की सूचना वरीय पदाधिकारी को लिखित रूप में दिया गया है। उन्होंने बताया कि सर्वर ठीक होने के उपरांत फाइलों का निपटारा ढंग से हो पायेगा।




# डिजिटल एक्स-रे सेवा शुरू होने से मरीजो को हो रही सहूलियत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे के शुभारंभ के बाद अनुमंडलीय अस्पताल आये मरीजों को लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। डिजिटल एक्स-रे के टेक्नीशियन अली हसन ने बताया कि मरीज लगातार पहुंच रहे हैं और एक्स-रे करा रहे हैं, जिससे मरीजो को अनुमंडलीय अस्पताल में सहूलियत मिल रही है। अनुमंडलीय अस्पताल में एक्स-रे सेवा को शुरू होने से अनुमंडल क्षेत्र के ज्यादातर आबादी लाभान्वित हो रहीं है। डिजिटल एक्स-रे सेवा का प्रति एक्स-रे प्लेट सरकारी रेट 70 रुपए रखा गया है, जो मरीजों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कुछ महीनों से डिजिटल एक्स-रे का टेक्नीशियन नहीं रहने के कारण अनुमंडल क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। प्राइवेट में डिजिटल एक्स-रे के लिए काफी ज्यादा रुपये देना पड़ता था। अब एक्स-रे के टेक्नीशियन बहाल हो जाने के बाद मरीजों को काफी सुविधा मिल रही है।




# पिपरा थाना क्षेत्र से अज्ञात अधेड़ का शव बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** पीपरा थाना क्षेत्र के चपरवार गांव स्थित मड़वा मौजा से पुलिस ने एक अज्ञात अधेड़ का शव बरामद की है। ग्रामीणों ने उक्त स्थान पर शव को देखा तथा थाना को सूचना दी। जानकारी मिलने के बाद पीपरा थाना के एसआइ नकुल शर्मा दल बल के साथ पहुंच कर शव को कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम हेतु हुसैनाबाद भेज दिया है। जहां शव को तीन दिनों तक शवगृह में रखा जाएगा। पुलिस मृतक का शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।हालाकि खबर लिखे जाने तक अधेड़ की शिनाख्त नहीं हुई है । मृतक के शरीर पर खाकी रंग का स्वेटर पहना है, वहीं लाल रंग का गमछा है। हालांकि उक्त अधेड़ का मौत का कारण फिलहाल संदेहास्पद है। इस संबंध में एसआइ नकुल शर्मा ने बताया कि प्रथम द्दष्टया विक्षिप्त बुजुर्ग की मौत ठंड का कारण हो सकता है। मौत के कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही हो सकेगा।

## शिया इमाम बारगाह व मस्जिद के मुतावल्ली चुने गए शमीम

**हैदरनगर।** हैदरनगर के भाई बिगहा स्थित शिया वक्फ के इमाम बारगाह व मस्जिद के मुतावल्ली सैयद अयूब हुसैन की मृत्यु के बाद नये मुतावल्ली के चयन को लेकर शिया मुसलमानों की बैठक इमाम बारगाह परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता सैयद साबिर हुसैन ने की। नये मुतावल्ली के चयन को लेकर सैयद मोहमद हुसैन ने सैयद शमीम हैदर के नाम का प्रस्ताव रखा। सर्वसम्मति से सैयद शमीम हैदर को मुतावल्ली चुन लिया गया। साथ ही नायब मुतावल्ली सैयद नेहाल हैदर को चुना गया। उपस्थित लोगों ने उन्हें फूलमाला देकर स्वागत किया। मुतावल्ली सैयद शमीम हैदर ने कहा कि शिया से संबंधित भाई बिगहा में मस्जिद व इमाम बारगाह की हिफाजत के साथ इससे संबंधित सभी दस्तावेज को अद्यतन कराने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि शिया वक्फ से जुड़े जितने भी धार्मिक या अन्य संपत्ति है, उसका पता लगा कर उसे संरक्षित करने का भी प्रयास किया जायेगा। सैयद शमीम हैदर के मुतावल्ली चुने जाने पर अख्तर हुसैन, सैयद साबिर हुसैन, सैयद मोहम्मद हुसैन, सैयद शान हुसैन, सैयद नैयर हुसैन, सैयद तनवीर हुसैन, सैयद लल्लन हुसैन, सैयद हुसैन हैदर समेत कई लोगों ने उन्हें मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि सैयद शमीम हैदर के नेतृत्व में वक्फ से जुड़ी संस्थाओं का विकास होगा।

# ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता का लगाया आरोप

## जपला- छतरपुर मुख्य सड़क से बैरांव तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना निर्माण कार्य का मामला

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रयास से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए विधानसभा चुनाव के पूर्व कई सड़कों का शिलान्यास किया गया था। इस कड़ी में जपला छतरपुर मुख्य पथ से बैरांव गांव तक सड़क की विशेष मरम्मती कार्य की जा रही है। इसमें ग्रामीणों ने अनियमितता की शिकायत की हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मरम्मती निर्माण कार्य में काफी अनियमितता बरती जा रही है। बैरांव पंचायत के बसडीहा गांव निवासी समाजसेवी विपिन कुमार ने बताया कि यह सड़क मुख्य सड़क से खेखसाही गांव तक बनाना है, लेकिन संवेदक द्वारा मिट्टी की सड़क पर ही ढ़लाई कर सड़क बनाया जा रहा है। बालू की जगह डस्ट का इस्तेमाल किया जा रहा। बीच सड़कों पर बालू गिट्टी गिराकर सड़क को अतिक्रमण कर दिया गया हैं। इसके चलते इस गांव से आने-जाने छोटे-बड़े वाहनों को काफी परेशानी हो रही है। कुछ जगहों पर किया गया पीसीसी अभी से फट रहा है। ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त से इस सड़क की जांच कराने की मांग की है। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो इस पंचायत के लोग आंदोलन करने पर बाध्य होंगे।



## अजगर सांप दिखा, ग्रामीणों में दहशत

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के बभंडी पंचायत के रतन बिगहा गांव स्थित सोमवार की शाम 10- 15 फीट का अजगर सांप पाए जाने से ग्रामीणों की नींद दशहत में हो गए। ग्रामीण जनेश्वर सिंह, मनोज सिंह, अभय सिंह, अंकू सिंह ने बताया कि इस सांप के किसी घर में घुसने और किसी व्यक्ति पर हमले को लेकर ग्रामीण भयभीत हैं। देर शाम तक दर्जनों लोग टॉर्च आदि की रोशनी के सहारे इसके विचरण स्थल की निगरानी और नजर रखने में जुटे हैं। इस गांव के ग्रामीण वन विभाग के अधिकारी से लगातार संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं, किंतु अब इसके अन्यत्र पलायन कराने की व्यवस्था नहीं हो सकी है।


# झारखंड की बौद्ध विरासत नामक पुस्तक का लोकार्पण




**बोधि दिवस पर लेखन के क्षेत्र में पलामू को बड़ी उपलब्धि मिली**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज\ हुसैनाबाद।** बोधि दिवस पर रविवार को पुस्तक लेखन के क्षेत्र में जिले को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। पटना (बिहार) के एजुकेशन डेवलपमेंट काउंसिल एवं फातिमा डिग्री कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चतुर्थ अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार में रविवार (8 दिसंबर बोधि दिवस) को जपला (पलामू) निवासी इतिहासकार अंगद किशोर कृत झारखंड की बौद्ध विरासत पुस्तक का लोकार्पण किया गया है। इस संबंध में अंगद किशोर ने बताया कि फातिमा डिग्री कॉलेज के प्रशाल में आयोजित कार्यक्रम में त्रिभुवन विश्वविद्यालय नेपाल के प्रो. डॉ कृष्ण राज आचार्य, डॉ बी एम लामीछाने, संयुक्त अरब अमीरात से पधारे प्रो डॉ रियाज अहमद, एजुकेशन डेवलपमेंट काउंसिल के चेयरमैन डॉ कमल प्रसाद बौद्ध, पश्चिम बंगाल से आए सुप्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. डीएन वर्मा व दुमका कालेज के प्रो. डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने इस ऐतिहासिक पुस्तक का संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि इस कृति झारखंड की बौद्ध विरासत की भूमिका डॉ. डीएन वर्मा ने लिखी है। यह उनकी 11 वीं कृति समग्र झारखंड के लिए बौद्ध विषयक प्रकाशित पहली पुस्तक है।



# भीमचूल्हा की सौर ऊर्जा चालित जलापूर्ति में आई खराबी, पाइपलाइन का काम भी नहीं हुआ पूरा

## फूल-पौधों को मुरझाने से बचाने का हो रहा प्रयास



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पर्यटक स्थल भीम चूल्हा में पीने के पानी और फूल-पौधों के पटवन के लिए लगाए सौर ऊर्जा चालित जलापूर्ति सिस्टम में महज कुछ दिनों में ही खराबी आ गई है। ऐसे में इसके सोलर पैनल की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े करते हुए इसमें बरती गई अनियमितता और मनमानी के लिए संबंधित एजेंसी के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की जाने लगी है। इसकी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीओ सह बीडीओ रणवीर कुमार ने इस दिशा में एक्शन लेने की बात कही है।

### नहीं किया गया पाइपलाइन का काम, मुरझाने लगे फुल-पौधे

विवाह मंडप पर स्थापित सोलर पैनल के साथ एक-एक हजार लीटर की क्षमता के दो पानी टंकियों से उसकी दीवार के सहारे नीचे तक चार नल कनेक्शन देने के बाद पूरे पार्क एरिया में पाइपलाइन बिछाने का काम अभी तक नहीं किया गया है। बावजूद इसके नल कनेक्शन से ही पीने और पटवन के लिए पानी की जरूरत पूरी होने लगी थी। मगर सोलर पैनल में आई खराबी के कारण इससे भी जलापूर्ति बंद हो जाने से फूल-पौधों को मुरझाने से बचाने के लिए पुजारी गंगा तिवारी की पहल पर वहां पहुंचे धर्म प्रेमी चापानल से ही बाल्टी-बाल्टी पानी से इनका पटवन कर दिया करते हैं। इसी प्रकार से रविवार को भीम चूल्हा मंदिर की देखरेख करने में अग्रणी भूमिका निभाते आ रहे धर्म प्रेमी द्वारिका प्रसाद ने भी फूल-पौधों के पटवन में योगदान दिया। सोमवार को किसी और को पटवन करते देखा गया। पुजारी का कहना है कि सोलर पैनल में आई खराबी को ठीक कर पाइपलाइन से जलापूर्ति शुरू नहीं कराया गया, तो पार्क की हरियाली को बचाए रखना मुश्किल होगा।

# मौसम बदलाव का दिखा असर हल्की बूंदाबांदी से तापमान गिरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मौसम में आए बदलाव का असर सोमवार की सुबह देखने को मिला। मौसम विभाग के पूवार्नुमान में भी बदलाव का संकेत दिया गया था, जो देखने को मिला। हालांकि इसमें बारिश का भी अनुमान जताया गया था, मगर सोमवार की सुबह हल्की बूंदाबांदी ही हुई। दोपहर तक हल्के बादलों की वजह से ठंड का एहसास होता रहा था। मगर दोपहर बाद धूप से लोगों को राहत मिली। किसानों ने कहा कि हल्की बूंदाबांदी से कोई फायदा या नुकसान नहीं पहुंचा है। उनका कहना है कि अच्छी बारिश होती, तो गेहूं के एक पटवन की जरूरत पूरी हो जाती। वैसे, इससे धान के सूखाने में व्यवधान उत्पन्न हो गया था। भोर पहर यकायक बूंदाबांदी होने से सूखने के लिए खुले आसमान तले छतों पर फैलाए गए धान को समेटने को लेकर खासकर, महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ी। जबकि पछुआ हवा के बहने से तापमान में गिरावट आई है, इससे ठंड भी बढ़ा है। आगे भी इसके बढ़ने की संभावना व्यक्त की जाने लगी है।

## पर्यटन स्थल | काशीसोत डैम सिंचाई का संसाधन बनने के बजाए सैर सपाटे की जगह

# सैलानियों और छठ व्रतियों का लगता है जमावड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के गोड़ाडीह पंचायत अंतर्गत आजादनगर बस्ती के समीप दो दशक पहले बना काशीसोत डैम सिंचाई के संसाधन के साथ ही सुबह-सुबह सैर का साधन बन गया है। बावजूद इसके इसे पर्यटन के द्दष्टिकोण से विकसित करने और इससे तय लक्ष्य के अनुरूप सिंचाई के विकास का काम अभी तक नहीं किया जा सका है। पर्यटन विशेषज्ञ सुशील द्विवेदी ने जुलाई में स्थलीय मुआयना कर इसकी असीम संभावना को देखते हुए इस दिशा में काम कराने का संकेत दिया था। सिंचाई की मुक्कमल व्यस्था के लिए भी जिला पार्षद अंजू देवी की पहल पर तत्कालीन विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रयास से पूर्व की राज्य मंत्रीपरिषद ने द्वितीय पुनरीक्षित योजना के तहत 12.47 करोड़ प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। मगर इस पर अभी काम नहीं किया जा सका है। युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह का कहना है कि इस राशि से डैम की वितरणियों के विकास और विस्तार से अब तक इससे सिंचाई से वंचित डाली, पंचपोखरी, गजरही, पटखौलिया, झरी, तेंदुआ, बेगमपुरा, भजनियां, लटपौरी और माली सहित अन्य कई गांवों के भूमि के सिंचित होने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। उन्होंने कहा कि पर्यटन और सिंचाई के विकास के दिशा में काम को अंजाम तक पहुंचाया जा सके, इसके लिए जिला पार्षद के स्तर से प्रयास किया जा रहा है। जबकि पूर्व मुखिया पंचम खान ने कहा कि पिछले दो बार की विधायकी में इस सिंचाई योजना का निर्माण और अधूरे काम को काफी हद तक कराने का प्रयास नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने ही किया था। अब उन्हीं से आगे भी इसकी अपेक्षा है। जल्द ही वे इस दिशा में विधायक का ध्यान आकृष्ट कराएंगे।



## हिंदू संगठनों ने बांग्लादेश में हिंदूओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध रोष मार्च निकाला, एसडीओ को ज्ञापन सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में सोमवार को हिंदू संगठनों का गुस्सा फूट पड़ा। सामाजिक संगठनों के साथ बंजरग दल, विश्व हिन्दू परिषद् के सदस्यों ने शहर में रोष मार्च निकाल कर अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से भारत सरकार व राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में बांग्लादेशी हिंदुओं को उत्पीड़न से मुक्त कराने समेत अन्य कई मांग शामिल हैं। इससे पूर्व शहर में रोषपूर्ण प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई। ज्ञापन के माध्यम से केंद्रीय सरकार से मांग की गई कि बांग्लादेश में हिंदू व अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे अत्याचार को रोक लगाई जाए। हिंदू समुदाय आम आदमी की तरह जीवन यापन कर सकें। बांग्लादेश में हिंदुओं का अत्याचार बढ़ता जा रहा है। मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। हिंदुओं की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। बांग्लादेशी सेना भी कट्टरपंथियों के साथ मिलकर अल्पसंख्यक पर अत्याचार कर रही है। बंजरग दल के संयोजक मोनू गुप्ता ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू बहन बेटियों के साथ रेप और अत्याचार से संपूर्ण विश्व के हिंदुओं में आक्रोश है। विहिप अध्यक्ष पप्पू सिंह ने कहा कि जिहादी अपनी मयार्दा में रहें नहीं तो ईंट से ईंट बजाना भारत जानता है। मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. रामरेश यादव, राजा यादव ,अवधेश यादव ,मनोज गुप्ता सुधीर सिन्हा, डॉ. रामरेश यादव, सुधांशु शेखर ,पप्पू उरांव ,राहुल राय, मुकेश,अजय गुप्ता ,बिट्टू जॉन, बबलू, मिहिर सिंह ,सोनू सिंह ,उमेश जायसवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के बजाय चालान काटने में व्यस्त ट्रैफिक पुलिस

## छह मुहान और रेड़मा में ट्रैफिक जवान बरत रहे लापरवाही

रेवती रमण

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस द्वारा प्रतिदिन अभियान चलाया जाता है। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में बाइक, ऑटो, चार पहिया वाहन, और ई-रिक्शा चालकों पर बड़े पैमाने पर चालान काटे जाते हैं। हालांकि, पुलिस की जिम्मेदारी केवल चालान वसूली तक सीमित नहीं होनी चाहिए। ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने में पुलिस की भूमिका अक्सर निष्क्रिय नजर आती है।

**स्थायी समाधान की आवश्यकता :** जिले में ट्रैफिक व्यवस्था को सही दिशा देने के लिए न केवल सख्त निगरानी बल्कि समय-समय पर प्रशिक्षण और जवाबदेही तय करना भी जरूरी है। इससे न सिर्फ जाम की समस्या खत्म होगी बल्कि आम जनता का पुलिस पर भरोसा भी कायम रहेगा।



### छह मुहान पर ड्यूटी के नाम पर लापरवाही

छह मुहान पर तैनात ट्रैफिक जवान अक्सर अपनी ड्यूटी के दौरान मोबाइल चलाने और साथी कर्मियों के साथ बातचीत में व्यस्त रहते हैं। वन-वे रूट का पालन कराने की जिम्मेदारी होने के बावजूद कई जवान इसे नजरअंदाज करते हैं। दोपहर 12 बजे से विभिन्न स्कूलों की बसों के आवागमन के कारण रेड़मा और छह मुहान जैसे इलाकों में जाम की स्थिति बन जाती है।

### रेड़मा चौक पर भी नजरअंदाज हो रही ट्रैफिक जिम्मेदारी

रेड़मा चौक पर सहायक पुलिस के जवान चौकी में बैठकर समय बिताते हैं। कई बार ऑटो और बाइक चालकों ने सहायक पुलिस द्वारा बदसलूकी की शिकायत की है। जवान अक्सर ड्रेस कोड का पालन नहीं करते और वाहनों को जबरदस्ती रोककर चालान काटने पर जोर देते हैं। इस विषय पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने कहा कि सभी चौक-चौराहों पर तैनात जवानों की मॉनिटरिंग की जा रही है। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। किसी भी जवान की लापरवाही सामने आने पर उन पर सख्त निगरानी रखी जाएगी।

## नेक्सा शोरूम का उद्घाटन आज

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चियांकि, रांची रोड पर मारुति सुजुकी के अधिकृत डीलर प्रेमसंस मोटर के भव्य नेक्सा शोरूम का उद्घाटन समारोह 10 दिसंबर 2024 को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे प्रारंभ होगा। उद्घाटन समारोह में नेक्सा के प्रीमियम मॉडल्स की भव्य प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। प्रेमसंस मोटर परिवार ने इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों, ग्राहकों और मीडिया प्रतिनिधियों को कार्यक्रम में शामिल होकर इस खास मौके को यादगार बनाने का आमंत्रण दिया है। मारुति सुजुकी नेक्सा डीलरशिप द्वारा यह पहल क्षेत्र में ग्राहकों को प्रीमियम वाहन खरीदने और सेवा का एक नया अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शोरूम में नेक्सा के अत्याधुनिक वाहनों की पूरी श्रृंखला उपलब्ध होगी।

## सदीक चौक पुल के पास सघन जांच अभियान नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सादिक चौक पुल के पास शुक्रवार को यातायात पुलिस ने सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया और दो पहिया वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान में कई दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट, ट्रिपल लोड और बिना लाइसेंस गाड़ी चलाते हुए पकड़ा गया। इन वाहनों को जप्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया है।

यातायात पुलिस के अनुसार, कुल 22 दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ चालान जारी किया गया, जिन्हें फाइन के लिए व्यवहार न्यायालय पलामू भेजा गया है। इसके अलावा, जांच के दौरान 05 ई-रिक्शा और टेंपो चालकों को भी पकड़ा गया, जो तय रूट पर न चलकर नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। इन वाहनों को जप्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया और चालान के लिए जिला परिवहन कार्यालय भेजा गया है। जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नो एंट्री उल्लंघन में पकड़े गए एक ट्रक का चालान फाइन ?6,150 जमा कराया गया है। यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वालों को कड़ी चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसी लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# संत समाज की सबसे बड़ी जिम्मेवारी धर्म की रक्षा : स्तुति दीदी

■ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान में यज्ञ का दूसरा दिवस



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेडमा स्थित ठाकुरबाड़ी के राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के 17वें अधिवेशन के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का रसपान किया। कार्यक्रम की शुरूआत यज्ञ समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी द्वारा भागवत पीठ की आरती से हुई।

कथा में वृंदावन से आईं सुप्रसिद्ध कथावाचिका स्तुति दीदी जी ने अपने भक्तिमय भजनों और विचारों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने वेदव्यास और महर्षि नारद के संवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान की कथा सुनने मात्र से कोई भक्त नहीं बनता। सच्चे भक्त वही हैं जो दूसरों का स्नेह और सम्मान करते हैं।

स्तुति दीदी ने बताया कि महर्षि नारद ने वेदव्यास से उनके दुख का कारण पूछा, तो उन्होंने कहा कि महाभारत और पुराणों की रचना के बावजूद वे संतोष अनुभव नहीं कर पा रहे हैं। नारद जी ने समझाया कि केवल ग्रंथों की रचना करना पर्याप्त नहीं, बल्कि संतों की कृपा और धर्म की रक्षा में योगदान से ही सद्गति संभव है।

उन्होंने यह भी कहा कि 'सनातन धर्म और इसकी आस्था को बनाए रखना संत समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। संतों का हृदय कोमल होता है, लेकिन धर्म की रक्षा के लिए उन्हें दृढ़ता से खड़ा होना चाहिए।' कार्यक्रम में विजय कुमार तिवारी, अजय तिवारी अकेला, रवि सांगा, बसंत तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, शशि तिवारी, विनोद विश्वकर्मा, मनोज तिवारी, ललन तिवारी, प्रदीप पाठक, सुरेंद्र तिवारी, अश्विनी कुमार दुबे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पलामू के 2,564 सरकारी स्कूलों में 1.3 लाख छात्रों को नहीं मिली पोशाक और स्वेटर

मनीष तिवारी



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के 2,564 सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले लगभग तीन लाख छात्रों में से अब तक केवल 1,68,300 छात्रों को ही पोशाक और स्वेटर मिल पाए हैं। शेष 1,31,700 छात्र-छात्राओं को अभी तक यह लाभ नहीं मिल सका है। झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा सितंबर में ही राशि उपलब्ध कराई जा चुकी थी, लेकिन शैक्षणिक सत्र 2024-25 समाप्ति की ओर बढ़ने के बावजूद वितरण प्रक्रिया अधूरी है।

### वितरण में देरी का असर छात्र हो रहे निराश

मार्च 2024 में शैक्षणिक सत्र समाप्त हो जाएगा, वहीं फरवरी-मार्च में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं भी शुरू होंगी। ऐसे में दिसंबर में पोशाक वितरण होने पर इसका उपयोग सीमित होगा, क्योंकि सर्दियों के दौरान विद्यालय की कक्षाएं स्थगित रहती हैं। बहरहाल महत्वपूर्ण सवाल यह है कि शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में पोशाक और स्वेटर क्यों नहीं वितरित किए जाते? समय पर वितरण से छात्र-छात्राओं को विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ यह लाभ सही समय पर मिल सकता था। वर्तमान स्थिति में देरी से सरकारी योजनाओं का लाभ अधूरा साबित हो रहा है।

### डीबीटी के माध्यम से हुई राशि हस्तांतरण

*कक्षा 1 से 2 : 77,300 छात्रों को पोशाक और स्वेटर भेजा गया।*

*कक्षा 3 से 8 : 91,000 छात्रों को डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से राशि उपलब्ध कराई गई है।*

### सरकारी सहायता की राशि

*कक्षा 1 से 5 : 600 रुपये प्रति छात्र।*

*कक्षा 6 से 8 : पोशाक के लिए 400 रुपये, स्वेटर के लिए 200 रुपये, और जूते-मोजे के लिए 160 रुपये।*

*माध्यमिक और प्लस टू स्तर : 1,200 रुपये प्रति छात्र।*

## झारखंड विधानसभा के पहले सत्र में संजीव कुमार तिवारी ने मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल को दी बधाई



**मेदिनीनगर।** आज झारखंड विधानसभा के पहले सत्र के पहले दिन, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता और झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव कुमार तिवारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों के साथ उपस्थित विधायकों से मुलाकात की। इस अवसर पर संजीव तिवारी ने मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को दूसरी पारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने राज्य के समग्र विकास और जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के सफल नेतृत्व की सराहना की। संजीव तिवारी ने कहा, 'यह नई पारी झारखंड के विकास में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी और राज्य को एक नई दिशा में ले जाएगी।' उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में सुधार और प्रगति के नए आयाम स्थापित होंगे। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के सदस्य मनोज गुप्ता और गोपाल सिन्हा भी उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने इस विशेष दिन को राज्य के लिए एक नई शुरूआत के रूप में वर्णित किया।

## 14 दिसंबर को आयोजित होगा विधिक सशक्तिकरण शिविर

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में 14 दिसंबर को विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में यह शिविर जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित होगा। इसके साथ ही व्यवहार न्यायालय परिसर में इस वर्ष का अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत भी आयोजित किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि यह शिविर झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आयोजित हो रहा है। शिविर का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरल और सुलभ न्याय पहुंचाना है। इसमें लोगों को कानूनी अधिकारों के अलावा आवास योजना, पेंशन योजना, स्वास्थ्य योजना और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी। श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक प्रखंड में एक पैनल अधिवक्ता, पीएलवी (पारा लीगल वॉलंटियर) और प्रखंड प्रशासन के प्रतिनिधि इस शिविर में शामिल होंगे। शिविर के माध्यम से अधिकतम मामलों का समाधान करने और लोगों को जागरूक बनाने का प्रयास किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। इसमें अधिक से अधिक मामलों का निपटारा करने का लक्ष्य है।

## आनंद मार्ग रावा का मेगा ऑडिशन संपन्न, 15 प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित



**मेदिनीनगर।** आनंद मार्ग की इकाई रेनेसां आर्टिस्ट राइटर एसोसिएशन (रावा) के तत्वावधान में आयोजित मेगा ऑडिशन कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम आनंद मार्ग स्कूल, नई मोहल्ला में आयोजित किया गया, जहां गायन, नृत्य, योगा, और अभिनय जैसी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन हुआ। ऑडिशन में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें से 50 बच्चों को सेकंड राउंड के लिए चयनित किया गया और 15 प्रतिभागियों को अंतिम रूप से राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला के लिए चुना गया। ये प्रतिभागी पलामू, गढ़वा और लातेहार के विभिन्न क्षेत्रों से आए थे। चयनित प्रतिभागी 24 से 28 दिसंबर तक रामगढ़, रांची में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लेंगे, जहां उन्हें अनुभवी शिक्षकों से प्रशिक्षण मिलेगा।

**अंतरराष्ट्रीय मंच पर जाने का मौका :** कार्यशाला में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। रावा ने प्रतिभागियों के लिए निशुल्क आवास, भोजन और प्रशिक्षण की व्यवस्था की है। ऑडिशन का मूल्यांकन रांची के बीआईटी मेसरा की बीजया पाठक, श्री मृणाल पाठक, तबला वादक कामेश्वर सिंह, शास्त्रीय गायक सुमन मिश्रा और केंद्रीय विद्यालय के सौरभ मिश्रा व सौरभ दुबे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रावा के राजन देव, नवनीत देव, नैना चंद्र, आरती चंद्र, काजल पांडे, उर्वशी गुप्ता, सृष्टि लारा, संदीप कुमार और अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। रावा के कोऑर्डिनेटर चंदन देव ने कहा कि यह आयोजन युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करने का अनूठा अवसर प्रदान करता है।

# मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स सम्मान समारोह आयोजित

**मेदिनीनगर।** मार्शल-आर्ट्स के महागुरु ब्रूस ली के 84वें जन्मदिवस के अवसर पर मिक्स्ड मार्शल-आर्ट्स काउंसिल (यूके) के तत्वावधान में प्रथम पलामू जिला मार्शल-आर्ट्स ब्रूस ली महोत्सव का आयोजन संत मरियम विद्यालय, कजरी के प्रांगण में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अविनाश देव उपस्थित थे। उन्होंने पलामू के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े मुख्य प्रशिक्षकों को पलामू रत्न अवार्ड से सम्मानित किया।

**सम्मानित प्रशिक्षकों की सूची :** रंजन प्रसाद - स्केटिंग, आशुतोष कुमार - मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन, सिकंदर प्रजापति - कराटे, नटवर पांडेय - मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए), प्रीतम चौधरी - ताइक्वांडो, अनुपम तिवारी - बॉक्सिंग, श्याम किशोर पांडेय - संगीत, संतन सोनी - नृत्य।

मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि पलामू में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। प्रशिक्षकों को समय-समय पर मान-सम्मान मिलते रहना चाहिए, क्योंकि वे बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण देकर ऊंचाई तक पहुंचाते हैं। उन्होंने बच्चों को अपने प्रशिक्षकों का आदर करने की सलाह दी।

यह कार्यक्रम मुख्य प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस महोत्सव में सैकड़ों कराटेकार उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर लौटे राजेश, उपायुक्त ने की हौसला अफजाई

» पलामू पहुंचने पर अपेक्षा के अनुरूप स्वागत न होने से छलका दर्द




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल चैंपियनशिप में भारत और कंबोडिया के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने कंबोडिया को हराकर गोल्ड मेडल जीता। भारतीय टीम का हिस्सा रहे पलामू जिले के पंडवा निवासी राजेश कुमार मेहता ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बतौर उप-कप्तान खेलते हुए उन्होंने अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया। सोमवार को मेदिनीनगर लौटने पर उपायुक्त शशि रंजन ने राजेश से मुलाकात कर उनकी सराहना की और भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने राजेश के परिवार को आवास योजना का लाभ देने का भी भरोसा दिया।

**बचपन की मुश्किलें, पर हार नहीं मानी :** राजेश ने बचपन में ही एक ट्रक दुर्घटना में अपना एक पैर गंवा दिया था। तीन भाई और तीन बहनों में सबसे छोटे राजेश का बचपन संघर्षों से भरा रहा। उनके पिता का देहांत बचपन में ही हो गया, जिसके बाद उनकी माता विमल कुंवर ने सब्जी बेचकर उनका पालन-पोषण किया। इन कठिनाइयों के बावजूद राजेश ने कभी हार नहीं मानी और अपने जज्बे से आगे बढ़ते रहे।

**राष्ट्रीय स्तर पर पहचान, समाजसेवियों की मदद से अंतरराष्ट्रीय सफर :** 2012 से थ्रो बॉल खेल रहे राजेश को राष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल में झारखंड टीम के साथ स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहचान मिली। हालांकि, पहले भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए उनका चयन हुआ था, लेकिन आर्थिक समस्याओं के चलते वे हिस्सा नहीं ले सके। इस बार कंबोडिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए कई समाजसेवियों ने आर्थिक मदद की, जिसके लिए उन्होंने सबका आभार व्यक्त किया। अब राजेश का चयन थाईलैंड में होने वाले एशिया कप पैरा थ्रो बॉल के लिए भी हुआ है।

**स्वागत में कमी से छलका दर्द :** राजेश ने पलामू पहुंचने पर अपेक्षित स्वागत न मिलने पर अपना दर्द व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'अगर मैं किसी और राज्य का होता तो मुझे सर-आंखों पर बिठाया जाता।' हालांकि, उपायुक्त शशि रंजन, नगर निगम आयुक्त जावेद अहमद, सुमित वर्मन और द कराटे एकेडमी ने उनका सम्मान किया। लेकिन बस स्टैंड पर उनकी अगवानी के लिए कोई न पहुंचने से वे आहत नजर आए।

## वार्ड नंबर 5 : ग्रामीण क्षेत्र में समस्याएं बढ़ीं

# क्षेत्र में बुनियादी सुविधा की कमी, लोग पुराने परिवेश में जीने को विवश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के वार्ड संख्या 5 में स्थित पोखराहा खुर्द क्षेत्र में स्थानीय लोगों को कई बुनियादी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह वार्ड 2017 के परिसीमन के बाद नगर निगम से जुड़ा था, लेकिन इसके बावजूद यहां के विकास कार्यों में तेजी देखने को नहीं मिली है। वार्ड के सीमाओं की बात करें तो उत्तर में पोखराहा कला और रजवाडीह, दक्षिण में गुरसुती नाला, पूर्व में रेड़मा, और पश्चिम में ग्राम खनवा तक इसका विस्तार है। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में आदिवासी और ओबीसी वोटर रहते हैं। मेडिकल कॉलेज की शुरूआत के बाद यहां लोगों का आना-जाना बढ़ा है, लेकिन क्षेत्र में विकास कार्यों की कमी बनी हुई है। पांच वर्ष पहले जीएलए कॉलेज तक जाने वाली ऑटो सेवा छह मुहान से पोखराहा मेडिकल चौक तक चलती थी, जिससे स्थानीय लोगों को सुविधा होती थी। हालांकि, क्षेत्र में रहने वाले अधिकतर लोग किसान हैं और अपनी आजीविका के लिए खेती पर निर्भर हैं।

वार्ड में पानी की कोई बड़ी समस्या नहीं है, लेकिन अधिकांश लोग चापाकल से पानी लेते हैं। हालांकि, इस क्षेत्र की ग्रामीण परिवेश की झलक अब भी बरकरार है, और यहां के अधिकांश मकान कच्चे हैं। वार्ड वासियों के अनुसार, कचरा उठाने वाली गाड़ी बहुत कम आती है और सफाई का काम भी महीने में एक या दो बार ही किया जाता है, जो केवल पांकी रोड के आसपास होता है। वार्ड में नालियों का अभाव है, जिसके कारण जल स्रोतों के समीप सड़क पर पानी बहता हुआ नजर आता है।

स्थानीय लोग उम्मीद करते हैं कि नगर निगम इस वार्ड की समस्याओं को शीघ्र सुलझाए और यहां की बुनियादी सुविधाओं में सुधार लाए।



### वार्ड नंबर 5 के जनता की राय






स्थानीय निवासी राजेश उरांव ने बताया कि नगर निगम द्वारा यहां के लोगों को कोई सुविधा नहीं दी जाती, जिससे हम पुराने परिवेश में जीने को मजबूर हैं। सुलेमान अंसारी ने बताया कि पीएम आवास योजना के तहत यहां मकान बने हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाओं की कमी बनी हुई है। रमेश चंद्रवंशी ने बताया कि उन्हें पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिला है और वह अपनी कमाई से पक्का मकान बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, करण कुमार ने बताया, वार्ड में पहले काफी परिवर्तन आया है, लेकिन अब भी झूलते हुए तारों और पेयजल आपूर्ति की स्थिति पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

## रेड़मा के कुम्हार टोला में 5 लाख 50 हजार की चोरी

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के रेड़मा के कुम्हार टोला में महेंद्र प्रजापति के घर 5 दिसंबर की रात को लाखों की चोरी की घटना घटी। यह घटना उस समय हुई जब घर में कोई सदस्य उपस्थित नहीं था। महेंद्र प्रजापति ने बताया कि उनके घर के ग्राउंड फ्लोर पर उनका परिवार रहता है, जबकि पहले और दूसरे तल पर तीन किराएदार रहते हैं। महेंद्र प्रजापति ने बताया कि 5 दिसंबर को वह अपने परिवार के साथ बनारस गए थे और उनके तीनों किराएदार भी शादी में गए थे, जिसके कारण पूरा मकान खाली था। चोरों ने इस मौके का फायदा उठाया और घर के तीनों किराएदारों के कमरों के ताले तोड़कर चोरी की। पहले तल्ले पर अनिल कुमार सिंह के कमरे का ताला तोड़ा गया और चोरों ने 20,000 रुपये नकद, एक गहने का चैन, अंगूठी, कान की दो बालियां और एक लॉकेट चोरी किया। दूसरे तल्ले के किराएदार नवीन कुमार सिंह के कमरे का ताला तोड़कर 15,000 रुपये नकद, एक गहने का चैन, अंगूठी, कान के झूमके, तीन सेट बालियां, हाथ का कंगन, मांग टिक्का, नथ और दुल्हन पायल समेत अन्य गहनों की चोरी की। चोरी की कुल राशि लगभग 5 लाख 50 हजार रुपये है। पुलिस ने घटना के बाद मौके पर पहुंचकर एफआईआर दर्ज की और जांच शुरू की। शहर थाना प्रभारी देवब्रत पोद्दार ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## एक नजर

### पिकअप के धक्के से एक घायल



**केतार।** भवनाथपुर मुख्य पथ पर लोहिया समता उच्च विद्यालय के समीप सोमवार की शाम पिकअप के धक्के से गोपी विश्वकर्मा घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पिकअप सवारी गाड़ी केतार से हुरका जा रही थी। इस क्रम में हाईस्कूल के समीप मंदबुद्धि गोपी विश्वकर्मा को बचाने के क्रम में अनियंत्रित हो गयी। इससे गोपी विश्वकर्मा को गंभीर चोट लगी है। सड़क किनारे लगा विनोद पाल के टेंपू में भी पिकअप वैन ने टक्कर मार दी। इससे टेंपू भी क्षतिग्रस्त हो गया। पिकअप हुरका गांव का बताया जा रहा है। इस घटना की जानकारी के बाद केतार थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना ले गयी।

## संयुक्त कार्य समिति की बैठक में लिए गये कई निर्णय

# सहकारी समितियों के सुधार और विस्तार के लिए योजनाएं तैयार



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उप विकास आयुक्त, गढ़वा और संयुक्त कार्य समिति के अध्यक्ष,पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में आज संयुक्त कार्य समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला में सहकारी समितियों के विस्तार और सुधार को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान, निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई।

**आर्थिक सहायता और योजना**

निबंधित सहकारी समितियों को आवश्यक पूंजी उपलब्ध कराने और उनकी व्यवसायिक योजनाओं को लागू करने का प्रस्ताव रखा गया, ताकि ₹सहकार से समृद्धि₹ की दिशा में कदम बढ़ाया जा सके।

**कार्य योजना की निगरानी**

उप विकास आयुक्त ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी और समय पर क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिले की सभी पंचायतों और गांवों में बहुउद्देशीय सहकारी समितियों का निबंधन किया जाएगा, ताकि अगले पांच वर्षों में सहकारिता के ईकोसिस्टम से ग्रामीण क्षेत्र जुड़ सके।

**निष्क्रिय समितियों की पहचान और परिसमापन**

बैठक में जिला की निष्क्रिय और अकार्यशील सहकारी समितियों की पहचान करने और उन्हें समयबद्ध तरीके से परिसमापित करने की योजना बनाई गई। इसके बाद, इन समितियों के स्थान पर नई सहकारी समितियाँ स्थापित करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

**नई समितियों का गठन**

बैठक में निर्णय लिया गया कि किसानों को नई दुग्ध उत्पादक और मत्स्य सहकारी समितियों के गठन के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह कदम ग्रामीण क्षेत्र में सहकारी व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए उठाया जाएगा।

**समन्वय और कार्यान्वयन**

राज्य सहकारी बैंक के माध्यम से सहकारी समितियों के खातों का संचालन और उन्हें राज्य स्तरीय संघ से जोड़ने की योजना पर चर्चा की गई।

# मशरूम का भाव कभी कम नहीं होता: प्रशिक्षक



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत सचिवालय में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा मशरूम उत्पादन का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को समापन हुआ। मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता सभी प्रशिक्षण लेने वाले 25 किसानों को प्रमाण पत्र वितरित किया। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा पांच दिसंबर को इस प्रशिक्षण का शुरूआत किया गया था। समापन के दौरान किसानों के बीच मशरूम बीज व इसके उत्पादन में प्रयुक्त कृषि समाग्री वितरण किया गया। मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता ने कहा कि पंचायत के किसान मशरूम का प्रशिक्षण पाकर इसे आमदनी का जरिया बना सकते हैं। यह कम खर्च पर अधिक मुनाफा देता है। इसकी खेती कम लागत और कम जगह में किया जा सकता है। प्रशिक्षक शुभम कुमार ने बताया कि यदि कच्चे व ताजे मशरूम की बिक्री न हो तो इसे सुखाकर और पाउडर बना कर बेचा जा सकता है। मशरूम की कीमत कभी कम नहीं होती है। यदि ताजा मशरूम की किमत 200 रू किलो है तो सुखाने पर इसकी पाउडर की कीमत दुगनी हो जाती है। उन्होंने कहा की मशरूम उत्पादन के लिए न धूप, न बरसात और न ही कीचड़ में जाना पड़ता है। यह तो घरों में या बंद कमरे में भी उगाया जा सकता है। इसका उत्पादन का बेहतर समय अक्टूबर से मार्च माह तक है। उन्होंने मशरूम उत्पादन के विधी विस्तार पुर्वक किसानों को बताया। इस मौके पर बीपीएम राकेश कुमार, उद्यान मित्र संतोष कुमार, सोनू सिंह, सुरेन्द्र पटेल, गीता देवी, संगीता देवी, प्रत्युष कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री से श्री बंशीधर में ट्रॉमा सेंटर व आईटीआई शुरू करने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम लिखे आवेदन विधायक अनंत प्रताप देव को देते हुए ट्रॉमा सेंटर, आईटीआई को अविलंब चालू कराने की मांग किया है। मुख्यमंत्री के नाम लिखे आवेदन में कहा गया है कि अनुमंडल मुख्यालय में वर्षो पूर्व ट्रॉमा सेंटर एवं आईटीआई प्रशिक्षण केंद्र का भवन सहित आधारभूत संरचना बनकर तैयार है, लेकिन चिकित्सा कर्मियों व प्रशिक्षकों के अभाव में बेकार पड़ा है। बता दें कि उपरोक्त दोनों कार्य इस क्षेत्र के लिये काफी महत्वपूर्ण है। 10 वर्षों के दौरान इस क्षेत्र की जनता की आवाज को अनसुना कर दिया गया। ट्रॉमा सेंटर व आईटीआई का भवन वर्षों पूर्व निर्मित होने के बावजूद आज तक चालू नही हो सका है। ट्रॉमा सेंटर के अभाव में इस क्षेत्र की जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि अंतरराज्यीय सीमा होने के कारण नगर उंटारी में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना किया गया था। चैंबर सदस्यों ने इस आशय की प्रति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री,श्रम नियोजन, प्रशिक्षण कौशल विभाग को भी दिया है। मौके पर झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव,चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर,सचिव गोपाल प्रसाद जायसवाल, हृदयानंद कमलापुरी के नाम शामिल है।

# पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी थाना क्षेत्र में बढ़ती वाहन दुर्घटनाओं और अपराधों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से पुलिस ने सोमवार को सघन वाहन जांच और एंटी-क्राइम अभियान चलाया। थाना प्रभारी रवि केशरी के निर्देश पर एसआई सुरेंद्र दुबे ने खरौंधी थाना के समीप विशेष जांच अभियान का नेतृत्व किया। अभियान के दौरान पुलिस ने ट्रिपल लोडिंग, बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों पर सख्ती बरती। साथ ही सभी वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने और आवश्यक कागजात साथ रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने को लेकर पुलिस ने अभिभावकों से अपील की कि वह अपने बच्चों को वाहन न चलाने दें और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करें। यह अभियान दुर्घटनाओं और अपराधों को रोकने के लिए चलाया गया।

## महिला ने कीटनाशक खाया



**मेराल।** थाना क्षेत्र के चेचरिया पंचायत महिला ने कीटनाशक दवा खा कर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया वहां इलाज चल रहा है। घटना को लेकर मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।

# मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के चिनियां तहले रोड स्थित वीर कुंवर के पास रविवार की देर रात मोटरसाइकिल दुर्घटना में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान धुरकी थाना क्षेत्र के कदवा उर्फ लिखनी धौरा गांव निवासी तेजू कोरवा के 22 वर्षीय पुत्र सुरंजन कोरवा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सुरंजन कोरवा अपने रिश्तेदार को पहुंचाने के लिए अपने मोटरसाइकिल से तहले गांव गया था। वह अपने घर कदवा उर्फ लिखनी धौरा वापस आ रहा था। इस दौरान वीर कुंवर के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसके सिर में गंभीर चोट लगी है। दुर्घटना की सूचना लोगों ने चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार को दिया। थाना प्रभारी ने तत्काल ही घटना स्थल पर पहुंच कर गंभीर रूप से घायल सुरंजन को एंबुलेंस से बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा। वहां डॉक्टर ने सुरंजन कोरवा को मृत घोषित कर दिया। घटना को सूचना मिलने पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी ने बताया कि अगर सुरंजन हेलमेट लगाया होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी।

# डेढ़ महीने से युवक लापता

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के डोल गांव निवासी गोवर्धन राम के 22 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार रवि पिछले डेढ़ महीने से लापता है। परिजन द्वारा काफी खोजबीन की गई, लेकिन कहीं भी संतोष का पता नहीं चला। थक कर उसके बड़े भाई राजेश कुमार रवि ने चिनियां थाना में आवेदन देकर गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। संतोष की दिमागी हालत ठीक नहीं है। संतोष भाई की जानकारी किसी को मिलने मोबाइल नंबर 6283350925 संपर्क करने का आग्रह किया है।

# मध्य विद्यालय मुकुन्दपुर में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन, सीमा बनी अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय मुकुन्दपुर में सोमवार को प्रबंधन समिति का पुर्नगठन किया गया। इसमें सीमा देवी को अध्यक्ष और रेखा देवी को संयोजिका चुना गया। इससे पूर्व पोषक क्षेत्र के 12 सदस्यों का चुनाव किया गया। रेखा देवी, बबिता देवी, शकुंतला देवी, सुरज कुमार, प्रमोद वियार, नैना कुमारी, चंदन प्रसाद, भुपेंद्र सिंह, सुनील चौबे, प्रियंका देवी को सदस्य बनाया गया। इसमें अध्यक्ष पद के लिए सीमा देवी और चंदन प्रसाद और संयोजिका के लिए रेखा देवी और प्रियंका देवी ने दावेदारी की। अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में सीमा देवी को 9 वोट और चंदन प्रसाद को 3 वोट मिला। वहीं संयोजिका के लिए हुए मतदान में रेखा देवी को 11 मत और प्रियंका देवी को मात्र एक मत प्राप्त हुआ। प्रबंधन समिति का पुनर्गठन पर्यवेक्षक प्रिंस कुमार और सीआरपी श्याम किशोर सिंह की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। इस मौके पर मुखिया मुंगा साह, वार्ड सदस्य चिंता देवी, धर्मेन्द्र सिंह, राजा प्रसाद, विद्यालय प्रभारी विजय कुमार, सुरेन्द्र ठाकुर, अजय सिंह, दिनेश गुप्ता, विवेक गुप्ता, पप्पू कुमार, माया कुंवर, सुनिता देवी, नैना देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मृतक परिवार को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने दी आर्थिक मदद

**भवनाथपुर।** प्रखंड के गरीब मुसहर परिवार में हुई एक व्यक्ति की मौत के बाद उनके क्रियाक्रम में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे समय में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज प्रसाद यादव ने परिवार की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। 29 नवंबर को अनिल मुसहर का पेड़ पर शहद छुड़ाने के दौरान गिर कर मौत हो गई थी। मृतक अनिल मुसहर के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय थी, जिससे क्रियाक्रम की व्यवस्था करना भी उनके लिए मुश्किल हो रहा था। इस परिस्थिति को देखते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान किया। मौके पर शालेंद्र यादव, समसेर अंसारी, सीता राम मेहता, मिथलेश मेहता, सुरेश राउत, अनिल, रावत, अजीत यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# ठंड में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से मजदूर परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड में ठंड का प्रभाव बढ़ने के बाद प्रशासन द्वारा चौक-चौराहों पर सरकारी स्तर पर अलाव की कोई व्यवस्था नहीं होने से मजदूर वर्ग और गरीब तबके के लोग रात में ठंड से ठिठुरने को मजबूर हैं। झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष ने बढ़ती ठंड को देखते हुए बीडीओ सह सीओ) से जल्द चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था कराने की मांग की है। हालांकि प्रशासन की ओर से अब तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने प्रशासनिक उदासीनता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ठंड के इस मौसम में गरीबों और मजदूरों के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कि यदि प्रशासन जल्द ही उचित कदम नहीं उठाता है, तो इससे गरीब वर्ग को और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। स्थानीय मजदूरों और दुकानदारों में जितेंद्र राउत, सुनील राम, प्रताप राउत, मिथलेश विश्वकर्मा, संत कुमार, तुलसी राम ने प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि सरकारी सहायता के अभाव में उन्हें रात गुजारना मुश्किल हो रहा है। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज प्रसाद यादव अंचलाधिकारी से मिलकर मांग की है कि ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाने के साथ जरूरतमंदों को कंबल और अन्य सहायता प्रदान की जाए। मांग किए एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आज तक अंचलाधिकारी द्वारा अलाव का व्यवस्था नही किया गया है।

# एक साल से है कर्पूरी चौक पर पानी का संकट



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय सहित बस पड़ाव व कर्पूरी चौक पर पानी का संकट करीब एक साल से बना हुआ है। यहां प्रखंड मुख्यालय पर आने वाले ग्रामीणों, बस पड़ाव पर ठहरे यात्रियों व कर्पूरी चौपाल पर बैठे लोगों के अलावा स्थानीय व्यवसायियों को पानी के लिए परेशानी हो रही है। झोपड़ी में होटल चलाने वाले व ठेला खोमचे वाले लोग भी पानी के अभाव में दुकान बंद करने को मजबूर हो गये हैं। गर्मी के मौसम में शुरू यह समस्या लोग अब तक झेल रहे हैं। बता दें कि प्रखंड मुख्यालय में पेयजल व स्वच्छता विभाग की ओर से तीन चापानल लगा है, जबकि प्रखंड मुख्यालय के समीप बस पड़ाव में पंचायत मद से एक चापानल लगाया गया है। कर्पूरी चौपाल पर पेयजल विभाग ने जलमीनार बनवाया है। ये सभी चापानल सहित जलमीनार भी करीब एक वर्ष से खराब है। इससे यहां के लोगों को पानी नहीं मिल रहा। बाहर से धुरकी आने वाले लोगों को अपने साथ पीने का पानी लेकर आना पड़ता है। स्थानीय व्यवसायी मनदीप प्रसाद गुप्ता, मुन्ना चंद्रवंशी, राम आशीष, युसूफ अंसारी, प्रमोद चंद्रवंशी व संजय सिंह ने बताया कि उन लोगों ने स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित विभाग के लोगों को भी कई बार इसकी जानकारी दी, लेकिन जलमीनार व चापानल की मरम्मत नहीं की गयी, ऐसे में लोग किस तरह पानी का जुगाड़ कर अपनी दिनचर्या निपटाते हैं। वहीं ठेला पर दुकान लगाने वाले ललन राम व अखिलेश राम ने बताया कि उन्होंने पानी के अभाव में अपनी दुकान बंद कर दी है। बस पड़ाव पर झोपड़ी में होटल चलाने वाली बिंदा देवी ने कहा कि वह दूर से सिर पर पानी लाकर होटल चला रही है। इस संबंध में पेयजल स्वच्छता विभाग के जेई अजीत रंजन ने कहा कि खराब पड़े चापानल की मरम्मत करायी जायेगी। जलमीनार की जांच कर मरम्मत के लिए इसकी रिपोर्ट भेजी जायेगी।

## रोजगार

## बाजार में 20 से 25 रुपए प्रति किलो बिक रहा है वन तुलसी

# ग्रामीण महिलाओं के लिए आय का साधन बना वन तुलसी का पौधा



**महिलाएं 6 घंटे में कमा ले रही है 100-200 रुपए**

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्रों में इन दिनों वन तुलसी काटने का कार्य जोरों पर चल रहा है। तुलसी काटकर उससे बीज निकाल उसे बाजारों में बेचना क्षेत्र के सुदूरवर्ती महिलाओं के लिए इन दिनों एक रोजगार बन गया है। ज्यादातर महिलाएं व बच्चे वन तुलसी झारने का कार्य में लगे हैं। वह 4 से 6 घंटे में ही 100 रुपए से 200 रुपए तक कमा ले रहे हैं। इस संबंध में सुअरजंघा गांव निवासी अजंती देवी ने बताया कि गांव में किसी तरह का रोजगार नहीं मिलता है। प्रखंड में मनरेगा सहित कई योजनाएं सरकार चला रही है, लेकिन योजनाओं में मजदूर को छोड़कर मशीनों द्वारा ही कार्य करा दिया जाता है। इस कारण वह सभी बेरोजगारों के पास वन तुलसी तोड़ने के अलावा कोई कार्य नहीं बचा है। पैसा कमाने का कोई जरिया नहीं होने पर वन तुलसी लोगों के आय का जरिया बना है। ग्रामीण रुकमणी कुंवर ने बताया कि जंगलों में अपने आप उपजा यह पौधा हम जैसे कई गरीबों के जीने का सहारा बना हुआ है। दिन में 4 से 8 किलो तक तुलसी का सूखा बीज तोड़ लेते हैं। इससे उन लोगों की कमाई 100 से 200 रुपए तक हो जाती है। इस वन तुलसी के पौधे को बाजार में 20 से 25 रुपए प्रति किलो व्यापारी के हाथों भेज देते हैं। टोरी गांव के कई आदिवासी महिलाओं ने बताया कि तुलसी से बीज झाड़ कर दाने को बाजार में बेच दिया जाता है। इसमें कोई लागत नहीं लगता। सिर्फ मेहनत करनी पड़ती है। वन तुलसी का पौधा सड़क खेत व जंगल के किनारे आसानी से अधिक संख्या में मिल जाता है।

**बिहार, उड़ीसा व कोलकाता के बाजारों में अधिक मांग है**

ग्रामीण चंदवा कुंवर,मालती देवी,भिखिया देवी,अंजली कुमारी ने संयुक्त रूप से बताया कि वन तुलसी का बीज तोड़ने का काम कई वर्षो से कर रही है। पिछले वर्ष वन तुलसी का बीज 18 से 20 रुपए प्रति किलो बिक्री हुई थी। इस बार भी रेट 20 से 25 रुपए तक है। गरीबों के लिए अपने आप उगने वाला वन तुलसी का पौधा एक से दो माह के लिए आय का बेहतर साधन साबित हो रहा है। ग्रामीण व व्यापारियों की माने तो डंडई, लवाही, रारो, बालेखाड़, पचौर, लावादोनी, टोरी, जरही,तसरार समेत दर्जनों गांव से लाखों का कारोबार होता है। व्यापारी ग्रामीणों से तुलसी का बीज खरीद कर दूसरे राज्य बिहार उड़ीसा व कोलकाता के बाजारों में बेच देते हैं।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

1.ई0–निविदा संख्या–EE/RDSD/PALAMAU-02/2024-25/RE-02P.R.No.326559

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. | प्रखण्ड मेदिनीनगर के ग्राम चियांकी पहाड़ी पर अवस्थित मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण। यूनिट–02 | 2448259.00 | 49000.00 | 5000.00 | 03 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 11.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 11.12.2024 से दिनांक 18.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 20.12.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल पलामू।

PR 341597 Rural Development(24-25)D

# जिले में बदला मौसम का मिजाज, बढ़ी ठंड

**- साइक्लोनिक सकुर्लेशन असर, पारा लुढ़का**



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में सोमवार को मौसम का मिजाज बदल गया है। साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह से लातेहार सहित जिले के कई इलाकों में सुबह हल्की बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया। तापमान में गिरावट होने की वजह से ठंड का प्रभाव बढ़ गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार सोमवार को उत्तर-पश्चिमी झारखंड को छोड़कर प्रदेश के बाकी हिस्सों में बारिश के आसार हैं। विभाग ने गढ़वा, लातेहार, पलामू और चतरा में वज्रपात होने की संभावना जतायी है। इसको लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को भी अधिकतर समय बादल छाये रहेंगे। इस दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास होगा। सुबह हल्का कोहरा रहेगा। मौसम विभाग ने कहा है कि 11 दिसंबर को मौसम साफ रहेगा। 10 दिसंबर को रांची सहित झारखंड के सभी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ की वजह से एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन तैयार हुआ है। इसके असर से पलामू प्रमंडल सहित कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। अब तापमान गिरेगा और कड़ाके की ठंड पड़ेगी। इस संबंध में झारखंड मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक बताया कि मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से ठंड में बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक रविवार देर रात से लेकर सोमवार तक झारखंड के कई जिलों में बारिश हुई। सुबह हुई बारिश की वजह से विद्यार्थियों को स्कूल जाने में काफी परेशानी हुई। खासकर ग्रामीण इलाकों के बच्चों को, जो कच्ची सड़क से जाते हैं। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और लोग घर में ही रहने को मजबूर हैं।

### कनकनी बढ़ी, अलाव की मांग

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में मौसम का मिजाज बिगड़ने के कारण इन दिनों ठंड का प्रकोप काफी बढ़ा है। सोमवार को हल्की बूंदाबांदी हुई, जिसके कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। ठंड बढ़ने से गरीब व आम जनों के साथ साथ राहगीरों के साथ समस्या बढ़ने लगी है। ठंड को देखते हुए आम जनों ने प्रखंड प्रशासन से विभिन्न चौक चौराहो पर अलाव की मांग की है। लोगों ने अंचलाधिकारी से इंदिरा गांधी चौक, सुभाष चौक, रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड,मुख्य बाजार में समेत अन्य कई स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है ताकि आम जनों को राहत मिल सके।

## अबुआ आवास चयन में बरती गई अनियमितता

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र में अबुआ आवास लाभुकों के चयन में संबंधी कर्मियों व जिम्मेवार जनप्रतिनिधियों द्वारा अनियमितता बरती जाने की बात सामने आ रही है। इस कारण प्रखंड क्षेत्र में योग्य लाभुकों को आवास जैसी महत्वाकांक्षी योजना के लाभ से वंचित रहना पड़ रहा है। योग्य लाभुक नित्य दिन प्रखंड कार्यालय व जिम्मेवार जनप्रतिनिधियों के पास चक्कर लगाने को मजबूर हैं। गैर जिम्मेवार जनप्रतिनिधि योग्य लाभुकों को अबकी बार आएगा तो मिलेगा कह कर अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ते नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर जिम्मेवार पदाधिकारियों को गरीबों के दु:ख दर्द से कोई सरोकार नहीं है।

## जिला क्रिकेट लीग का उद्घाटन आज

**लातेहार।** जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर जिला क्रिकेट लीग 2024-25 का उद्घाटन 10 दिसंबर 2024 को जिला खेल स्टेडियम में दिन के 9 बजे से किया जाएगा। उद्घाटन मैच एलसीए रेड तथा आरएससीसी बलूमाथ के बीच खेला जाएगा। उद्घाटन के मुख्य अतिथि जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार तथा विशिष्ठ अतिथि संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह होंगे। सभी संघ के सदस्य, पदाधिकारी, क्रिकेट प्रेमियों से आग्रह किया गया है कि निर्धारित समय पर जिला खेल स्टेडियम पहुंचकर क्रिकेट लीग को सफल बनाएं। यह जानकारी संघ के सचिव अमलेश सिंह ने दी।

## न्यूज बॉक्स

### सरसों, मकई व मूंगफली की चोरी

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित फूलसु रोड लाइन के समीप बारियातू निवासी ओमप्रकाश प्रसाद पिता अवधेश प्रसाद साहू व दिलीप प्रसाद पिता अवधेश प्रसाद साहू के घर से अज्ञात चोरों ने घर के चाहरदीवारी के अंदर लांघ कर इंडक्शन चूल्हा सहित लगभग दो क्विंटल मक्का डेढ़ क्विंटल सरसों, 50 किलो मूंगफली की चोरी कर लिया। इस घटना के संबंध में भुक्तभोगी ओम प्रकाश प्रसाद ने बताया कि उक्त सामान एक अल्बेस्टर वाले कमरे में रखा हुआ था। जिसे चारहदीवारी अंदर लांघ कर अज्ञात चोरी कर ली। सुबह 4 बजे उठने गर्म पानी करने के लिए कमरा में गया तो देखा कि इंडक्शन चूल्हा गायब था। जब पत्नी सुबह उठी तो उसने देखा कि अल्बेस्टर वाले कमरे से सरसों,मकई व मूंगफली का बोरी भी गायब था। पीड़ित परिवार ने थाना में आवेदन देने कि बात कही।

### आधार सीडिंग को लेकर प्रज्ञा केंद्रों में बढ़ी भीड़



**महुआडांड़।** राशनकार्ड में ईकेवाईसी और आधार सीडिंग को लेकर प्रज्ञा केंद्र एंव जनवितरण दुकानों में राशन कार्डधारियों की भीड़ बढ़ गई। लोग कई घंटों तक लाइन लगाकर अपने बारी का इंतजार कर रहें है। जब से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एंव झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित राशन कार्डधारियों का आधार सीडिंग, केवाईसी, आयुष्मान कार्ड निर्गत एंव छुटे हुए लाभुकों को ग्रीन कार्ड राशनकार्ड निर्गत का निर्देश जनवितरण दुकानदारों और आधार कार्ड सेन्टर सहित प्रज्ञा केंद्र को मिला है। तब से ग्रामीण आधार सीडिंग,केवाईसी नये ग्रीन राशनकार्ड के बनाने के लिए जनवितरण के दुकान और प्रज्ञा केंद्र का चक्कर काट रहे है। घटों के इंतजार के बाद लाइन लगाकर अपने बारी का आने के बाद काम कराकर ही जा रहे है।

# 118 छात्र-छात्रों के बीच साइकिल का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शिक्षा विभाग द्वारा आठवीं वर्ग के 118 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल विततरण किया गया। इसमे अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय फूलबसिया, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनातू, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेसरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोंटी एवं हेसला मे अध्ययनरत अष्टम वर्ग के सभी विद्यार्थियों को उन्नति के पहिया योजना अंतर्गत निः शुल्क साइकिल वितरण किया गया। निः शुल्क साइकिल पाकर बच्चें काफी खुश नजर आए। शिक्षा विभाग के प्रखंड (एमआईएस) समन्वयक नीतीश कुमार व शिक्षक चंद्रप्रकाश पांडेय, राजेश कुजूर, मिथलेश मेहता व उपस्थित छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उन्होंने कहा कि साइकिल वितरण से छात्रों को विद्यालय जाने में सुविधा होगी।

## पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना पुलिस ने अपराध की रोकथाम को लेकर सोमवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान बालूमाथ थाना गेट के सहित विभिन्न जगह पर पुलिस ने बाइक व चार चकिया वाहनों का बारीकी से जांच की। पुलिस ने बाइक व चार चक्का वाहन का डिक्की को खोल कर जांच किया। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर यह वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस क्षेत्र में होने वाले अपराध को रोक सके। उन्होंने क्षेत्र के आम लोगों से आग्रह किया कि किसी भी अपरिचित अज्ञात लोग अगर घरों के आसपास रहते हैं, और उनका रहन-सहन संदेहास्पद है तो इसकी जानकारी पुलिस को अवश्य दें। जिससे समय पर रहते वैसे संदिग्ध लोगों को पहचान की जा सके। साथ ही अप्रिय घटना नहीं हो। वाहन जांच के दौरान थाना पुलिस के अधिकारी व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# तेज रफ्तार हाइवा ने युवक को रौंदा, मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** पांकी मुख्य मार्ग पर सोमवार की सुबह हेरहंज थाना क्षेत्र के हूंबू पेट्रोल पंप के पास हाइवा की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान हेरहंज थाना क्षेत्र के हूंबू ग्राम अंतर्गत हाटाटोंगरी टोला निवासी हेमराज राम के पुत्र नीरज कुमार उर्फ प्रमोद राम के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने प्राथमिक जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में मृतक युवक के चाचा राकेश कुमार भारती ने बताया कि उसका भतीजा नीरज कुमार अपने छोटे भाई को हूंबू ग्राम स्थित विद्यालय में छोड़कर अपना घर लौट रहा था। इस दौरान पीछे से एक अनियंत्रित तेज रफ्तार हाइवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इससे वह एक पेड़ से टकराते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मृतक हेमराज राम के तीन पुत्रों में बड़ा पुत्र था। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। फिलहाल इस घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दे दी गई है। इस आधार पर थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## बंदोबस्त जमीन को ऑनलाइन कराने के लिए किसानों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत ग्राम चटुआग के दर्जनों किसानों ने सोमवार को पंचायत समिति सदस्य अयुब खान की अगुवाई में अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर अपने बंदोबस्त जमीन की ऑनलाइन रसीद कटवाने के लिए आवेदन सौंपा है। किसानों ने सीओ को दिए आवेदन में कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा जमीन की बंदोबस्त कर पर्चा दिया गया है। जिस पर करीब तीन दशक से शांतिपूर्वक दखल कब्जा है। इस भूमि पर खेती गृहस्थी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। खेती गृहस्थी पर ही हमारे परिवार आश्रित हैं। जमीन की ऑनलाइन रसीद नहीं होने के कारण हमारे परिवार को काफी असुविधा हो रही है। सीओ ने कहा कि इस मामले पर अंचल निरीक्षक से जांच कराई जाएगी। मौके पर किसान सनिका मुंडा, गब्रेल बरजो, अनिल मुंडा, बुधराम बारला, एनम संगा, गगाराम मुंडा, किशुन राय मुंडा, बिरसा मुंडा, पंडा मुडा, बेने तोपनो, महादेव मुंडा,कारम मुंडा, विजय बारला,नयन भेंगरा, अनुप बारला,बराय भेंगरा, विजय भेंगरा,मुन्ना मुंडा व अन्य शामिल थे।

# तय समय में योजनाओं को पूरा करें : उपायुक्त

**▸▸ डीएमएफटी, एससीए के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार मे डीएमएफटी,एससीए की राशि से जिले में कराये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक व वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। बैठक में उपायुक्त ने कार्य की प्रगति केसंबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किए जा रहे स्कूल बाउंड्री निर्माण, पीसीसी पथ निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र जीर्णोद्धार आदि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयावधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया। एससीए के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में कहा कि एजेंसियां आपस में समन्वय स्थापित करते हुए शेष बचे कार्यों का जल्द पूरा करें। जिससे योजनाओं से जल्द लोगों को लाभ मिल सके। इसके अलावा पीसीसी सड़क, पुलिया निर्माण, तालाब, विद्यालय समेत अन्य संचालित योजनाओं को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अब तक हुए कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को कई निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू, प्रभारी पदाधिकारी, एससीए श्रेयांश संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, सबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 12 वर्ष से अधूरा है पेक्सा सलिमपुर सड़क निर्माण, ग्रामीण परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के सलिमपुर से पेक्सा तक करीब पांच किलोमीटर सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत किया जा रहा है। सड़क का निर्माण वित्तीय वर्ष 2012-13 में प्रारंभ किया गया। निर्माण कार्य जेपी कंस्ट्रक्शन हजारीबाग द्वारा की जा रही है। परंतु संवेदक की लापरवाही के कारण पिछले 12 वर्षों से सड़क का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। यहां तक कि संवेदक द्वारा पेक्सा गांव में करीब दो किलोमीटर तक पीसीसी का निर्माण पांच वर्ष पहले कर दिया गया है। पीसीसी जर्जर हो गई है। कई जगह गिट्टी निकल आए हैं। तीन किलोमीटर सड़क का निर्माण आज भी अधूरा है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क से कान्हाचट्टी,सदर व गिद्धौर प्रखंड के अधिकांश गांव के ग्रामीण आवागमन करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक द्वारा वन भूमि का बहाना बनाकर सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया है। ग्रामीणों ने ग्रामीण विकास विभाग से उक्त सड़क की निर्माण जल्द करवाने के साथ-साथ संवेदक को काली सूची में डालने की मांग किया है।

## ट्रिपल लोडिंग, बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों पर होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी

**महुआडांड़।** सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन चालकों की हो रही मौतों को देखते हुए नेतरहाट पुलिस विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य हेलमेट पहनने का प्रतिशतता बढ़ाना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौत हेलमेट नहीं पहनने की वजह से होती हैं। बिना हेलमेट के सड़क पर वाहन चलाना सिर पर गंभीर चोट का कारण बनता है, जो जानलेवा हो सकता है। नेतरहाट प्रशासन नेतरहाट ग्रामीण एवं नेतरहाट घूमने आने वाले पर्यटकों से अनुरोध किया है कि हेलमेट पहनने के प्रति जागरूकता फैलाएं और लोगों को हेलमेट के महत्व के संबंध में ज्यादा जानकारी दें। नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा विशेष हेलमेट जांच अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत यातायात पुलिस की टीम सड़कों पर दोपहिया वाहन चालकों की जांच करेगी और बिना हेलमेट पाए जाने पर जुर्माना लगाया जाएगा। यह अभियान सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने के साथ ही लोगों में नियमों का पालन करने की आदत डालने का प्रयास करेगा।

**महिला अधिकारों और कानूनी सुरक्षा की जानकारी दी**

# महिलाएं किसी भी उत्पीड़न का विरोध करें : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** शहर के मुख्यमंत्री जिला उत्कृष्ठ बालिका विद्यालय में सोमवार को महिला अपराध और मोटर वाहन जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी ने महिलाओं से किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का डटकर विरोध करने का आह्वान किया।

थाना प्रभारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए घरेलू हिंसा की विभिन्न प्रकारों–शारीरिक, भावनात्मक, मौखिक, आर्थिक और यौन दुर्व्यवहार–की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अक्सर घरेलू हिंसा में परिवार के ही लोग शामिल होते हैं, जिससे पीड़ित महिलाएं शिकायत दर्ज कराने में हिचकिचाती हैं। उन्होंने महिलाओं को इस मानसिकता से बाहर निकलने और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने पर जोर दिया।

थाना प्रभारी ने कहा कि ₹प्रत्येक महिला को सम्मानजनक और गरिमामय जीवन जीने का अधिकार है। घरेलू हिंसा या किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का इसमें कोई स्थान नहीं है।₹ उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि यदि कोई महिला घरेलू, पारिवारिक या कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का शिकार होती है, तो वह महिला थाने में शिकायत दर्ज करा सकती है।

थाना प्रभारी ने महिला उत्पीड़न के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न कानूनों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून का सहारा लेकर महिलाएं अपनी समस्याओं का समाधान पा सकती हैं।

कार्यक्रम में महिला थाना की एएसआई रीता देवी, इंदू देवी, विनोद कुमार सिंह, और महिला हवलदार प्रमिला देवी के साथ विद्यालय की प्राचार्य ज्योति ज्योत्सना और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनके भीतर आत्मविश्वास पैदा करना था।


**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

69वीं औपबंधिक सूची
जिला–गढ़वा (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी संजय कुमार सिंह, निर्मल पासवान एवं मंदिप कुमार रवि के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–96/24<br>2. आवेदक–मदन सिंह, पिता–श्रीनाथ सिंह<br>3. ग्राम–मगरदह, पोस्ट–नगरउटाँरी, थाना–नगरउटाँरी, प्रखण्ड–नगरउटाँरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–97/24<br>2. आवेदक–कमला सिंह, पिता–स्व0 देवनाथ सिह<br>3. ग्राम–मगरदह, पोस्ट–नगरउटाँरी, थाना–नगरउटाँरी, प्रखण्ड–नगरउटाँरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाय गाल पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–98/24<br>2. आवेदक–धर्मेन्द्र प्रताप देव, पिता–राजेश्वर प्रताप देव<br>3. ग्राम–बमनी, पोस्ट–महदेईया, थाना–नगरउटाँरी, प्रखण्ड–नगरउटाँरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–99/24<br>2. आवेदक–लालेश्वर सिंह, पिता–रामाधार सिंह<br>3. ग्राम–चन्द्री मझिआँव, पोस्ट–चन्द्री मझिआँव, थाना–मझिआँव, प्रखण्ड–मझिआँव<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–100/24<br>2. आवेदक–विकेश कुमार सिंह, पिता–अवध किशोर सिंह<br>3. ग्राम–सलसलाही, पोस्ट–अधौरा, थाना–नगरउटाँरी, प्रखण्ड–नगरउटाँरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–101/24<br>2. आवेदक–देवेन्द्र सिंह, पिता–रामविलास सिंह<br>3. ग्राम–सलसलाही, पोस्ट–अधौरा, थाना–नगरउटाँरी, प्रखण्ड–नगरउटाँरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–102/24<br>2. आवेदक–विपिन बिहारी सिंह, पिता–स्व0 सागर सिंह<br>3. ग्राम–भैंसबेढ़वा, पोस्ट–भोजपुर, थाना–नगरउटाँरी, प्रखण्ड–नगरउटाँरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–103/24<br>2. आवेदक–प्रशान्त कुमार देव, पिता–शम्भु प्रताप देव<br>3. ग्राम–पतरिहा, पोस्ट–मधैया, थाना–नगरउटाँरी, प्रखण्ड–नगरउटाँरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–104/24<br>2. आवेदक–संतोष कुमार सिंह, पिता–श्री नाथ सिंह<br>3. ग्राम–मंगरदह, पोस्ट–नगर उंटारी, थाना–नगर उंटारी, प्रखण्ड–नगर उंटारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–कमर पर जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–105/24<br>2. आवेदक–जितेन्द्र सिंह, पिता–रामजन्म सिंह<br>3. ग्राम–सिंहपुर, पोस्ट–केतार, थाना–भवनाथपुर, प्रखण्ड–केतार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–106/24<br>2. आवेदक–मथुरा राम, पिता–स्व0 हरि किशुन राम<br>3. ग्राम–पाल्हे कला, पोस्ट–पाल्हे कला, थाना–नगर उंटारी, प्रखण्ड–उंटारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–सिर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–107/24<br>2. आवेदक–अरविन्द कुमार सिंह, पिता–बच्चन सिंह<br>3. ग्राम–हरिहपुर, पोस्ट–हरिहपुर, थाना–भवनाथपुर, प्रखण्ड–कांकी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–108/24<br>2. आवेदक–चनोइया देवी, पति–नगीना राम<br>3. ग्राम–सलसलादी, पोस्ट–अधौरा, थाना–नगर उंटारी, प्रखण्ड–नगर उंटारी<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–109/24<br>2. आवेदक–उदय सिंह, पिता–जगरनाथ सिंह<br>3. ग्राम–सलसलादी, पोस्ट–अधौरा, थाना–नगर उंटारी, प्रखण्ड–नगर उंटारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–सिर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–110/24<br>2. आवेदक–नरेन्द्र सिंह, पिता–दयानंद सिंह<br>3. ग्राम–सलसलादी, पोस्ट–अधौरा, थाना–नगर उंटारी, प्रखण्ड–नगर उंटारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–सिर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–111/24<br>2. आवेदक–रमेश राम, पिता–नथुनी राम<br>3. ग्राम–चचेरिया, पोस्ट–नगर उंटारी, थाना–नगर उंटारी, प्रखण्ड–नगर उंटारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–सिर पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–112/24<br>2. आवेदक–रंजन विश्वाकर्मा, पिता–स्व0 शंभु नारायण विश्वाकर्मा<br>3. ग्राम–जंगीपुर, पोस्ट–नगर उंटारी, थाना–नगर उंटारी, प्रखण्ड–नगर उंटारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–113/24<br>2. आवेदक–सुशील कुमार सिंह, पिता–अम्बिका सिंह<br>3. ग्राम–सलसलादी, पोस्ट–अधौरा, थाना–नगर उंटारी, प्रखण्ड–नगर उंटारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित एवं सुविख्यात झारखण्ड आन्दोलनकारी कबुतरी देवी के द्वारा पहचान तथा अलग राज्य आन्दोलन से संबंधित बैठक पंजी में नाम। | |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–114/24<br>2. आवेदक–विधा राम, पिता–परमेश्वर राम<br>3. ग्राम–मकरी, पोस्ट–मकरी, थाना–भवनाथपुर, प्रखण्ड–भवनाथपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–115/24<br>2. आवेदक–विजय राम, पिता–सुनेश्वर राम<br>3. ग्राम–रपुरा, पोस्ट–मझिगावाँ, थाना–भवनाथपुर, प्रखण्ड–भवनाथपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–116/24<br>2. आवेदक–गोपाल राम, पिता–रामेश्वर राम<br>3. ग्राम–रपुरा, पोस्ट–मझिगावाँ, थाना–भवनाथपुर, प्रखण्ड–भवनाथपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–117/24<br>2. आवेदक–राम कृष्ण राम, पिता–अन्तु राम<br>3. ग्राम–रपुरा, पोस्ट–मझिगावाँ, थाना–भवनाथपुर, प्रखण्ड–भवनाथपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–118/24<br>2. आवेदक–सुरेश प्रजापति, पिता–स्व0 जगु प्रजापति<br>3. ग्राम–रपुरा, पोस्ट–मझिगावाँ, थाना–भवनाथपुर, प्रखण्ड–भवनाथपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कान के निचे मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रधन महतो एवं नन्दलाल प्रसाद मेहता के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–119/24<br>2. आवेदक–गायत्री जायसवाल, पति–स्व0 राजेन्द्र प्रसाद<br>3. ग्राम–कलवार मुहल्ला, गढ़वा, पोस्ट–गढ़वा, थाना–गढ़वा, प्रखण्ड–गढ़वा<br>4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आँख के किनारे कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–120/24<br>2. आवेदक–नन्द किशोर मेहता, पति–अनंत प्रसाद<br>3. ग्राम–जाटा, पोस्ट–कल्याणपुर, थाना–गढ़वा, प्रखण्ड–गढ़वा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कान के नीचे कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।
4. इस सूची के शेष आवेदकों को अगले चरण में प्रकाशित किया जायेगा।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 341511 (Home) 24-25 (D)

### पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम पर उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

# समाज और देश के विकास में आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका महत्वपूर्ण : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण 2.0 के तहत 'पोषण भी, पढ़ाई भी' कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला परिषद कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में उप-विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि समाज और देश के विकास में आंगनवाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा की आधारशिला रखा जाती है। गर्भवती महिला के नियमित जांच व पोषण, पोषाहार के जरिये स्वस्थ शिशु का ध्यान रखा जाता है। जन्म के बाद बच्चों को पोषाहार, कुपोषण की जांच, पोषणयुक्त आहार के जरिये स्वस्थ्य शिशु की पौध तैयार की जाती है। इसके साथ-साथ विद्यालय जाने से पहले आंगनवाड़ी केंद्र में ही बच्चों को प्रारंभिक साक्षरता का पाठ पढ़ाया जाता जाता है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका का कार्य देश के भविष्य को गढ़न में बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्थानीय भाषा में पढ़ाया जाना चाहिए। इसी प्रकार पीवीटीजी जैसे जनजातीय क्षेत्रों में भी उनकी संस्कृति व उनके तौर-तरीकों के साथ समन्व्यय बनाते हुए पढ़ाया जाना चाहिए। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा समेत अन्य मौजूद थे।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि आज प्रशिक्षण के जरिये सभी मास्टर टेज्नर्स ( सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और महिला पर्यवेक्षिका) लाभ उठाएं और गहनता से प्रशिक्षण प्राप्त करें। आज राष्ट्रीय स्तर पर बात की जाय तो राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में आंगनवाड़ी केंद्रों और शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बेहतर कार्य हो रहा है। हमें उस मॉडल पर काम करने की जरूरत है।



## प्रखंडों में 11 से 18 तक प्रशिक्षण का होगा आयोजन : सीता पुष्पा

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने बताया कि आज के उन्मुखीकरण कार्यशाला के बाद मास्टर ट्रेनर्स (सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षिका) द्वारा आंगनवाड़ी सेविकाओं के क्षमतावर्द्धन के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। आंगनवाड़ी केंद्रों में 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की प्रारंभिक देख और शिक्षा के बेहतर क्रियान्वयन को विस्तार दिया जा रहा है। इसी अवधारना के साथ नव चेतना और आधारशिला नामक दो पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। नवचेतना जन्म से तीन वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था प्रोत्साहन तथा आधारशिला 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग समावेशन और रेफरल की प्रक्रिया भी शामिल है।

# राष्ट्रीय पंचायत सम्मान समारोह में भाग लेने के लिए बीरेंद्र दिल्ली रवाना



**कैरो/ लोहरदगा।** 11 दिसंबर को न्यू दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत सम्मान समारोह में भाग लेने कैरो प्रखंड के मुख्यालय पंचायत के मुखिया बीरेंद्र महली एवं पंचायत सहायक सोमवार को न्यू दिल्ली के लिए रवाना हुए। विदित हो कि 8 अक्टूबर 2024 को महिला हितैषी पंचायत चयन को लेकर केंद्रीय टीम के पंचायती राज्य पदाधिकारी संचिका पांडे, त्रिलोक कुमार, गोल्डी राणा एवं सूरज कुमार के द्वारा महिला हितैषी पंचायत निर्माण के लिए मानक आधारों का निरीक्षण किया गया था। महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि। जिसके आधार पर कैरो पंचायत का चयन किया गया हैं। मुखिया बीरेंद्र महली ने जानकारी दिया कि आने वाले दिनों में महिलाओं के विकास के लिए पंचायत में कई योजना का संचालन किया जाएगा एवं शोषण मुक्त समाज बनेगा।
एस पी आर सी आदित्या रंजन ,कैरो मुखिया बीरेंद्र महली सहित झारखंड के विभन्न पंचायत से मुखिया नरेश पासवान, शामिल हैं।

## लोहरदगा को है विकास का इंतजार

**लोहरदगा।** लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के बाद लोहरदगा से कांग्रेस के सांसद सुखदेव भगत एवं लोहरदगा से निर्वाचित विधायक रामेश्वर उरांव विधिवत सक्रिय हो गए हैं। लोहरदगा लोकसभा से हेमंत सोरेन की सरकार में दो कैबिनेट मंत्री क्रमशः बिशनपुर बॉक्साइट से अच्छादित क्षेत्र से चमरा लिंडा (झामुमो) तथा मांडर से शिल्पी नेहा तिर्की (कांग्रेस) बनाए गए हैं। लोहरदगा जिला का संपूर्ण सेन्हा प्रखंड और भंडारा प्रखंड के पांच पंचायत बिशनपुर विधानसभा क्षेत्र में आते हैं। मांडर विधानसभा के कुडू प्रखंड और भंडरा प्रखंड के चट्टी के घेरे में है। जनता ने तो अपना फैसला सुना दिया है, अब बारी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार

### प्रेस विज्ञप्ति

मेसर्स जयंत इंटरप्राईजेज, भवनाथपुर, जिला गढ़वा, संवेदक को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का पत्रांक 284 दिनांक 20.05.2021, पत्रांक 425 दिनांक 29.05.2021, पत्रांक 1116 दिनांक 15.12.2021, प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 148 (अनु0) दिनांक 16.02.2023 एवं 1066 (अनु0) दिनांक 05.10.2023 के द्वारा बार–बार सूचना के बावजूद भी आपके द्वारा निर्माण कार्य आज तक पूर्ण नही किया गया है। एकरारनामा के शर्तो के अनुसार आपके एकरारनामा को विखण्डन एवं निबंधन को कालीसूची में डालने की कार्रवाई करने के पूर्व आपके द्वारा किये गये कार्यो का अद्यतन अंतिम मापी निम्न सूची के अनुसार दर्ज तिथि को संबंधित कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता द्वारा ली जायेगी। उक्त तिथि को आप या आपके द्वारा प्रतिनियुक्त प्राधिकृत प्रतिनिधि स्थल पर उपस्थित रहेंगें। अगर उपस्थित नही रहते हैं तो भी अंतिम मापी ले ली जायेगी जो आपको मान्य होगा एवं भविष्य में आपके द्वारा किया गया किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।

| क्र0 | योजना का नाम | संवेदक का नाम | कार्य पूर्ण करने की तिथि | अंतिम मापी की तिथि | मापी करने वाले अभियंताओं का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | डोरम से तेनुवा भाया उबका तक पथ निर्माण कार्य। | मेसर्स जयंत इंटरप्राईजेज, जिला – गढ़वा | 05.06.19 | 11.12.2024 | श्री बिनकोष खेस्स, कनीय अभियंता। श्री अवधेष कुमार, सहायक अभियंता |

एकरारनामा के समय दिये गये पते पर भी इसकी एक प्रति भेजी जा रही है।
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार
PR 341592 (REO)24-25*D


# बेलगाम हो गए है टेम्पो चालक हादसों को देते हैं निमंत्रण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शहर में टेंपो वाले बेलगाम हो गए है। आए दिन शहर में जैसे तैसे बीचों-बीच टेंपो लगाकर ट्रैफिक जाम करते हैं। प्रशासन के पास इनका कोई इलाज नही है। शहरी क्षेत्र में जितना टेंपो चल रहा है उनमें से अधिकांश के पास में लाइसेंस नहीं है और ना ही चलने का उनके पास में कोई तौर तरीका है। जिसके कारण आम जनता बहुत परेशान है। महिला कॉलेज के पास, बरवा टोली चौक, पावरगंज चौक, बस स्टैंड साइडिंग में इनकी लापरवाही को कभी भी देखा जा सकता है। टेम्पो को आधे तिरछे लगा देते हैं। जिसके कारण रोड बाधित होता है, ट्रैफिक जाम होता है। इसपर प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है। बेतरतीब तरीके से वाहन चलाने वाले टेम्पो चालको पर लगाम लगाने की जरूरत है। टेंपो वालों के लाइसेंस की जांच होना चाहिए। टेम्पो पर बैठा सवारी अक्सर दाहिना साइड से उतरता है और दूसरा गाड़ी वाला धक्का मार देता है। जिसके कारण आए दिन एक्सीडेंट होते रहता है। बहरहाल लोहरदगा शहर में बेतरतीब तरीके से चल रहे टेम्पो को कोई रोकने वाला नहीं है। आम पब्लिक अगर बोलता है तो उनसे लड़ने के लिए तुरंत उतारू हो जाते हैं। लोहरदगा नगर परिषद प्रशासन व पुलिस प्रशासन को इसपर ध्यान देने की जरूरत है।

# संवेदक पीसीसी पथ का निर्माण गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करें : रीना भगत

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा (लोहरदगा)**
प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत कलेहपाट ग्राम में जहुर अंसारी के घर से मस्जिद तक पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत और जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव तथा गांव के पहान पुजार के द्वारा किया गया। वही जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने कहा कि पीसीसी कार्य का शिलान्यास हो गया है। संवेदक इसको गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण पूरा करें। सेन्हा प्रखंड जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि गांव में बरसात के समय कीचड़ होने के कारण आवागमन में परेशानी हो रही थी। जिसे काफी समय से पीसीसी पथ का मांग ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा था। जिसे पीसीसी पथ बन जाने से ग्रामीणों की समस्याएं खत्म हो जाएगी। पीसीसी निर्माण के लिये जिला परिषद मद से योजना की स्वीकृति मिली जिसे संवेदक के माध्यम से कार्य कराने की जिम्मेवारी दिया गया है। साथ ही बताया कि जिला परिषद विभाग द्वारा 15 वें वित्त योजना अन्तर्गत यह कार्य लगभग 22 लाख रुपये की लागत से पीसीसी पथ निर्माण कराया जा रहा है। संवेदक को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणों के हित में कार्य को शीघ्र प्रारंभ करें जिसे लोगों को आवागमन में परेशानी न हो।




## कार्यालय जिला परिषद, चतरा

(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)
ई–निविदा सूचना संख्या – 19/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :– डी0एम0एफ0टी0 (501 / विकास, दिनांक 08.10.24)

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | चतरा | चतरा | सिमा | लखन सिंह (प्रभु राम) के घर से शिव मंदिर होते हुए सती स्थान तक पीसीसी पथ एवं गार्डवाल निर्माण। | 5993700 | 10000 | 120000 | 06 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 14 / 12 / 2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 16.12.2024 से 23.12.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 26.12.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।
PR.NO.341571 District(24-25):D


# सेन्हा में यूथ मोबलाइजेशन कैम्प का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा (लोहरदगा)**
प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत जेएसएलपीएस द्वारा यूथ मोबलाइजेशन कैम्प का आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के लगभग 30 युवक-युवतियों को जिला युवा कौशल विभाग के विपिन कुमार द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा युवक युवतियों का सर्वांगीण विकास के लिये पंडित दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के वैसे युवक युवतियां जो किसी कारणवश पढ़ाई छोड़ बेरोजगार हैं। वैसे लोगों के लिये पंडित दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा मौका है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्किल डेबलपमेंट योजना से जुड़ कर प्रशिक्षण के उपरांत स्वरूचि अनुसार रोजगार कर भविष्य संवार सकते हैं। साथ ही बताया कि नर्सिंग, सिलाई, कम्प्यूटर, इलेक्ट्रिशियन, रिटेल सेल्स एसोशिएट, सहायक इलेक्ट्रिशियन सहित अन्य कार्यो का प्रशिक्षण निशुल्क दिया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान सभी तरह की सुविधाएं दी जाती है। वहीं इच्छुक युवक युवतियों से जुड़ने के लिये सम्पर्क करने का निर्देश दिया गया।



# कंपनी की मनमानी रोकने के लिए एसोसिएशन हुआ मुखर, दी आंदोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन, झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक आंनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक आंनर एसोसिएशन विमरला की एक संयुक्त बैठक पतराटोली बिजली ऑफिस के समीप हुई। बैठक में सभी एसोसिएशन ने एक स्वर से कंपनी की मनमानी रोकने के लिए संयुक्त प्रयास करने की बात कही गई एवं सरकार के द्वारा बिना वजह 15 वर्ष पुराने ट्रकों को परमिट नहीं दिया जा रहा है, जिसको लेकर परिवहन मंत्री, परिवहन सचिव एवं अन्य अधिकारियों से एसोसिएशन के पदाधिकारी मुलाकात करेंगे एवं लातेहार एम.वी.आई के द्वारा फिटनेस नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में भी आला अधिकारियों को इसकी शिकायत की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से चर्चा के दौरान कंपनी द्वारा समझौते के मुताबिक ट्रीप नहीं मिल रहा है एवं कंपनी कागजात के नाम पर बेवजह ट्रक मालिकों को परेशान कर रही है और एसोसिएशन का साफ कहना है कि जितने ट्रिप पर समझौता हुआ उतना ट्रिप कंपनी दे अन्यथा हम लोगों को कम ट्रिप मिलने की ऐवज में हजार्ना का भुगतान करें।


## कार्यालय जिला परिषद, चतरा।

(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)
ई–निविदा सूचना संख्या – 18/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी: डी0एम0एफ0टी0 (501 / विकास, दिनांक 08.10.24)

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | चतरा | चतरा | सिमा | हफुआ उच्च विद्यालय के प्रथम तल पर 04 वर्ग कक्ष निर्माण। | 3789600 | 5000 | 76000 | 06 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 14 / 12 / 2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 16.12.2024 से 23.12.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 26.12.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।
PR 341569 District(24-25)D


# सदन में विपक्ष के नेता के चुनाव में विलंब शुभ संकेत नहीं : त्रिवेणी दास

**लोहरदगा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता त्रिवेणी दास ने कहा कि षष्ठी झारखंड विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। यह सत्र 9 से 12 दिसंबर तक चलेगा। राज्य गठन के बाद विधानसभा में महिलाओं का सबसे अधिक-संख्या-बल विशेष अर्थ रखेगा। इस बार विभिन्न दलों से 12 महिलाएं चुनाव जीत कर आई हैं। संख्या बल के गणित से सत्ता पक्ष अतिरिक्त बलशाली रहेगा जबकि विपक्ष की संख्या अपेक्षाकृत कम है। सत्ता पक्ष की ओर से 56 विधायक रहेंगे तो विपक्ष की ओर से 25 विधायक। इस बार कोई निर्दलीय विधायक सदन में नहीं है। इंडिया गठबंधन की ओर से झामुमो के 34, कांग्रेस के 16, राजद के 4 और माले के 2 विधायक हैं। विपक्ष एनडीए में भाजपा के 21, जदयू एक, लोजपा एक और आजसू के एक विधायक हैं। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जयराम महतो हैं। जयराम ने स्पष्ट कर दिया है कि वह सरकार की अच्छी नीतियों का ही समर्थन करेंगे, अन्य मुद्दों पर विरोध रहेगा।

# सेन्हा विद्या मंदिर के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सेन्हा (लोहरदगा)।** लोहरदगा स्थित मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती इंटर महाविद्यालय में आयोजित संकुल स्तरीय बालक बालिका व्यक्तित्व कार्यक्रम में सेन्हा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र छात्राएं लिया भाग। आयोजित कार्यक्रम के दौरान गुमला विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार संकुल प्रमुख बिपिन कुमार दास की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि संकुल के सभी आठ विद्यालय के 86 भैया बहन कार्यक्रम में शामिल हुए। जिसमे छात्र छात्राओं को संयुक्त रूप से व्यक्तित्व विकास को प्रभावकारी एवं विकसित करने हेतु विशेष उद्बोधन झारखंड प्रांत के संघ संचालक सच्चिदानंद अग्रवाल के द्वारा बताया गया।इस अवसर पर कई इवेंट कराया गया।जिसमे शिशु वर्ग के लिए बैलून फोड़ प्रतियोगिता,100 मीटर दौड़,म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में भैया अमृत का प्रथम स्थान एवं अग्नि रहित पाक कला में बहन अंशु और शिवानी को प्रथम स्थान साथ ही साथ शिशु वर्ग बैलून प्रतियोगिता में भैया अनिकेत कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विजेता प्रतिभागी को बधाई दिया और विद्यालय प्रबंध समिति के अधिकारियों द्वारा बच्चों की उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामना की गई।

### संकुल स्तरीय बालक/बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग का आयोजन

# बच्चे पढ़ाई के साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान दें : सच्चिदानंद लाल अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में संकुल स्तरीय बालक/बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास, सुंदरी देवी के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, विद्या मंदिर कैरो के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, विद्या मंदिर सेंहा के प्रधानाचार्य विमलेश तिवारी, विद्या मंदिर कुडू के प्रधानाचार्य रुपेश कुमार सिंह, बड़कीचापी के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी के द्वारा सामूहिक रूप से सरस्वती माता, ॐ और भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथि परिचय और स्वागत प्रीति कुमारी गुप्ता ने किया। गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार ने कहा कि बालक-बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग के अंतर्गत भैया-बहनों में 'कर के सीखने' की प्रवृत्ति और सर्वांगीण विकास किया जाता है। कार्यक्रम में कुल 107 की उपस्थित रही।



बौद्धिक सत्र में प्रांतीय संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा कि भैया-बहनों के लिए पढ़ाई के अलावा व्यक्तित्व का विकास करना अत्यंत आवश्यक है। हमें विपरीत परिस्थितियों में घबराना नहीं चाहिए और दूसरों के प्रति सम्मान, सहानुभूति व सहयोग की भावना रखनी चाहिए। द्वितीय सत्र में शिशु वर्ग के भैया के बीच में प्रातः स्मरण, बाल वर्ग के भैया के बीच हिंदी प्रार्थना, किशोर वर्ग के भैया के बीच संस्कृत वंदना व तरुण वर्ग के भैया के बीच वंदे मातरम पर अभ्यास सत्र रखा गया। द्वितीय सत्र में महाविद्यालय की जीव विज्ञान की आचार्या यशोदा कुमारी ने बहनों को मासिक धर्म और उसमें बरतने वाली सावधानियां को बतायो तृतीय सत्र में शिशु वर्ग में बैलून फोड़ प्रतियोगिता, बाल वर्ग भैया के बीच 100 मीटर दौड़ व बहनों के बीच चम्मच मार्बल रेस, किशोर वर्ग भैया के बीच म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, किशोर व तरुण वर्ग बहनों के बीच अग्नि रहित व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता व तरुण वर्ग भैया के बीच राइफल शूटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। बैलून फोड़ प्रतियोगिता बहनों में प्रीति तिग्गा, मिसकात तहरीन व इशिका आर्या, भैया वर्ग में प्रहलाद कुमार, अनिकेत कुमार व शौर्य राज, 100 मीटर दौड़ बाल वर्ग में करमचंद भगत, सूरज कुमार व अनिकेत उरांव, चम्मच रेस बाल वर्ग में हेमा उरांव, आकृति कुमारी व पलक कुमारी, अग्नि रहित व्यंजन किशोर वर्ग में अंशु कुमारी, अर्चना कुमारी व अनुप्रिया कुमारी, तरुण वर्ग में विश्वासी कुजूर, आकांशा लकड़ा व ओहमा उरांव, म्यूजिकल चेयर में अमृत मुंडा, सुशांत उरांव व अमित उरांव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कियो अध्यक्षीय आशीर्वचन में शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ भैया-बहनों में व्यक्तित्व विकास, नैतिक विकास, सामाजिक विकास का भी होना अत्यंत जरूरी है। सर्वांगीण विकास होने से हम जल्दी ही अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर लेते है।


## कार्यालय :– कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू
योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू – 822101

### कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड
### धान फसल:–अन्न भण्डारण की विधि
### सामयिक सूचना अंक – 03 / 2024–25

प्रिय किसान बंधुओं,
धान फसल की कटाई चरम पर है एवं कटाई उपरान्त सही तरीके से भण्डारण नहीं हो पाने की स्थिति में 10–15 प्रतिशत तक अनाज नष्ट होने की संभावना रहती है। मुख्य रूप से कीड़े भण्डारण की गुणवक्ता को हानि पहुँचाते है तथा अतिरिक्त नमी, चूहे, भण्डारण के पात्र या बोरे भी अनाज को संक्रमित करते है। निम्न वैज्ञानिक विधि द्वारा सुरक्षित भण्डारण किया जा सकता है।

1. भण्डारण में अन्न की सुरक्षा के लिए इन्हें खूब सूखाकर ही रखें। (लगभग 10–12 प्रतिशत नमी रहने तक) इसे इस तरह जाँच सकते है कि दांत के नीचे काटने पर कट की आवाज होनी चाहिए।
2. भण्डारण गृह पक्का एवं हवादार होना चाहिए एवं साफ रहे। फर्श एवं दीवारो की दरारो को अच्छी तरह बन्द कर दें।
3. इसे कीट मुक्त बनाने हेतु मालाथियॉन 50 E.C. का पानी में 1:300 में बने घोल को छत, दीवारो एवं फर्श पर छिड़काव करें।
4. पुराने बोरियों का उपयोग करने पर वर्णित घोल का छिड़काव करें या आधा घंटा तक पानी में उबाल कर अच्छी तरह सूखा लें। सूखने पर ही इसका उपयोग करें।
5. नए एवं पुराने अनाज को न मिलाए बल्कि अलग अलग भण्डारण करें।
6. अनाज से भरे बोरे को भण्डार गृह में रखने के लिए फर्श से 20–25 से0मी0 की उंचाई पर बाँस या लकड़ी के तख्ते पर मंच तैयार करें जो दीवार से कम से कम 75 से0मी0 की दूरी पर हो तथा बोरियों के छल्लियों के बीच भी 75 से0मी0 खाली स्थान हो। छत से बोरे की दूरी भी 60 से0मी0 के लगभग हो ताकि हवा का संचार हो सके।
7. 100 किलोग्राम अनाज में 5 किलोग्राम नीम की सूखी पत्ती अच्छी तरह से मिलाकर रखने से कीड़ो से बचाव होता है।
8. चूहे से बचाव के लिए जिंक फॉस्फाइड युक्त जहरीला चारा या चूहेदानी का उपयोग करें।

PR 341544 (District)24-25*D
कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी,पलामू

## डीसी ने दुन्दरिया गांव में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

# विकास कार्यों का दिया भरोसा



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला प्रखंड के असनी पंचायत अंतर्गत दुन्दरिया गांव में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया।
ग्रामीणों ने उपायुक्त के समक्ष सड़क निर्माण, सरना स्थल, सिंचाई व्यवस्था, बच्चों के खेलने के मैदान, तालाब और कुएं की मरम्मत, अखाड़ा और धुमकुड़ीया भवन निर्माण, बिजली, पानी, शिक्षा और जल मीनारों की मरम्मत जैसी कई विकास संबंधी मांगें रखीं। उन्होंने इन समस्याओं को लेकर आवेदन भी सौंपा।
उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने वृद्धा पेंशन, मंईयां सम्मान योजना और अन्य पेंशन योजनाओं से वंचित पात्र लाभार्थियों को जोड़ने के लिए बीडीओ को विशेष निर्देश दिए।
उपायुक्त ने महिला मंडलों को स्वावलंबी बनने और आजीविका के लिए काम करने को प्रेरित किया। बच्चों को बेहतर शिक्षा और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में नामांकन के लिए तैयारी करने पर भी जोर दिया। उपायुक्त ने कहा कि ग्राम विकास में ग्रामीणों का सहयोग अहम है और प्रशासन उनकी हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर है। उन्होंने ग्रामीणों को समाहरणालय आकर सीधे अपनी समस्याएं साझा करने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, मुखिया, वार्ड सदस्य, अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गुमला में विशेष मेडिएशन ड्राइव का उद्घाटन

### जिला जज ने किया जेल का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, ध्रुव चंद्र मिश्र ने मंडल कारा का निरीक्षण किया और बंदियों से उनकी स्थिति जाना। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या कोई बंदी ऐसा है जिसे अभी तक कोई वकील नहीं मिला है। न्यायाधीश मिश्र ने प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया और जेल के पीएलभी से मुलाकात की। वहीं जेल सुपरिंटेंडेंट से भी स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद, उन्होंने संत इग्नियस उच्च विद्यालय में विधिक लिटरेसी क्लास की अध्यक्षता की, जहां बच्चों को नशा उन्मूलन, डायन विषय प्रतिषेध अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम जैसी कानून संबंधी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, आज से गुमला में पांच दिवसीय स्पेशल मेडिएशन ड्राइव का भी शुभारंभ किया गया, ताकि कुटुंब न्यायालय के मामलों का त्वरित निष्पादन किया जा सके। यह ड्राइव 9 से 13 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें कुल 23 मामले रखे गए हैं। जिला जज के साथ एडीजे प्रथम, अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम कुमार लाल गुप्ता, रजिस्ट्रार एलएडीसी के डी एन ओहदार, जितेंद्र सिंह, बुंदेश्वर गोप, इंदू पांडे आदि मौजूद थे।

## यूकेलिप्टस पेड़ों की कटाई को लेकर आज बाधित रहेगी बिजली


**गुमला।** पालकोट रोड, गुमला स्थित दो वृहद यूकेलिप्टस पेड़ों की कटाई के कारण आज मंगलवार को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक पालकोट फीडर और सिसई फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से पालकोट रोड, बेहरा टोली, सिसई रोड गुमला, करमदीपा, खोरा भरदा, और नागफेनी सहित इन इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। हरि उरांव, सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, गुमला ने बताया कि इन पेड़ों की कटाई से बिजली लाइनों को सुरक्षित बनाया जाएगा।

**कार्यालय- जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा**
संयुक्त कृषि भवन, प्रथम तल, पिपराकलां, गढ़वा– 822114
E-Mail Id- horticulturegarhwa2021@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में चल रहे राज्य उद्यान विकास की योजना अंतर्गत उपयोजना ''प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग'' के तहत जिला–गढ़वा शहर एवं उसके आस–पास के सटे हुए शहरों में बसे परिवार के घरों के निकट खाली पड़े छोटे भू–खण्ड, सरकारी परिसर जहॉ स्थान उपब्ध हो एवं Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों की खेती हेतु बीज, फुलों फलों तथा साज–सज्जा के पौधे एवं उपादान का क्रय हेतु पंजीकृत इच्छुक स्थानीय Service Provider/Nursery चयन के साथ समानों का दर निर्धारण हेतु दिनांक 07-12-2024 तक निविदा PR 340347 (Agriculture)24-25(D) द्वारा आमंत्रित किया गया था जिसमें दो निविदाकर्त्ता द्वारा निविदा किया गया है।
अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त निविदा की तिथि का विस्तार करते हुए दिनांक 17-12-2024 के अपराह्न 1:00 बजे तक किया जाता है एवं उसी दिन अपराह्न 3:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में निविदाकर्त्ता एवं उक्त योजना अन्तर्गत नामित जिला स्तरीय गठित समिति के सदस्यों की उपस्थिति में जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा में खोला जायेगा।
नोटः–
विशेष जानकारी हेतु जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा (मोबाईल नम्बर– 8986656686) पर सम्पर्क किया जा सकता है। साथ ही वेबसाईट www.atmagarhwa.org पर निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
जिला उद्यान पदाधिकारी,
गढ़व।
PR 341562 Agriculture(24-25)#D

## प्री-बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 18,765 छात्र हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) की वार्षिक मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 से पहले आयोजित प्री-बोर्ड परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। यह परीक्षा जिले के सभी 12 प्रखंडों के सरकारी, सहायता प्राप्त, अल्पसंख्यक, स्थापना अनुमति प्राप्त, और मान्यता प्राप्त विद्यालयों एवं इंटर कॉलेजों में झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में आयोजित की गई। जिले के कक्षा 10वीं और 12वीं के कुल 22,613 विद्यार्थियों में से 18,765 छात्रों ने प्री-बोर्ड परीक्षा में भाग लिया, जो कुल 83% है। 164 विद्यालयों में प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। कुल नामांकित 14,188 विद्यार्थियों में से 12,210 ने परीक्षा दी, जो 86.6% है। 47 इंटर कॉलेजों में भौतिकी, भूगोल और लोकशास्त्र की परीक्षा आयोजित की गई। कुल 8,425 नामांकित छात्रों में से 6,555 ने परीक्षा दी, जो 77.80% है। यह प्री-बोर्ड परीक्षा जिले में दूसरी बार आयोजित की गई है। इस बार सरकारी विद्यालयों के साथ-साथ अन्य श्रेणी के विद्यालयों और इंटर कॉलेजों को भी उपायुक्त के निदेर्शानुसार पहली बार शामिल किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो और शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां के नेतृत्व में यह परीक्षा आयोजित की गई।

## राजखड़ नदी के अधूरे पुल से ग्रामीण परेशान

### झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने दी आंदोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला जिले के नवागढ़ रायडीह प्रखंड अंतर्गत राजखड़ नदी पर पुल निर्माण कार्य अधूरा होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रदेश सचिव अनुप फ्रांसिस कुजूर ने अधिकारियों और प्रशासन की उदासीनता पर सवाल उठाए हैं।
प्रदेश सचिव ने अपने पत्र में कहा कि पुल निर्माण का कार्य कई महीनों से रुका हुआ है, जिसके चलते ग्रामीणों को नदी पार करने में जोखिम उठाना पड़ता है। बरसात के मौसम में समस्या और बढ़ जाती है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की है।
संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर पुल निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई गई, तो मजबूर होकर संगठन आंदोलन करेगा। इस संबंध में उन्होंने संबंधित विभागों और ठेकेदारों से जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेने की अपील की है। ग्रामीणों को राहत देने के लिए शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

**कार्यालय : कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू**
योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू - 822101

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड**
**आलू फसल में झुलसा रोग (प्रबंधन एवं नियंत्रण)**
सामयिक सूचना अंक – 04/2024–25

प्रिय किसान बंधुओं,
रबी मौसम में आलू हमारा एक मुख्य फसल है। इसके बुआई से भण्डारण तक विभिन्न प्रकार के रोगों का प्रक्रोप होता है पर मुख्यतः फफुंदजनित झुलसा रोग इसे अत्यधिक हानि पहुँचाते हैं जिससे पैदावार पर भारी असर होता है। अतः इसका प्रबंधन एवं नियंत्रण अत्यावश्यक हो जाता है। इस रोग के दो अवस्था है जो निम्न प्रकार है :–

1. अगेती झुलसा :– यह एक मृदा जनित रोग है जिसे बुआई के 3–4 सप्ताह उपरांत साधारणतः दिसम्बर माह के शुरूआत से मध्य तक देखा जा सकता है। प्रारंभिक अवस्था में नीचे वाली पत्तियाँ संक्रमित होती है जहाँ से रोग उपर की ओर बढ़ती है। पत्तियों पर छोटे, फीके–भूरे चमकदार धब्बे बनते हैं। इस रोग की तीव्रता 20–26 डिग्री सेल्सियस तापमान पर अधिक होता है।
2. पछेती झुलसा :– इसे पछेती अंगमारी भी कहते हैं तथा यह सबसे विनाशकारी रोग है जिसके लक्षण पौधे के सभी भागों पर जैसे– पत्तियों, तना ओर कंद पर भी दिखाई पड़ते हैं। इस रोग का प्रक्रोप दिसम्बर महीने के अंतिम सप्ताह से लेकर जनवरी माह तक देखा जा सकता है। रोग को शुरूआत पत्तियों पर किनारे वाले भाग पर भूरे धब्बे से होते है जो पौधे के अन्य भागों पर फैल जाते हैं। अनुकूल परिस्थितियों में (अधिक नमी 80–100 प्रतिशत, बादल छाये रहने पर) पौधा का सम्पूर्ण भाग नष्ट हो जाता है, अतः पूरी फसल बरबाद हो जाती है।

नियंत्रण एवं प्रबंधन हैं :–
(1) हमेशा स्वस्थ्य आलू बीज लगायें।
(2) बोने से पहले आलू के बीज को रिडोमिल एम0जेड0 या मेटालैक्जिल के 0.02 प्रतिशत घोल में डूबो लें।
(3) झुलसा प्रतिरोधी किस्मों की ही बुआई करें।
(4) खरपतवार नियंत्रण करें।
(5) अगेती झुलसा के लक्षण दिखाई देने पर मैंकोजेब फफूंदनाशी (इण्डोफिल M-45 या डाईथेन M-45) इत्यादि की 300–600 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ के दर से 2–3 छिड़काव प्रत्येक 15 दिनों के अन्तराल में करें।
(6) पछेती झुलसा के लक्षण पर मैटालैक्जिल एवं मैंकोजेब युक्त फफूंदनाशी (रिडोमिल एम0जेड 72 WP) इत्यादि 400–500 ग्राम मात्रा प्रति 200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।
(7) अत्यधिक ठण्ड की आशंका पर फसल की सिंचाई कर देने से पाला का असर कम हो जाता है।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी,
पलामू
PR 341551 District (24-25)_D

### मांझाटोली में कार्तिक उरांव की स्मृति में कार्यशाला संपन्न, वक्ताओं ने कहा

# कार्तिक उरांव का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला के मांझाटोली में 8 दिसंबर को पंखराज कार्तिक उरांव की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। इस कार्यशाला में करीब 50 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और पारंपरिक पड़हा व्यवस्था, सामुदायिक संगठन, और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए रणनीतियों पर गहन मंथन किया। कार्तिक उरांव गुमला जिले के करौंदा लिटाटोली गांव में जन्मे एक अद्वितीय व्यक्तित्व थे। वह एक कुशल अभियंता, महान शिक्षाविद, प्रशासक, और समाज सुधारक थे। धर्मांतरण के खिलाफ उनकी मुखर आवाज और '20 वर्ष की काली रात' जैसी पुस्तक उनकी अद्वितीय दूरदर्शिता का प्रमाण हैं। उनकी मृत्यु 8 दिसंबर 1981 को संसद भवन में हुई, जिसने आदिवासी समाज को एक महान नेता से वंचित कर दिया। कार्यशाला में पड़हा व्यवस्था के दीवान चुहंया कुजूर ने पारंपरिक सामाजिक संरचना पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पड़हा व्यवस्था आदिवासी समाज की एक मजबूत सामाजिक और प्रशासनिक प्रणाली है, जो सामुदायिक समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।
कार्यशाला के अंतिम दिन सुबह 11 बजे पंखराज कार्तिक उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस मौके पर पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, रामेश्वर टाना भगत, शशिकांत बेक, प्रफुल्ल उरांव, मंगू उरांव, देवेंद्र लाल उरांव और जगनारायण सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्तिक उरांव के समाज सुधार कार्यों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि कार्तिक उरांव का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आदिवासी समाज को उसकी पहचान, अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

### चिरान लकड़ी के साथ गाड़ी जब्त, चालक फरार

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के मालम नवटोली के समीप अपराधी पवन गिरी को पकड़ने के लिए अभियान चलाया। पवन गिरी जो पतगच्छा निवासी है और उस पर कई आपराधिक केस दर्ज हैं। कुरूमगढ़ वन प्रक्षेत्र के सीमावर्ती इलाके में अवैध परिवहन में लिप्त था। पिछले एक सप्ताह से कुरूमगढ़ वन टीम और गुमला वन टीम की संयुक्त कार्रवाई चल रही थी। चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी के नेतृत्व एक टीम गठित की गई और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। टीम ने पवन गिरी की गाड़ी से चिरान लकड़ी जब्त किया।

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार**
कार्यालय– जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा
संयुक्त कृषि भवन, पिपराकलां, गढ़वा–822114
Email Id- agriculturegarhwa2015@gmail.com
अति अल्पकालिन इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण।

गढ़वा जिला में गढ़वा, रंका एवं श्री बंशीधर नगर प्रखण्ड मुख्यालय में एग्री क्लीनिक स्थापित किया जाना है जिसका उद्देश्य किसानों को उचित परामर्श देकर कृषि उत्पादकता किसानों की उपज एवं आय में वृद्वि करना है। इस योजना अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य, मौसम पूर्वानुमान, पौधा संरक्षण एवं कृशि से सम्बद्ध अन्य विशयों पर किसानों को परामर्श उपलब्ध कराया जायेगा। गढ़वा जिला के किसानों को एग्री क्लीनिक के 12 सर्विसेस यथा–मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज, खाद, कीटनाशी, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, कृशि उपादानों के व्यवपार हेतु अनुज्ञप्ति, कृशि उपकरण, खेती हेतु उचित सलाह, झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना, सिंचाई सुविधा, कृशि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन/डेयरी/मत्स्य पालन संबंधित योजनाएं एवं अन्य कृशि योजनाएं तथा कृशि उत्पादों का दर संबंधी सूचनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।
इसी उद्देश्य से अनुभवी एवं इच्छुक एजेंसी/महिला समूह/कृशक समूह/सहकारी समितियाँ/गैर सरकारी संस्थाएं (NGOs) से दिनांक 17-12-2024 के अपराह्न 1:00 बजे तक इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।
इच्छुक एजेंसी इच्छुक एजेंसी/महिला समूह/कृशक समूह/सहकारी समितियाँ/गैर सरकारी संस्थाएं (NGOs) इच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित दस्जावेज कार्यालय अवधि में जिला कृशि कार्यालय, गढ़वा से प्राप्त कर सकते हैं अथवा आत्मा, गढ़वा के वेबसाईट www.atmagarhwa.org से डाउनलोड भी कर सकते हैं। किसी भी प्रकार के अतिरिक्त जानकारी हेतु जिला कृशि पदाधिकारी, गढ़वा के दूरभाश सं0– 9931113690 अथवा अधिकारिक ई–मेल agriculturegarhwa2015@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।
जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा।
PR 341512 Agriculture(24-25)D

## जिला यक्ष्मा की मासिक बैठक स्थगित

**गुमला।** जिला यक्ष्मा केंद्र द्वारा हर महीने की 10 तारीख को आयोजित होने वाली मासिक बैठक इस बार दिसंबर माह में आयोजित नहीं की जाएगी। यह बैठक अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दी गई है। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि बैठक को लेकर नई तिथि और समय की घोषणा बाद में की जाएगी। साथ ही संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे नए निर्देश तक इंतजार करें और नियमित कार्यों का संचालन सुनिश्चित करें।

## बारिश से बढ़ी ठंड, शीतलहर के कारण जनजीवन प्रभावित



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
हुई बारिश ने ठंड को अधिक बढ़ा दिया है, जिससे गुमला और आसपास के इलाकों में शीतलहर का प्रकोप तेज हो गया है। ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो गई है, और अधिकांश लोग घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं। बारिश के कारण वातावरण में नमी बढ़ने से ठंड का प्रभाव दोगुना हो गया है। तापमान में गिरावट के कारण सुबह और रात के समय ठिठुरन महसूस की जा रही है। ठंड के बढ़ते प्रकोप ने बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक प्रभावित किया है। डॉक्टरों के मुताबिक, ठंड के कारण सर्दी, बुखार और श्वसन संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। तेज ठंड और शीतलहर के चलते स्कूल-कॉलेजों में छात्रों की उपस्थिति घट गई है। कई छात्र-छात्राएं ठंड के कारण घर पर ही रुकने को मजबूर हैं। शिक्षक भी इस ठंड से प्रभावित हुए हैं, जिससे शिक्षण कार्य पर असर पड़ रहा है। जहां ठंड ने लोगों को परेशान किया है, वहीं बारिश ने किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। किसान इसे रबी फसलों के लिए वरदान मान रहे हैं। बारिश से गेहूं, सरसों और दाल जैसी फसलों को लाभ होगा। यह मौसम फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक साबित हो सकता है। ठंड के बढ़ते प्रभाव के कारण बाजारों में गर्म कपड़ों की मांग तेज हो गई है। रजाई, कंबल, जैकेट और शूटर की बिक्री में इजाफा हुआ है। दुकानदारों का कहना है कि इस साल ठंड की शुरूआत में ही लोगों ने गर्म कपड़ों की खरीदारी शुरू कर दी है।

**समाजसेवियों ने की अलाव की मांग**

शीतलहर के कारण सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की मांग उठने लगी है। समाजसेवियों का कहना है कि गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए यह ठंड बेहद मुश्किल भरी साबित हो रही है। प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जाए।
स्थानीय लोगों ने ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन से राहत उपायों की उम्मीद जताई है। अलाव के साथ-साथ जरूरतमंदों को कंबल वितरण की मांग भी की गई है। प्रशासन ने कहा है कि जल्द ही अलाव और अन्य राहत कार्यों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। डॉक्टरों ने ठंड के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। बुजुर्गों और बच्चों को गर्म कपड़े पहनने और पर्याप्त गर्म पानी पीने की सलाह दी गई है। समाजसेवियों ने भी लोगों से जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया है। गुमला में बारिश और ठंड ने जहां जनजीवन को प्रभावित किया है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

मेसर्स शिव सागर कन्स्ट्रक्शन, ग्राम – पीपरडीह, पो0 – लमरीकला, थाना – कांडी, जिला – गढ़वा, संवेदक को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का पत्रांक 389 दिनांक 10.05.2018, पत्रांक 641 (अनु0) दिनांक 11.07.2018, पत्रांक 1237 दिनांक 26.11.2018, पत्रांक 450 दिनांक 01.04.2019, पत्रांक 542 दिनांक 22.04.2019, प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 583 (अनु0) दिनांक 03.05.2019, इस कार्यालय का पत्रांक 1621 दिनांक 24.12.2019, पत्रांक 386 दिनांक 27.06.2020, प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 845 (अनु0) दिनांक 24.11.2020, पत्रांक 350 दिनांक 27.04.2022, प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 572 (अनु0) दिनांक 15.07.22 पत्रांक 674 दिनांक 05.08.2022, प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 147 (अनु0) दिनांक 16.02.2023, प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 746 (अनु0) दिनांक 19.06.2023 के द्वारा बार–बार सूचना के बावजूद भी आपके द्वारा निर्माण कार्य आज तक पूर्ण नही किया गया है। जिला योजना अनाबद्ध निधि योजनान्तर्गत किये गये कार्य का एकरारनामा के शर्तो के तहत एकरारनामा के विखण्डन एवं निबंधन को कालीसूची में डालने की कार्रवाई करने के पूर्व आपके द्वारा किये गये कार्यो का अद्यतन अंतिम मापी निम्न सूची के अनुसार दर्ज तिथि को संबंधित कनीय अभियंता द्वारा ली जायेगी। उक्त तिथि को आप या आपके द्वारा प्रतिनियुक्त प्राधिकृत प्रतिनिधि स्थल पर उपस्थित रहेंगें। अगर उपस्थित नही रहते हैं तो भी अंतिम मापी ले ली जायेगी जो आपको मान्य होगा एवं भविष्य में आपके द्वारा किया गया किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।

| क्र0 | योजना का नाम | संवेदक का नाम | कार्यपूर्ण करने की तिथि | अंतिम मापी की तिथि | मापी करने वाले अभियंताओं का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखंड महुआडांड के ग्राम परही नावाटोली में पी0डब्लू0डी0 रोड से नावाटोली तक पथ निर्माण। | मेसर्स षिव सागर कन्स्ट्रक्षन | 14.05.18 | 12.12.2024 | श्री बिनकोष खेस्स, कनीय अभियंता। श्री अवधेष कुमार, सहायक अभियंता |

एकरारनामा के समय दिये गये पते पर भी इसकी एक प्रति भेजी जा रही है।
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार।
PR 341536 (REO) 24-25 (D)

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT**
**NAGAR PANCHAYAT, CHHATTARPUR**

**VERY SHORT TERM TENDER NOTICE NO.- NPC-06/2024-25**

| SL. | WARD NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15वें वित्तआयोग | | | | | | |
| 1 | 8 | Levelling of east part-1 of high school's playground at Nagar panchayatChhatarpur | 648700.00 | 12974.00 | 3000 | 30 DAYS |
| 2 | 8 | Levelling of West part-2 of high school's playground at Nagar panchayatChhatarpur. | 674500.00 | 13490.00 | 3000 | 30 DAYS |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | विभाग कानामः– | नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, रॉंची। |
| 11 | विज्ञापनदाता का नामः– | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर। |
| 12 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थानः– | दिनांक–16.12.2024को2:00 PM से 5:00PMतक |स्थान–कार्यालय नगरपंचायत, छतरपुर। |
| 13 | निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवंस्थानः– | दिनांक–17.12.2024, समय–11:00AM TO 01:00PMतक, स्थान–कार्यालय नगरपंचायत, छतरपुर। |
| 14 | निविदा खोलने की तिथि, समय एव स्थानः– | दिनांक–17.12.2024, समय–3:00बजेअपराह्न, स्थान–कार्यालय नगरपंचायत, छतरपुर। |
| 15 | हेल्पलाईन नं0– | 9471125404, 7667780095 |

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, छतरपुर
PR 341508 (District)24-25*D

**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि" टण्डवा प्रखण्ड अन्तर्गत अम्बेडकर चौक के पास निर्मित कुल 06 (छः) अद्द दूकान को किराया पर उपलब्ध कराया जाना है।
अतः इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन करते हुए दिनांक 28/12/2024 तक (कार्यालय कार्य अवधि में) आवदेन पत्र समर्पित कर सकते है :–
शर्त :–
1. कुल दूकानों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में खुला डाक के माध्यम से दूकान का आवंटन किया जायेगा। दूकान आवंटित नहीं होने के स्थिति में जमा अग्रधन की राशि वापस कर दीजायेगी।
2. एक आवेदक एक ही आवेदन कर सकेगें एक से अधिक आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदनकर्ता को आवेदन के साथ मो0 1,00,000/– (एक लाख रू0) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना ड्राफ्ट का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. एक आवेदनकर्ता के नाम से एक ही दूकान आवंटित की जायेगी। पहले से जिस आवेदक को दूकान आवंटित है, उसे दूकान आवंटित नहीं की जायेगी। जॉच के क्रम में गलत पाये जाने पर आवंटिक दूकान का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा। जिस पर आवेदनकर्ता का कोइ भी दावामान्य नही होगा। इस आशय का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सरकारी सेवा/उच्चतर संस्था में कार्यरत व्यक्ति को दूकान आवंटित नहीं की जायेगी।
5. आवेदनकर्ता को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दो बस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा। दूकान आवंटित होने के पश्चात् मासिक किराया 8.75 पैसा प्रति स्क्वायरफीट के अलावा सरकार द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 का भुगतान करना होगा।
7. दूकान का प्रकार (10'x10' का दूकान) एवं (9'x8' का स्टोर) कुल रकवा 172 स्क्वायर फीट, मासिक किराया 8.75/प्रति स्क्वायर फीट निर्धारित है, जिसका प्रति दूकान कुल मासिक किराया मो0 1505.00 देय होगा।
8. प्रत्येक अगले तीन वर्ष पर 10% किराया में बृद्धि की जायगी।
9. निर्धारित मासिक किराया प्रत्येक माह कार्यालय में आकर जमा करना आवश्यक होगा।
10. लगातार तीन माह तक मासिक किराया नही देने पर लम्बित किराया का 10% अतिरिक्त भुगतान करना आवश्यक होगा।
11. लगातार छः माह तक मासिक किराया नही देने पर कानुनी कार्रवाई करते हुए आवंटित दूकान को खाली कराया जायेगा एवं राशि वसूली के लिए नीलाम पत्र वाददायर किया जायेगा।
12. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक स्थगिक करने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षितहै।

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।
PR.NO.341549 District(24-25):D

इस तरह प्रार्थना करना सर्वोत्तम है : प्रभु! आपकी चेतना में मैं सदा प्रसन्न रहूं। मुझे सभी सांसारिक इच्छाओं से मुक्त करें, और सर्वोपरि, मुझे आपका वह परमानंद प्रदान करें, जो जीवन के अच्छे और बुरे सभी अनुभवों के परे जाता है। - श्री श्री परमहंस योगानंद, 'मानव की निरंतर खोज'



संपादकीय

## क्या संभव है चुनावी वादों को कानून के दायरे में लाना

चुनाव घोषणा पत्रों में किए वायदों को पूरा न कर पाने को लेकर सत्ता में आने वाला हर राजनीतिक दल मतदाताओं और विपक्षी दलों के निशाने पर रहा है। मतदाताओं की बढ़ती जागरूकता के चलते इन आलोचनाओं से बचने के लिए राजनीतिक दलों ने अब चुनाव घोषणा पत्र जारी करना बंद कर दिया है। 2012 के उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने राज्य के लिए विजन डाक्युमेंट जारी किया। इसके बाद सभी दलों ने चुनाव घोषणा पत्र के शीर्षक को तकरीबन त्याग दिया। अब भारतीय जनता पार्टी हर चुनाव के पहले संकल्प पत्र जारी करती है तो कांग्रेस अब गारंटियां देने लगी हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी ने पांच गारंटी देने का वादा किया। जो उसके लिए बहुत हिट रहा। अब पार्टियां गारंटी देती हैं, दृष्टि पत्र प्रस्तुत करती हैं और संकल्प पत्र प्रस्तुत करती हैं। गारंटी और संकल्प जैसे शब्द एक तरह से गवाह हैं कि राजनीतिक दलों के वायदों को लेकर मतदाताओं का एक बड़ा अब आलोचनात्मक रूख ही नहीं रखता है, बल्कि उन पर भरोसा भी नहीं करता। घोषणा पत्र भले ही अब गारंटी या दृष्टि या संकल्प पत्र में बदलाव हो गए हों, लेकिन अब भी उनकी साख नहीं बन पाई है। इसकी वजह यह है कि कई बार राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने के चक्कर में ऐसे भी वायदे कर डालते हैं, जिन्हें पूरा कर पाना उनके लिए संभव नहीं होता। राजनीतिक दल भी जानते हैं कि संकल्प, दृष्टि या गारंटी पत्र में दिए वायदों को शत-प्रतिशत पूरा करना संभव नहीं है और अगर वे करते भी हैं तो सरकारी अर्थव्यवस्था का चरमरा सकती है। फिर वे वायदे करते हैं या कह सकते हैं कि सत्ता के लक्ष्य को लेकर चलने वाली मौजूदा राजनीति की यह मजबूरी भी है। चुनाव घोषणा पत्रों और आज के दृष्टि और संकल्प पत्रों में किए वायदों और उन्हें लागू किए जाने को लेकर ठोस शोध जरूरी है। लेकिन मोटे तौर पर इनमें दर्ज ज्यादातर वायदे पूरे हो ही नहीं पाते। इसलिए मतदाताओं के एक वर्ग अलग ढंग से सोचने लगा है। मतदाताओं के एक वर्ग का मानना है कि चाहे जिस भी फ्रेम में चुनाव घोषणा पत्र जारी हों, उन्हें उपभोक्ता कानून के दायरे में लाना चाहिए। जिस तरह किसी प्रोडक्ट का निर्माता अपने प्रोडक्ट को लेकर गारंटी या वारंटी देता है, और जब वे पूरे नहीं होते तो उसके प्रोडक्ट खरीदने वाले उत्पादक के खिलाफ उचित फोरम में जाकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, उसी तरह चुनावी घोषणा पत्रों को लेकर भी कानून होने चाहिए। इस वर्ग का मानना है कि एक फोरम ऐसा भी होना चाहिए, जिसे कानूनी ताकत हासिल हो और जो चुनावी वायदाखिलाफी की सुनवाई कर सके। चुनाव घोषणा पत्रों की स्थिति संविधान के नीति निर्देशक तत्वों की तरह ही है। नीति निर्देशक तत्व राज्य से लोक हित के तमाम कदम उठाने को लेकर उम्मीद तो करता है, लेकिन राज्य के लिए ऐसा करना अनिवार्य नहीं बनाता। नीति निर्देशक तत्वों के तहत राज्य या सरकार कदम नहीं उठाती तो किसी को भी किसी भी अदालत में इसकी शिकायत की ना तो अनुमति है और ना ही कोई अदालत ऐसी सुनवाई कर भी सकती है। चुनाव घोषणा पत्रों की भी कुछ ऐसी ही स्थिति है। हालांकि इसे कानूनी दायरे में लाना आसान नहीं है क्योंकि इस मामले में सभी पार्टियों को फंसने का डर है।

> **राजनीतिक दल भी जानते हैं कि संकल्प, दृष्टि या गारंटी पत्र में दिए वादों को शत-प्रतिशत पूरा करना संभव नहीं है और अगर वे करते भी हैं तो सरकारी अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है।**

# सुरक्षित पटरियां और स्मार्ट ट्रेनें भविष्य में और भी सुरक्षित यात्राएं

बीते दशक में की गई सुविचारित पहलों के महत्वपूर्ण परिणाम सामने आने की बदौलत रेलगाड़ियों पर अब भारतीय पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हैं। यह बात विशेष रूप से सराहनीय इसलिए भी है, क्योंकि कोई भी अन्य देश प्रतिवर्ष 1 लाख करोड़ यात्री किलोमीटर (पीकेएम) और लगभग 685 करोड़ रिकॉर्ड यात्रियों का रेल के माध्यम से आवागमन कराने वाले भारत से ज्यादा लोगों का रेल के जरिए आवागमन नहीं कराता है। यह उपलब्धि बेमिसाल है, यहां तक कि पड़ोसी देश चीन भी अपने विशाल रेल नेटवर्क और तुलनात्मक जनसंख्या आकार के बावजूद मुश्किल से आधे यात्रियों (सालाना लगभग 300 करोड़) का ही आवागमन कराता है। सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार गंभीर घटनाओं की पहचान के प्रमुख संकेतक-महत्वपूर्ण रेल दुर्घटनाओं की संख्या में भारी गिरावट से जाहिर है, जिनकी संख्या वर्ष 2000-01 में 473 से घटकर वर्ष 2023-24 में केवल 40 रह गई । यह सुधार पटरियों को बेहतर बनाने, मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने, पुलों की स्थिति की नियमित निगरानी करने और स्टेशनों को डिजिटल बनाने आदि की दिशा में किए गए केंद्रित प्रयासों के माध्यम से संभव हुआ है। यात्रियों की संख्या और पटरियों 8 की लंबाई पर गौर करने पर ये उपलब्धियां और भी प्रभावशाली हो जाती हैं। किसी भी औसत दिन, 2 करोड़ से ज्यादा लोग 70,000 रूट किलोमीटर (आरकेएम) लंबे नेटवर्क पर यात्रा करते हैं। पीक सीजन में यह संख्या प्रतिदिन 3 करोड़ तक पहुंच जाती है, जो एक अन्य विश्व रिकॉर्ड है! असल में इसका आशय यह है कि भारत प्रतिदिन अपनी लगभग 2 प्रतिशत आबादी का सुरक्षित तरीके से रेलवे के माध्यम से आवागमन कराता है, जबकि इसकी तुलना में चीन केवल 0.58 प्रतिशत और अमेरिका 0.09 प्रतिशत लोगों का ट्रेन के जरिए आवागमन कराता है। लगभग त्रुटिहीन सुरक्षा रिकॉर्ड के बावजूद, रेल दुर्घटनाएं दुनिया भर में एक गंभीर वास्तविकता हैं। यद्यपि किसी भी रेल प्रणाली के लिए आदर्श स्थिति शुरूआत से ही एक भी दुर्घटना घटित नहीं होने देना है, लेकिन कोई भी प्रमुख नेटवर्क इस स्थिति को हासिल नहीं कर पाया है। भारतीय रेल (आईआर) नेटवर्क के मात्र एक चौथाई हिस्से जितने ऑस्ट्रेलियाई रेलवे में



अनिल कुमार खंडेलवाल
(आईआरएसई-1987) सेवानिवृत्त पदेन सचिव, भारत सरकार।



वित्तीय वर्ष 2022-23 में रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की 52 घटनाएं दर्ज की गईं। इसी तरह, भारतीय रेल से लगभग दोगुना आकार के 2,60,000 ट्रैक किलोमीटर (टीकेएम) वाले अमेरीकी रेल नेटवर्क में उसी वर्ष रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की 1,300 घटनाएं दर्ज की गईं। 2,00,000 टीकेएम वाले यूरोपीय संघ नेटवर्क (भारतीय रेल का 1.5 गुना) में 2022 में 1568 दुर्घटनाएं घटित हुईं। अपने समकक्षों के समान, भारतीय रेल में भी वर्ष 2022-23 के दौरान रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाएं दर्ज की गईं, लेकिन ये घटनाएं काफी कम 137 के स्तर पर रहीं। ये संख्या विकसित देशों की तुलना में भारतीय रेल के शानदार सुरक्षा प्रदर्शन का प्रमाण हैं और ऐसा उसके कई वर्षों से इष्टतम स्तर से कम पूंजीगत व्यय, लालफीताशाही, राजनीतिकरण और भ्रष्टाचार के कारण सुस्त हालत रहने के बावजूद संभव हुआ है। लेकिन पिछले कई दशकों में फैली गड़बड़ियों की गंदगी को अच्छे प्रशासन के एक या दो कार्यकालों में धोया नहीं जा सकता। यद्यपि आईआर मिश्रित यातायात मॉडल का उपयोग करता है, विदेशों में कई रेलवे माल और सवारी रेलगाड़ियों के लिए अलग-अलग ट्रैक का उपयोग करते हैं। इसका मतलब है कि भारत में प्रत्येक दुर्घटना के लिए रेलवे यात्री सुरक्षा के गंभीर रूप से खतरे में पड़ने की संभावना बहुत अधिक है। दुर्घटनाओं के मूल कारण को तुरंत दूर करना और रेलगाड़ी के पटरी से उतरने से मुक्त रेलवे नेटवर्क प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए मानवीय इंटरफेस को कम करने और प्रणालीगत विश्वसनीयता में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकी पहल की आवश्यकता होगी। यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर बल देते हुए वर्ष 2023-24 के दौरान सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं में 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश किया गया है और चालू वित्त वर्ष में और भी ज्यादा खर्च करने की योजना है। इसका आशय ट्रेनों, पुलों, पटरियों और सिग्नलिंग सिस्टम के बेहतर रखरखाव के साथ-साथ ओवर-और अंडर-ब्रिज के निर्माण के जरिए पटरियों के पास बेहतर सड़क सुरक्षा की व्यवस्था है। रेलवे सुरक्षा प्रदर्शन के एक सूचकांक-प्रति मिलियन ट्रेन किलोमीटर दुर्घटना (एपीएमटीके) की संख्या वर्ष 2000-01 में 0.65 से घटकर 2023-24 में 0.03 हो गई है। यह आधुनिक, अत्याधुनिक ट्रैक रखरखाव और नवीनीकरण मशीनों का उपयोग करके बेहतर ट्रैक रखरखाव किए जाने का सराहनीय परिणाम है। इसके अलावा पटरी की त्रुटि का पता लगाने में सुधार, रेल वेल्ड संबंधी खराबियों पर अंकुश और मानवीय त्रुटियों को कम करने के लिए उन्नत तकनीक सहित कई अतिरिक्त उपाय भी किए गए हैं। इन परिणामों को बनाए रखने और बेहतर बनाने के लिए तकनीकी हस्तक्षेप और लक्षित प्रशिक्षण का मिश्रण अपनाया गया है। पटरियों के रखरखाव के लिए आधुनिक मशीनों की तैनाती 2013-14 के दौरान 700 से बढ़कर इस साल 1,667 कर दी गई है, जिससे पटरियों के रखरखाव में सुधार हुआ है। संपत्ति की विश्वसनीयता को और बढ़ाने के लिए पूरे नेटवर्क में रेल ग्राइंडिंग भी लागू की गई है। रेल परिचालन के लिए गंभीर सुरक्षा जोखिम उत्पन्न करने वाली शरारती गतिविधियों को रोकने और तोड़फोड़, पटरियों से छेड़छाड़, तथा पटरियों पर असंबद्ध वस्तुएं रखने जैसी समस्याओं से निपटने के लिए अब पटरियों पर निरंतर गश्त की जाती है। सुरक्षा पहल का एक मुख्य आधार लोको पायलटों को खराब दृश्यता वाले कोहरे से घिरे क्षेत्रों में नेविगेट करने में सहायता देने के लिए जीपीएस-आधारित फॉग पास डिवाइस की संख्या बढ़ाना है। वर्ष 2014-15 में केवल 90 जीपीएस-आधारित फॉग पास डिवाइस की तुलना में अब इनकी संख्या 21,742 हो चुकी है। पायलट की सतर्कता बढ़ाने वाले सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) सभी इंजनों में लगाए गए हैं। वर्ष 2013-14 में इनकी संख्या 10,000 से भी कम थी, जो आज बढ़कर 16,021 हो गई है। ब्रॉड-गेज मार्गों पर 6,637 स्टेशनों में से 99 प्रतिशत से अधिक पर पैनल इंटरलॉकिंग, रूट रिले इंटरलॉकिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग जैसी उन्नत सिग्नलिंग प्रणालियां प्रदान की गई हैं। इसके अलावा, ड्राइविंग कौशल और रिएक्शन टाइम को संवर्धित करने के लिए लोको-पायलट अब सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण (सिमुलेटिंग फील्ड एक्सपीरिएंस) से गुजरते हैं, जबकि फ्रंट लाइन स्टाफ को अग्निशमन का प्रशिक्षण मिलता है। कुल मिलाकर, वर्ष 2023-24 के दौरान 6 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों ने विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण, प्रारंभिक, प्रमोशनल, रिफ्रेशर और विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं।

आज की बात

## ऐतिहासिक हैं भारत के तीन नए आपराधिक कानून



डॉ. विपिन कुमार

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में तीन आपराधिक कानूनों को देश को समर्पित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नए कानूनों के माध्यम से त्वरित न्याय की उम्मीद जताई, जो पूरी तरह से सार्थक भी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-जैसे तीन नए आपराधिक कानून हमारे समाज में गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्ग के लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए, संगठित अपराध, आतंकवाद और ऐसे अन्य अपराधों पर भी कड़ा प्रहार करते हैं। इन प्रयासों से हमें अपने कानूनी व्यवस्था को आजादी के अमृतकाल में अधिक प्रासंगिक और सहानुभूतिपूर्वक प्रेरित करने के लिए पुनर्भाषित करते हैं। इन कानूनों को मूर्त रूप देने में केन्द्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह की भूमिका भी उल्लेखनीय रही है। कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी मोदी सरकार द्वारा लाए गए इन कानूनों का विरोध करते हैं और यह दलील देते हैं कि इससे देश में तानाशाह की प्रवृत्ति बढ़ेगी। लेकिन, मैं उनके इन दलीलों को पूरी तरह से हास्यास्पद मानता हूं। क्योंकि, यदि आप भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली के इतिहास को देखें, तो पाएंगे कि पुराने कानून औपनिवेशिक न्यायशास्त्र की प्रतिकृति हैं, जिन्हें पूरे देश पर शासन करने के लिए बनाया गया था, न कि हमारे देश की नागरिकों की सेवा के लिए। इसी भाव-शू?यता के कारण ये कानून आमजनों के उत्पीड़न और शोषण का उपक्रम बन गए, जिनका उद्देश्य वास्तव में निदोर्षों के अधिकारों की रक्षा और दोषियों को दंडित करना होना चाहिए था। इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लाए गये नए कानून निश्चित रूप से उपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं। सार्वजनिक सेवा और जनकल्याणकारी कानूनों से एक नए युग की शुरूआत हुई है। हमें याद रखना होगा कि न्याय में देरी केवल लोगों को हताश-निराश ही नहीं करती, बल्कि किसी न किसी स्तर पर देश के विकास की गति को भी बाधित करती है। इसके अतिरिक्त देश की छवि को भी खराब करने का काम करती है। जब समय पर न्याय नहीं मिलता तो कानून एवं व्यवस्था का आदर न करने और उसके उल्लंघन के आदी लोगों का दुस्साहस बढ़ता है। तीनों आपराधिक कानूनों पर अमल से एक ओर जहां 60 दिन के अंदर आरोप तय किए जाएंगे, वहीं दूसरी ओर सुनवाई पूरी होने के 45 दिन के अंदर फैसला सुनाना आवश्यक होगा।आंकड़े बताते हैं कि भारत के न्यायिक व्यवस्था में 3.5 करोड़ से भी अधिक लंबित मामले हैं और यहां विचाराधीन कैदियों की संख्या 77 फीसदी है, जो दोषियों की संख्या से तीन गुना अधिक है। वहीं, भ्रष्टाचार, अत्यधिक काम का बोझ और पुलिस की जवाबदेही तीव्र और पारदर्शी न्याय व्यवस्था को कायम करने की दिशा में एक बड़ी बाधा है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

मानव अधिकार दिवस

## मानव के अधिकारों के लिए कौन लड़ेगा?



ललित गर्ग

संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा द्वारा घोषित दिवसों में एक महत्वपूर्ण दिवस है विश्व मानवाधिकार दिवस। प्रत्येक वर्ष 10 दिसम्बर को यह दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है। इस महत्त्वपूर्ण दिवस की नींव विश्व युद्ध की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस कर रखी गई थी। यह दिवस मानव के अस्तित्व एवं अस्मिता को अक्षुण्ण रखने के संकल्प को बल देता है। संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 10 दिसम्बर, 1948 को सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणापत्र को अधिकारिक मान्यता प्रदान की थी। तब से यह दिन इसी नाम से मनाया जाने लगा। किसी भी इंसान की जिंदगी, आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार है- मानवाधिकार। यह दिवस एक मील का पत्थर है, जिसमें समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित होती है। मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा में मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं की एक विस्तृत श्रृंखला निर्धारित की गई है, जिसकी सम्पूर्ण मानव जाति हकदार हैं। यह राष्ट्रीयता, निवास स्थान, लिंग, राष्ट्रीय या जातीय मूल, धर्म, भाषा या किसी अन्य स्थिति के आधार पर भेदभाव किए बिना हर व्यक्ति के अधिकारों की गारंटी देता है। साल 2024 में मनाए जाने वाले मानवाधिकार दिवस की थीम है, हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी। किसी व्यक्ति के साथ किसी भी कीमत पर कोई भेदभाव न हो, समस्या न हो, सब शांति से खुशी- खुशी अपना जीवन जी सकें, इसलिए मानवाधिकारों का निर्माण हुआ। मानव अधिकार का मतलब मनुष्यों को वो सभी अधिकार देना है, जो व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता एवं प्रतिष्ठा से जुड़े हुए हैं। यह सभी अधिकार भारतीय संविधान के भाग-तीन में मूलभूत अधिकारों के नाम से मौजूद हैं और इन अधिकारों का उल्लंघन करने वालों को अदालत द्वारा सजा दी जाती है। मानवाधिकार में स्वास्थ्य, आर्थिक सामाजिक, और शिक्षा का अधिकार भी शामिल है। मानवाधिकार वे मूलभूत नैसर्गिक अधिकार हैं जिनसे मनुष्य को नस्ल, जाति, राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग आदि के आधार पर वंचित या प्रताड़ित नहीं किया जा सकता। विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र का मुख्य विषय शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगारी, आवास, संस्कृति, खाद्यान्न व मनोरंजन से जुड़ी मानव की बुनियादी मांगों से संबंधित है। विश्व के बहुत से क्षेत्र गरीबी से पीड़ित है, जो बड़ी संख्या वाले लोगों के प्रति बुनियादी मानवाधिकार प्राप्त करने की सबसे बड़ी बाधा है। उन क्षेत्रों में बच्चे, वरिष्ठ नागरिकों व महिलाओं के बुनियादी हितों को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना



बोधि वृक्ष


**प्रत्येक को तर्क और भावना, दोनों के आंतरिक संतुलन के लिए प्रयास करना चाहिए ताकि वह एक संपूर्ण व्यक्तित्व, संपूर्ण मनुष्य बन जाए। ईश-संपर्क से आप अपने भीतर इन दोनों गुणों में सामंजस्य अथवा संतुलन लाते हैं।**



श्री श्री परमहंस योगानंद

जब तक पुरुष और स्त्री एक दूसरे के स्वभाव को नहीं समझ जाते, वे अनजाने में एक दूसरे को यातना देते रहते हैं।... प्रत्येक को तर्क और भावना, दोनों के आन्तरिक सन्तुलन के लिए प्रयास करना चाहिए ताकि वह एक सम्पूर्ण व्यक्तित्व, सम्पूर्ण मनुष्य बन जाए। ईश-सम्पर्क से आप अपने भीतर इन दोनों गुणों में सामंजस्य अथवा सन्तुलन लाते हैं। महान सन्तों में हम पुरुष-स्वभाव और स्त्री-स्वभाव के आदर्श गुणों को संयुक्त हुए देखते हैं। जीसस ऐसे ही थे; सभी गुरुजन भी ऐसे ही थे। जब आप तर्क एवं भावना के उस पूर्ण सन्तुलन को प्राप्त कर लेते हैं, तो आप प्रमुख शिक्षाओं में से एक में शिक्षित हो चुके होंगे जिसके लिए आपको यहाँ भेजा गया था। मानव जाति को यह अवश्य समझ लेना चाहिए कि आत्मा की मूल प्रकृति आध्यात्मिक है। पुरुष और स्त्री का एक दूसरे को केवल काम-वासना की तृप्ति के साधन के रूप में देखना, सुख के विनाश को आमन्त्रण देना है। धीरे-धीरे, थोड़ी-थोड़ी करके मानसिक शान्ति जाती रहेगी। पुरुष को स्त्री में ईश्वर को देखने का प्रयास करना चाहिए, तथा उसे उसकी आध्यात्मिक प्रकृति का अनुभव करने में सहायता करनी चाहिए। उसे स्त्री को ऐसा महसूस कराना चाहिए कि वह स्त्री उसके साथ मात्र उसकी कामुकता की भूख मिटाने के लिए नहीं है, अपितु एक साथी के रूप में है जिसका वह ईश्वर की अभिव्यक्ति के रूप में सम्मान एवं आदर करता है। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




आज का दोहा

**दिव्य तपस्या से जिन्हें था त्रिकाल का ज्ञान।**
**उन महर्षियों का दिया है खगोल विज्ञान।।**
बुद्धिनाथ मिश्र, देहरादून

रचना भेजिए


समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

आपकी बात

## भारतीय शेयर की संरचना पुनः तेजी की हो रही



शशांक भारद्वाज



शेयर मार्केट भविष्य को बहुत अधिक महत्व देते हैं। वर्तमान में कोई बहुत बड़ा नकारात्मक कारक न हो तो मार्केट अपनी दिशा भविष्य की संभावनाओं पर ही निर्मित करता है। इसीलिए खराब जीडीपी के आंकड़ों के बाद भी मार्केट में तेजी की दिशा रही।पिछले सप्ताह निफ्टी में 546 अंकों की बढ़त आई। अब मार्केट 25000 निफ्टी की ओर बढ़ सकता है। उसकी मूल अवधारणा तथा संरचना पुनः तेजी की हो रही है यदि कोई अप्रत्याशित विध्वंस सा समाचार न आ जाये। विदेशी निवेशक, जो पिछले कई दिनों से आक्रामक तथा बड़े विक्रेता थे, वो क्रेता बन रहे हैं। पिछले सप्ताह उन्होंने नकद संभाग में 11933 करोड़ रुपए का क्रय किया।सप्ताह में दो दिन वो विक्रेता भी रहे परंतु जब बेचा तो कम राशि का बेचा,जब तीन दिन क्रय किया तो बड़ी राशि का किया। इंडेक्स फ्यूचर में भी उन्होंने 5549 करोड़ रुपए की खरीद की। 5 दिसंबर को नकद तथा स्टॉक फ्यूचर में मिलाकर एक ही दिन में उन्होंने 15395 करोड़ रुपए का क्रय किया। यह एक उल्लेखनीय बड़ी राशि का क्रय था। महाराष्ट्र में भाजपा तथा उनके सहयोगियों की ऐतिहासिक विजय से एफआईआई राजनीतिक मोर्चे पर अपेक्षाकृत आश्वस्त हुए हैं। किसी भी राष्ट्र में निवेश निर्णय में उस राष्ट्र की राजनीतिक स्थिति बहुत महत्वपूर्ण होती है। घरेलू संस्थागत निवेशकों तो लगातार क्रय कर ही रहे थे। ऐसे में एफआईआई के भी क्रेता होने से मार्केट में तेजी की संभावनाएं और भी बलवती हो गईं हैं। अमेरिकी शेयर मार्केट तो नई ऐतिहासिक ऊंचाई बना रहें हैं, ऐसे में भारतीय शेयर मार्केट के भी नई ऊंचाई की चर्चाएं होने लगी है। पूरे विश्व में निवेश हेतु बड़ी तरल राशि उपलब्ध है।इसके एक अच्छा भाग भारत में आ सकता है। भारतीय शेयर मार्केट में छोटे तथा मझौले शेयरों में अच्छी तेजी बनी हुई है। लगता है छोटे लघु निवेशक पुनः मार्केट में अधिक सक्रिय हो रहें हैं। एक मार्केट का मनोभाव सकारात्मक रूप में जागृत रखता है। जीडीपी में कमी के बाद भी जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की सामान अवधि की तुलना में 9 प्रतिशत वृद्धि के साथ अक्टूबर में 1.87 लाख करोड़ रुपए आया। यह अभी तक का दूसरा सबसे अधिक जीएसटी संग्रह है। सितंबर में जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपए था। अभी जीएसटी संग्रह का 75 प्रतिशत दैनिक उपभोग की वस्तुओं से आता है। इसके दो अर्थ तो निकाले ही जा सकते हैं। पहला यह कि जीएसटी संग्रह इन स्तरों से बहुत अधिक नीचा नहीं जा सकता तथा दूसरा यह कि अन्य क्षेत्र भी जब व्यापक विस्तार करेंगे तो जीएसटी संग्रह में बहुत अच्छी वृद्धि देखी जाएगी। आर्थिक गतिविधियों में थोड़ी थकावट तो है। विनिर्माण वृद्धि नवंबर में 56.5 रही जो 11 महीनों का निम्नतम स्तर है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने तीसरी तिमाही में विकास दर के पुनः पटरी पर आ जाने की बात कही है। कुछ मोर्चे पर सरकार को नीतिगत पहल भी करनी चाहिए।अगली श्रेणी के श्रम सुधार पर पहल होनी चाहिए, व्यापार करने में सरलता पर कुछ नए पग उठाएं जाने चाहिए ताकि बड़ा नया निवेश तीव्रता के साथ भारत आ सके, भारतीय उद्योगपति भी खुलकर निवेश की ओर प्रवृत्त हो। लाइसेंसविहीन युग, स्वप्रमाणीकरण इत्यादि को बढ़ावा देना चाहिए। अव्यावहारिक तथा बाधक कानून रद्द करने चाहिए' वियतनाम, थाईलैंड, कंबोडिया, मलेशिया जैसे छोटे राष्ट्र व्यापार सुधार की नीतियों को अपना कर निर्यात के मोर्चे पर बड़ी प्रगति कर रहें हैं। भारत में विभिन्न वित्तीय प्रभागों में निवेश राशि अब उल्लेखनीय बड़ी हो रही है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का कोष वित्त वर्ष 23 24 में 24.75 लाख करोड़ रुपए हो गया है। भारत में सेवा क्षेत्र में तो अच्छी वृद्धि है तथा इसकी नवंबर की पीएमआई 58.5 प्रतिशत रही। केंद्रीय रिजर्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति में ब्याज दरों में कोई परिवर्तन तो नहीं किया परंतु सीआरआर को 4.5 प्रतिशत से घटा कर 4 प्रतिशत कर दिया। इससे बैंकिंग व्यवस्था में 1लाख करोड़ रूपए से अधिक राशि की उपलब्धता बढ़ेगी। आरबीआई गवर्नर ने भविष्य में ब्याज दरों में कमी के संकेत भी दिए हैं। बैंकों में भी जमा राशि बढ़ रही है। यह भी अर्थव्यवस्था का आधार शक्तिशाली बनाती है। विश्व की प्रमुख ब्रोकरेज फर्म मोर्गन स्टेनली ने सेंसेक्ट के 2025 में 1 लाख होने का अनुमान जताया है। यह 28 प्रतिशत की वृद्धि है। ओपेक देशों के द्वारा तेल उत्पादन में बढ़ोतरी नहीं करने के निर्णय के पश्चात भी कच्चे तेल का मूल्य 71.72 के निचले तथा संतोषजनक से स्तरों पर ही है। सामान्य परिस्थितियों में इसके और भी नीचे जाने की ही संभावना है। यह भारत के लिए अतिरिक्त अच्छा होगा। पीएसयू बैंक, रेलवे, रक्षा, टेक्सटाइल, केमिकल क्षेत्र के वैसे शेयर जो उचित मूल्यांकन पर उपलब्ध हैं, उनमें क्रय किया जा सकता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नारी शक्ति बनेगी विकसित भारत का आधार




एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हरियाणा के पानीपत में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की ह्यबीमा सखी योजना का उद्घाटन किया। उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रधानमंत्री ने पानीपत से वर्चुअल माध्यम से बटन दबाकर करनाल के महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय परिसर में निर्माण का शिलान्यास भी किया। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "भारत महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और मजबूत कदम उठा रहा है। आज 9 दिसंबर को ही संविधान सभा की पहली बैठक हुई थी। ऐसे समय में जब देश संविधान के 75 वर्ष का महोत्सव मना रहा है। विश्व को नीति और धर्म का ज्ञान देने वाली महान धरती पर आज के दिन आना और भी सुखद है। इस समय कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव भी चल रहा है। मैं गीता की इस धरती को प्रणाम करता हूं। बीमा सखी योजना का शुभारंभ पानीपत से हो रहा है। ऐसे में पानीपत एक प्रकार से नारी शक्ति की प्रतीक भूमि बन गया है। हमारी महिलाएं विकसित भारत का बहुत बड़ा आधार बनेंगी। आज 'बीमा सखी योजना' का शुभारंभ भी वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। पीएम मोदी ने कहा कि नारी को सशक्त करने के लिए बहुत आवश्यक है कि उन्हें आगे बढ़ने के खूब अवसर मिलें, उनके सामने से हर बाधा हटे। उन्होंने कहा कि आज भारत 2047 तक विकसित होने की दिशा में चल रहा है। हमें इसके लिए ऊर्जा के स्रोत चाहिए। इसके लिए हमारा उत्तर भारत ऊर्जा का स्रोत है।

## देश की किस्मत बदल रहीं योजनाएं

'बीमा सखी', 'बैंक सखी', 'कृषि सखी', 'पशु सखी', 'ड्रोन दीदी', 'लखपति दीदी' - ये नाम भले ही साधारण और सामान्य लगें लेकिन ये देश की किस्मत बदल रहे हैं। खासकर महिला सशक्तिकरण के लिए देश के स्वयं सहायता समूह की पहल एक ऐसा आंदोलन है, जो इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बदलाव लाने का एक बड़ा माध्यम है। आज देशभर में 10 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और इन समूहों के माध्यम से महिलाएं कमाई कर रही हैं। बीमा जैसे क्षेत्रों के विस्तार में नेतृत्व भी महिलाएं करेंगी। बीमा सखी योजना के तहत दो लाख महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने का लक्ष्य है। बीमा सखी योजना न केवल उनके द्वारा अर्जित आय में योगदान देती है, बल्कि हमारे देश के विकास में भी योगदान देती है।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव

# आप ने जारी की दूसरी लिस्ट, सिसोदिया की बदली सीट, पटपड़गंज से लड़ेंगे अवध ओझा

एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को अपनी दूसरी लिस्ट जारी की। पार्टी ने दूसरी लिस्ट में 20 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। खास बात ये है कि आम आदमी पार्टी ने पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की सीट बदल दी है। इस बार पार्टी ने उन्हें पटपड़गंज की जगह जंगपुरा से चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं पटपड़गंज से आप ने अवध ओझा को टिकट दिया है, जिन्होंने हाल ही में आम आदमी पार्टी का दामन थामा था। इसके अलावा आप ने नरेला से दिनेश भारद्वाज, तिमारपुर से सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू, आदर्श नगर से मुकेश गोयल, मुंडका से जसबीर कारला, मंगोलपुरी से राकेश जाटव धर्मरक्षक, रोहिणी प्रदीप मित्तल, चांदनी चौक से पुनरदीप सिंह साहनी (सेबी) को टिकट दिया है। वहीं पटेल नगर से प्रवेश रतन, मादीपुर से राखी बिड़लान, जनकपुरी से प्रवीण कुमार, बिजवासन से सुरेंद्र भारद्वाज, पालम से जोगिंदर सोलंकी, जंगपुरा से मनीष सिसोदिया, देवली से प्रेम कुमार चौहान, त्रिलोकपुरी से अंजना पारछा, पटपड़गंज से अवध ओझा, कृष्णा नगर से विकास बग्गा, गांधी नगर से नवीन चौधरी (दीपू), शाहदरा से पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी और मुस्तफाबाद से आदिल अहमद खान को अपना उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले आम आदमी पार्टी ने नवंबर में अपनी पहली लिस्ट जारी की थी, जिसमें 11 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की थी। इनमें आम आदमी पार्टी ने छतरपुर से ब्रह्म सिंह तंवर, लक्ष्मी नगर से बीबी त्यागी, किराड़ी से अनिल झा, विश्वास नगर से दीपक सिंघला, रोहतास नगर से सरिता सिंह करावल नगर से मनोज त्यागी, मटियाला से सोमेश शौकीन को टिकट दिया था।

# सीएम नीतीश ने बिहार अभियंत्रण विवि के प्रथम दीक्षांत समारोह में मेधावियों को किया सम्मानित

एजेंसी। पटना



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने अभियंत्रण परीक्षा में अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं को डिग्री, मेडल एवं लैपटॉप प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की गयी विभागीय उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शित की गयी। मुख्यमंत्री ने बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम के अंत में सम्मानित होनेवाले छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री के साथ सामूहिक तस्वीर खिंचवाई। मुख्यमंत्री ने सम्मानित होनेवाले छात्रों को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बिहार सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के तहत सभी जिलों में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय की स्थापना करायी गयी है। मुख्यमंत्री की यह परिकल्पना थी कि राज्य में अलग से एक स्वतंत्र अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना की जाय ताकि पठन-पाठन का सत्र नियमित रूप से होने के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार हो सके। इसको ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है। विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। प्रत्येक अभियंत्रण महाविद्यालय में उच्चस्तरीय आधारभूत संरचना, उच्च गुणवत्ता के प्रयोगशाला, वर्कशॉप एवं स्मार्ट क्लासरूम का निर्माण किया जा रहा है।

## केंद्र की बाजरा योजना बढ़ा रही किसानों की आय : रवनीत सिंह बिट्टू

**नई दिल्ली।** फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने सोमवार को राज्यसभा को बताया कि बाजरा आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने की केंद्र की योजना ने स्थानीय उत्पादन और कृषि उपज की खरीद को बढ़ावा दिया है, जिससे किसानों को लाभ हुआ है। बाजरा आधारित उत्पादों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में शुरू में 30 लाभार्थियों को नामांकित किया गया था, हालांकि एक लाभार्थी के हटने के बाद अब 29 लाभार्थी हैं। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, बाजरा आधारित उत्पादों की तैयारी में केवल घरेलू स्तर पर उत्पादित कृषि उत्पादों (एडिटिव्स, फ्लेवर और तेल को छोड़कर) का ही उपयोग किया जाना चाहिए। सरकार ने बाजरा आधारित उत्पादों के लिए पीएलआई योजना (पीएलआईएसएमबीपी) के कार्यान्वयन को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं।

## नवादा में साइबर डीएसपी से ठगी के प्रयास में 9 अपराधी गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा में सोमवार को साइबर अपराधियों ने बड़ा कांड कर दिया है। साइबर अपराधियों ने साइबर थाने के डीएसपी को ही लाखों कमाई का झांसा दे दिया। दरअसल, नवादा के साइबर डीएसपी प्रिया ज्योति को ही साइबर क्राइम करने वाले अपराधियों ने ठगी करने की कोशिश की। जिसके बाद डीएसपी ने इस मामला में युवक को गिरफ्तार किया है। जहां छापेमारी के दौरान नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी प्रिया ज्योति के द्वारा बताया गया कि लोन दिलाने के नाम पर उन्हें फोन आया और फिर 20 मिनट में 5 लाख रुपया का लोन देने की बात कही गई। इसके बाद एक टीम गठन किया गया और फिर साइबर क्राइम करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार की गई है।

## 34 बोतल शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त



**अररिया।** जिले के बसमतिया थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह बाइक से नेपाल से तस्करी कर ला रहे 34 बोतल शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर सुपौल जिला के वीरपुर थाना क्षेत्र परमानंदपुर पंचायत के शंकरपुर वार्ड संख्या 13 का रहने वाला 32 वर्षीय मो.सज्जाद है। पुलिस ने तस्कर के पास से हीरो सुपर स्पलेंडर मोटरसाइकिल संख्या बीआर 50 ई 8559 है। गिरफ्तार तस्कर शराब की बोतलों को अपने शरीर और कपड़े में छिपाकर बाइक से नेपाल से ला रहा था।

# हिमाचल में पहली बर्फबारी में फंसे 800 पर्यटकों का सुरक्षित रेस्क्यू

एजेंसी। कुल्लू



हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का लुफ्त लेने आए पर्यटकों के सैकड़ों वाहन अटल टनल और आसपास पहली बर्फबारी में फंस गए, जिन्हें पुलिस ने सुरक्षित रेस्क्यू किया है। पुलिस ने अटल टनल के दोनों छोर, उतरी व दक्षिण में फंसे वाहनों और करीब 800 से अधिक पर्यटकों को रेस्क्यू करते हुए देर रात तक मनाली की तरफ भेजा। पहाड़ों में बर्फबारी का लुफ्त लेने भारी संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं। बीती शाम पहाड़ों में बर्फबारी का आनंद लेकर कुल्लू में अटल टनल से होते हुए सैकड़ों वाहनों से पर्यटक गुजर रहे थे। इस बीच रविवार को पहली बर्फबारी के चलते टनल के आसपास जमा बर्फ में गुजरते हुए सैकड़ों वाहनों में सवार पर्यटकों समेत अन्य लोग फंस गए। बर्फबारी में फंसे वाहनों को निकलवाने पुलिस ने मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू के दौरन अटल टनल रोहतांग के उतरी व दक्षिण छोर में फंसे काफी संख्या में पर्यटक व अन्य वाहनों को निकलवाया गया। यह रेस्क्यू करीब 11 बजे रात तक चला और इस दौरान सैकड़ों पर्यटकों को वाहन समेत सुरक्षित मनाली की तरफ भेजा गया। सिस्सू की तरफ ज्यादा बर्फबारी होने के कारण भारी संख्या में पर्यटक वाहनों में फंसे थे। इन सभी वाहनों को रात के समय लाहौल-स्पिति पुलिस ने अटल टनल की तरफ भेजा। जहां से 4 गुणा 4 वाहनों को मनाली की तरफ रवाना किया गया। जबकि करीब 100-150 वाहनों को अटल टनल रोहतांग के दक्षिण छोर पर सुरक्षित खड़ा करवाया गया। इन वाहनों में फंसे पर्यटकों को 4 गुणा 4 निजी वाहनों से देर रात से सोमवार अल सुबह तक सुरक्षित मनाली तक रेस्क्यू करवाया गया। यह अभियान करीब 3-4 बजे तक चला। डीएसपी मनाली क्षमादत शर्मा ने कहा अभी भी लगातार बर्फबारी जारी है जिस कारण सोलंगनाला से आगे केवल 4 गुणा 4 वाहनों को ही भेजा जा रहा है। एसपी लाहौल स्पीति मयंक चौधरी ने कहा कि जिला में बर्फबारी के दौरान पुलिस ने एक सफल बचाव अभियान चलाया, जिसमें खराब मौसम के कारण फंसे हुए 489 वाहनों और 800 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ।

**वृष :** संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मिथुन :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क :** स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**सिंह :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कन्या :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**तुला :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें।

**धनु :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें।

**मकर :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा।

**कुंभ :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे।

**मीन :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ट्रायल लैंडिंग रही सफल, वॉटर कैनन ने दी सलामी



एजेंसी। ग्रेटर नोएडा

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहली बार सोमवार दोपहर करीब 1.30 बजे फ्लाइट की ट्रायल लैंडिंग हुई और ट्रायल रन सफल रहा। दिल्ली से पहुंची फ्लाइट को वाटर कैनन से सलामी दी गई। यह ट्रायल रन 15 दिसंबर तक चलेगा। प्लेन में क्रू मेंबर, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और एयरपोर्ट का तकनीकी स्टाफ मौजूद रहा। इनका काम टेक ऑफ से लेकर लैंड तक पूरा तकनीकी डेटा इकट्ठा करना है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहली बार विमान उतरा है। इस दौरान नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राम मनोहर नायडू मौके पर मौजूद रहे। उनके साथ नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह कार्यक्रम की सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रहीं। इस दौरान विधायक, सांसद, डीजीसीए के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक रनवे पर ट्रायल के दौरान विमान 15 मिनट हवा में उड़ा, उसके बाद नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे पर उतरा और 5 मिनट बाद विमान ने फिर से उड़ान भरी। जेवर में एयरपोर्ट के रनवे लैंड करने के दौरान प्लेन में क्रू मेंबर और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का तकनीकी स्टाफ मौजूद रहा। इनका काम डाटा कलेक्ट करना है। ये डाटा डायरेक्टर जनरल आफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) को भेजा जाएगा। माना जा रहा है कि अप्रैल में यहां से पहली कमर्शियल फ्लाइट उड़ान भरेगी। बता दें कि अब तक एयरपोर्ट का 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। कैट-1 और कैट-3 उपकरण स्थापित हो चुके हैं जो कोहरे में विमान की ऊंचाई और दृश्यता की जानकारी देते हैं। एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) को स्थापित किया जा चुका है।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

67वीं औपबंधिक सूची
जिला–पलामू (पार्ट–2)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बालकिशुन उराँव एवं दाउद केरकेट्टा द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–553/24<br>2. आवेदक–दीनानाथ सिंह, पिता–स्व0 रामजन्म सिंह<br>3. ग्राम–अवसाने, पोस्ट–चान्दो, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–554/24<br>2. आवेदक–लुकमान अंसारी, पिता–बच्चु मियाँ<br>3. ग्राम–नेउरा, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–555/24<br>2. आवेदक–रविन्द्र चौधरी, पिता–स्व0 श्याम बिहारी चौधरी<br>3. ग्राम–नरसिंह पुर पथरा, पोस्ट–नरसिंह पुर पथरा, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर पर जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–556/24<br>2. आवेदक–शैलेन्द्र सिंह, पिता–स्व0 कामता प्रसाद सिंह<br>3. ग्राम–कटुअल कला, पोस्ट–कटुअल कला, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–557/24<br>2. आवेदक–सुषमा देवी, पति–लालमुनी यादव<br>3. ग्राम–सरहुआ, पोस्ट–रामगढ़, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–558/24<br>2. आवेदक–किरण देवी, पति–बिष्णु यादव<br>3. ग्राम–सरहुआ, पोस्ट–रामगढ़, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ का अंगुठा का नाखुन नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–559/24<br>2. आवेदक–जितेन्द्र प्रसाद, पिता–स्व0 शिवलाल प्रसाद<br>3. ग्राम–शाहपुर, पोस्ट–शाहपुर, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–560/24<br>2. आवेदक–सरवर अंसारी, पिता–जेनतुल्लाह अंसारी<br>3. ग्राम–बिल बिकवा, पोस्ट–सिरमा, थाना–पाटन, प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–561/24<br>2. आवेदक–सेराज अंसारी, पिता–मो0 समसुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–नवाटोली, पोस्ट–मेदनीनगर, थाना–मेदनीनगर, प्रखण्ड–मेदनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–562/24<br>2. आवेदक–धर्मेन्द्र कुमार, पिता–विद्या सागर प्रसाद<br>3. ग्राम–रामगढ़, पोस्ट–रामगढ़, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें होठ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–563/24<br>2. आवेदक–मंजूर आलम, पिता–बाजदल मियाँ<br>3. ग्राम–धनगांव, पोस्ट–लेस्लीगंज, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर पर जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–564/24<br>2. आवेदक–वाहिद अंसारी, पिता–अमानत हुसैन<br>3. ग्राम–बारी, , पोस्ट–खामडीह, थाना–सतबरवा, प्रखण्ड–मेदनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री सतीष कुमार, विकेष शुक्ला एवं विरेन्द्र ठाकुर द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन में दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–565/24<br>2. आवेदक–अजीत कुमार तिवारी, पिता–स्व0 नारायण तिवारी<br>3. ग्राम–बारालोटा, पोस्ट–बारालोटा, थाना–डालटनगंज, प्रखण्ड–डालटनगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ पर केहुनी पर तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–566/24<br>2. आवेदक–ष्यामा कान्त तिवारी, पिता–यमुना तिवारी<br>3. ग्राम–बारालोटा, पोस्ट–बारालोटा, थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये आँख पर कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–567/24<br>2. आवेदक–आलोक प्रकाष, पिता–श्री बलराम तिवारी<br>3. ग्राम–बारालोटा, पोस्ट–बारालोटा, थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये आँख के पास कट का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–270/24<br>2. आवेदक–रानी देवी, पति–सतीष कुमार<br>3. ग्राम–नई मुहल्ला, पोस्ट–मेदिनीनगर, थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड– मेदिनीनगर<br>4. लिंग– महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– बाये आँख पर कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–395/24<br>2. आवेदक–षांति देवी, पति– स्व0 अखिलेष सिंह<br>3. ग्राम–कजरी, पोस्ट–गौडीहा, थाना–गौडीहा, प्रखण्ड– पन्डवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री अषोक कुमार सिंह एवं रहमतुल्ला अंसारी द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन में दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–568/24<br>2. आवेदक–ललन कुमार सिंह, पिता–स्व0 मुरलीधर सिंह<br>3. ग्राम–सुदना, पोस्ट–सुदना, थाना–डालटनगंज, प्रखण्ड–डालटनगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये गाल पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0–569/24<br>2. आवेदक–हबीब खाँ, पिता–युसूफ खाँ<br>3. ग्राम–सरैया, पोस्ट–बैदाकलां, थाना–पंडवा, प्रखण्ड–पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल पर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0–570/24<br>2. आवेदक–पारसनाथ महतो, पिता–स्व0 विन्देष्वर महतो<br>3. ग्राम–बैदाकलां, पोस्ट–बैदाकलां, थाना–पाटन, प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–ढोढी पर कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दाउद केरकेट्टा द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन में दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 81. | 1. आवेदन क्र0–571/24<br>2. आवेदक–मो0 असलम, पिता–स्व0 इसराइल टेलर<br>3. ग्राम–षंति मुहल्ला, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– 58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया कान के नीचे ऑपरेषन का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0–572/24<br>2. आवेदक–सलाउद्दीन खलीफा, पिता–स्व0 ओलायत खलीफ<br>3. ग्राम–षंति मुहल्ला, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया साइड आँख के उपर माथा पर मासा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0–129/24<br>2. आवेदक–कलीमुद्दीन खलीफा, पिता–स्व0 मो0 फैजुद्दीन खलीफा<br>3. ग्राम–रंका, पोस्ट–रंका, थाना–रंका, प्रखण्ड–रंका<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओठ के बाया साइड में मासा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0–573/24<br>2. आवेदक–जियाउल हक, पिता–इसराइल खलीफा<br>3. ग्राम–चैनपुर (षंति मुहल्ला), पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– 46 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाला में वाई साईड तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0–574/24<br>2. आवेदक–विजय माँझी, पिता–रामधनी माँझी<br>3. ग्राम–चैनपुर (पूर्व मुहल्ला), पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये गर्दन पर गोदना का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0–575/24<br>2. आवेदक–कुलवन्ती कुंवर, पति–स्व0 जसवंत सिंह चेरो<br>3. ग्राम–सोकरा, पोस्ट–चान्दो, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाये घुटना पर कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–576/24<br>2. आवेदक–सत्य प्रकाष ठाकुर, पिता–स्व0 श्री सुदर्षन ठाकुर<br>3. ग्राम–चैनपुर, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनों हाथ के कानी अंगुली टेढा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0–578/24<br>2. आवेदक–सुरेन्द्र प्रसाद चौरसिया, पिता–नरेष महतो<br>3. ग्राम–मझिगावाँ, पोस्ट–नरसिंहपुर पथरा, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– 49 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाये गाल में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0–579/24<br>2. आवेदक–अब्दुल शरीफ, पिता–सोबराती मियाँ<br>3. ग्राम–कौड़िया, पोस्ट–सुआ, थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–चियाकी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आँख के पास तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0–577/24<br>2. आवेदक–जवाहर चौधरी, पिता–स्व0 धनेष्वर चौधरी<br>3. ग्राम–कल्याणपुर, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये आँख के नीचे तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच षिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 341548 Home(24-25)D



# भारत के कुश मैनी ने अबू धाबी जीपी में ऐतिहासिक फॉर्मूला 2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप जीती

**एजेंसी । अबू धाबी**

कुश मैनी ने फॉर्मूला 2 के 2024 सीजन में फिर से इतिहास रच दिया। इनविक्टा रेसिंग टीम ने ऍफ़2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप जीती, जिससे 24 वर्षीय यह खिलाड़ी जूनियर फॉर्मूला के शिखर पर एफआईए कंस्ट्रक्टर्स वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने वाला पहला और एकमात्र भारतीय बन गया। यह शानदार उपलब्धि कुश के लिए एक शानदार वर्ष में इजाफा करती है, जो पहले ऍफ़2 पोल पोजीशन हासिल करने वाले पहले भारतीय बने थे। सीजन के उतार-चढ़ाव के बावजूद, कुश ने इनविक्टा की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें हंगरी में एक रेस जीत सहित पांच पोडियम हासिल किए। जेद्दा में उनकी पोल पोजीशन ने टीम के प्रमुख अभियान की दिशा तय की, जिसका समापन कुश की पूर्व टीम - कैंपोस रेसिंग पर 34.5 अंकों के अंतर से जीत के साथ हुआ। अंतिम रेस के लिए, मैनी ने अबू धाबी में एक ठोस क्वालीफाइंग राउंड खेला, जिसके परिणामस्वरूप पी6 पर रहे और दोनों रेस में उनकी शुरुआत और भी बेहतर रही। उन्होंने अपने पहले लैप में स्प्रिंट में 6 स्थान और अपने पहले लैप में फीचर में 3 स्थान का फायदा हुआ ।

हालांकि, उनके फ्लोर पर कुछ नुकसान के कारण उन्हें स्प्रिंट के लिए बैकफुट पर आना पड़ा, जबकि एक रुके हुए पिटस्टॉप ने रविवार को फीचर रेस में सीज़न को उच्च स्तर पर समाप्त करने की उनकी योजनाओं को बाधित किया।

## इनविक्टा में सभी को अच्छे प्रदर्शन के लिए धन्यवाद

मैनी ने इस शानदार उपलब्धि के बाद कहा, "हमने जिस तरह से शुरुआत की, उसे देखते हुए यह वह साल नहीं था, जो मैं चाहता था, लेकिन फिर भी कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप सहित बहुत सारी सकारात्मक चीजें मिली। इनविक्टा में सभी को अच्छे प्रदर्शन के लिए धन्यवाद और भविष्य के लिए शुभकामनाएं। मैं आगे क्या करने वाला हूं, इसका इंतजार कर रहा हूं और अगले साल के लिए तैयार हूं। यह ऐतिहासिक जीत न केवल भारतीय मोटरस्पोर्ट इतिहास में मैनी की जगह को मजबूत करती है, बल्कि चुनौतीपूर्ण लेकिन पुरस्कृत सीज़न के दौरान उनके लचीलेपन और दृढ़ संकल्प को भी रेखांकित करती है। अपनी यात्रा के अगले अध्याय की ओर देखते हुए, कुश वैश्विक मोटरस्पोर्ट मंच पर अधिक प्रतिनिधित्व की आकांक्षा रखने वाले राष्ट्र की आशाओं को लेकर चल रहे हैं।

# खो खो विश्वकप के लिए आज से शुरू होगा प्रशिक्षण शिविर

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारत की मेजबानी में अगले महीने होने वाले खो खो विश्वकप के लिए भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर 10 दिसंबर मंगलवार से प्रतिष्ठित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली में शुरु होगा। शिविर में देश भर से चुने गए 60 लड़कियों और 60 लड़कों को टीम भावना विकसित करने, कौशल बढ़ाने , मानसिक मजबूती,अनुशासन और टीम बॉन्डिंग बढ़ाने के लिए गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा । इस शिविर में अनुभवी और नए युवा प्रतिभाशाली खिलाडियों को खेल विषेशज्ञों द्वारा पोल डाइविंग ,टैपिंग ,ज़िग ज़ैग रनिंग,डाजिंग टैपिंग आदि खो खो खेल की बारीकियां सिखाई जाएंगी। भारतीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने आज यहां बताया कि खो खो विश्वकप से पहले राष्ट्रीय टीम की तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है तथा इस प्रशिक्षण शिविर के प्रदर्शन के आधार पर खो खो विश्व कप में भाग लेने के लिए 15 लड़कों और 15 लड़कियों की राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा जोकि विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह 13 से 19 जनवरी, 2025 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होने वाले खो खो विश्व कप के लिए उनकी अंतिम तैयारियों की शुरुआत है।भारतीय राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच अश्विनी शर्मा की देखरेख में एक महीने तक यह फिटनेस और प्रशिक्षण शिविर चलेगा। इसमें खिलाड़ियों की चपलता और तकनीक पर फोकस होगा। इस प्रशिक्षण शिविर में देशभर के पुरुष और महिला वर्ग दोनों के साठ-साठ प्रतिभाशाली खिलाड़ी, अनुभवी और नए प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे।

# रोहित को अगले मैचों में ओपनिंग करना चाहिए : सुनिल गावस्कर

**एडिलेड।** एडिलेड टेस्ट में मध्य क्रम में आकर दोनों पारियों में वफिल रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पूर्व भारतीय दिग्गज बल्लेबाज़ सुनील गावस्कर ने सलाह दी है कि रोहित को अगले मैचों में ओपनिंग ही करनी चाहिए। गावस्कर ने मैच के बाद ब्रॉडकास्टर्स से कहा, "मुझे लगता है कि अगले टेस्ट में रोहित को ही ओपनिंग करना चाहिए। मैं मानता हूं कि पहले टेस्ट में यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल के बीच 201 रनों की साझेदारी हुई थी। लेकिन इसके बाद लंबा गैप आया और रोहित ने मध्यक्रम में बल्लेबाज़ी की। मैं मानकर चल रहा हूं कि भारत अगले टेस्ट में बहुत अच्छी बल्लेबाज़ी करेगा। ऐसे में रोहित नई गेंद से बल्लेबाज़ी करें यानि ओपन करें, क्योंकि वहीं पर उनका स्वाभाविक खेल है। वहीं राहुल जब बल्लेबाज़ी करने आएंगे तो उम्मीद है कि वे दूसरी नई गेंद के समय आएंगे। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर मैथ्यू हेडन ने उनकी बात काटते हुए कहा, "देखिए जो मैंने पर्थ में देखा उसमें दिखा कि केएल राहुल के पास बहुत अच्छी तक़नीक है।

# एडिलेड में हार के बाद कपिल ने रोहित शर्मा का समर्थन किया

**एजेंसी । नई दिल्ली**

एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से भारत की दस विकेट से हार के बाद, भारत के प्रतिष्ठित 1983 विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने संघर्षरत कप्तान रोहित शर्मा को टी20 विश्व कप 2024 जीतने की उनकी उपलब्धियों का हवाला देते हुए अपना समर्थन दिया। एडिलेड ओवल में गुलाबी गेंद का टेस्ट सिर्फ तीन दिनों से कम समय में समाप्त हो गया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने शानदार जीत हासिल कर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। रोहित शर्मा के लिए, यह मैच प्लेइंग इलेवन में वापसी का प्रतीक था, जो अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पर्थ में शुरूआती टेस्ट से चूक गए थे। हालांकि, उनकी वापसी विजयी होने से बहुत दूर थी। कपिल ने कहा,मुझे लगता है कि उसे (रोहित शर्मा) खुद को साबित करने की जरूरत नहीं है। उसने कई सालों तक ऐसा किया है। इसलिए, किसी पर संदेह न करें।

## बाकी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे रोहित : जतिन परांजपे

पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राष्ट्रीय चयनकर्ता जतिन परांजपे का मानना है कि एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया से 10 विकेट से मिली हार में रोहित शर्मा भले ही अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से दूर रहे हों, लेकिन उन्हें अभी भी भरोसा है कि भारतीय कप्तान सीरीज के बाकी तीन मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। छह साल की अनुपस्थिति के बाद टेस्ट क्रिकेट में नंबर छह की स्थिति में वापसी करते हुए, रोहित एडिलेड ओवल में दो पारियों में केवल नौ रन ही बना सके। एडिलेड में लगातार खराब प्रदर्शन का मतलब है कि रोहित का अपने पिछले छह टेस्ट मैचों में औसत केवल 11.83 है।



***रोहित शर्मा के लिए, यह मैच प्लेइंग इलेवन में वापसी का प्रतीक था, जो अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पर्थ में शुरूआती टेस्ट से चूक गए थे।***

### भारत को साझेदारी बनाने के क्षेत्र में सुधार करना होगा : हरभजन

एडिलेड में दूसरे टेस्ट मैच के बाद, भारत और ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज हरभजन सिंह और मैथ्यू हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स पर अपने विचार साझा किए। बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दूसरे टेस्ट पर विचार करते हुए, उन्होंने भारत के प्रदर्शन और उन क्षेत्रों पर चर्चा की, जहां भारत को सुधार करने की जरूरत है।

**एएफसी एशियन कप**
**2027 क्वालीफायर**

# भारत का मुकाबला हांगकांग सिंगापुर, बांग्लादेश से

**एजेंसी । कुआलालंपुर**

भारत को एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर के अंतिम दौर के ग्रुप सी में हांगकांग, सिंगापुर और बांग्लादेश के खिलाफ खेलना है। 24 टीमों को चार-चार के छह समूहों में विभाजित करके ड्रॉ निकाला गया, जो सोमवार को यहां एएफसी हाउस में आयोजित किया गया। केवल छह ग्रुप विजेता ही क्वालीफाई करेंगे और उन 18 टीमों में शामिल होंगे, जिन्होंने क्वालीफाइंग के दूसरे दौर के बाद पहले ही एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 के लिए अपना टिकट बुक कर लिया है। क्वालीफायर का अंतिम दौर 25 मार्च, 2025 और 31 मार्च, 2026 के बीच छह मैच दिनों में होम-एंड-अवे प्रारूप में खेला जाएगा। भारत, अपने इतिहास में पहली बार लगातार तीन एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखते हुए, बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। भारत ने हाल के दिनों में तीनों प्रतिद्वंद्वियों का सामना किया है। ब्लू टाइगर्स ने आखिरी बार 2021 सैफ चैंपियनशिप में बांग्लादेश का सामना किया था, जून 2022 में कोलकाता में एएफसी एशिया कप क्वालीफायर में हांगकांग का सामना किया था और सितंबर 2022 में वियतनाम में हंग थिन्ह फ्रेंडली टूर्नामेंट में सिंगापुर का सामना किया था। नवंबर में जारी फीफा रैंकिंग के अनुसार, भारत 127वें, हांगकांग 156वें, सिंगापुर 161वें और बांग्लादेश 185वें स्थान पर है। ड्रा के बाद, भारत के मुख्य कोच मनोलो मार्क्वेज ने कहा, "हम पॉट 1 टीम हैं और हमें यह दिखाने की ज़रूरत है कि हम क्वालीफ़ाई करने के लिए पसंदीदा क्यों हैं।





# ओडिशा वॉरियर्स की कप्तान नेहा ने कहा, 'लक्ष्य उदाहरण पेश करके नेतृत्व करना है'

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ओडिशा वॉरियर्स की कप्तान नेहा पहली बार होने वाली महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में अपनी टीम की अगुआई करते हुए ऐतिहासिक सफर पर निकलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाल ही में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के साथ जीत हासिल करने के बाद, नेहा अब भारतीय हॉकी के इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए नई ऊर्जा और फोकस के साथ कप्तानी की भूमिका में कदम रख रही हैं। महिला एचआईएल के उद्घाटन के महत्व पर विचार करते हुए, नेहा ने अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए इसके महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, "हम वर्षों से इस तरह के मंच का इंतजार कर रहे थे, और अब जब यह आखिरकार आ गया है, तो यह अवास्तविक लगता है। यह युवा लड़कियों के लिए राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा अवसर है। यह लीग उन लोगों को भी प्रेरित करेगी जो इस सीजन में जगह नहीं बना पाए और अगले संस्करण के लिए लक्ष्य बनाए। मुझे विश्वास है कि एचआईएल भारतीय टीम के लिए नई प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद करेगी।



## भारतीय मनोरंजन और मीडिया इंडस्ट्री का राजस्व बढ़ने का है अनुमान

# 2028 तक 3,65,000 करोड़ रुपये के पार होगा

**एजेंसी । नई दिल्ली**



पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट में दी गई है जानकारी

देश में मनोरंजन और मीडिया इंडस्ट्री का राजस्व 2028 तक 3,65,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो 8.3 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय मनोरंजन और मीडिया इंडस्ट्री का राजस्व चार वर्षों में वैश्विक दर 4.6 प्रतिशत से आगे निकल जाएगा।

पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस सेक्टर में विज्ञापन राजस्व 9.4 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर 2028 तक 1,58,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो वैश्विक औसत 6.7 प्रतिशत से 1.4 गुना अधिक है। इस वृद्धि का अधिकांश हिस्सा डिजिटल फ्रंट (इंटरनेट विज्ञापन) से आएगा। भारत में इंटरनेट विज्ञापन 15.6 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर 2028 तक 85,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जो टॉप 15 देशों में सबसे अधिक वृद्धि दर और वैश्विक औसत से 1.6 गुना अधिक है। दूसरी ओर, देश में ऑनलाइन गेमिंग और ई-स्पोर्ट्स सेक्टर 19.2 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ रहा है और 2028 तक 39,583 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। इस बीच, देश में ओटीटी प्लेटफॉर्म का राजस्व 14.9 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ने का अनुमान है, जो टॉप 15 देशों में सबसे अधिक है, यह 35,061 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। पीडब्ल्यूसी इंडिया के मुख्य डिजिटल अधिकारी और टीएमटी लीडर मनप्रीत सिंह आहूजा ने कहा, हमारे 'ग्लोबल एंटरटेनमेंट एंड मीडिया आउटलुक 2024-2028' के अनुसार, डिजिटल विज्ञापन, ओटीटी प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन गेमिंग और जनरेटिव एआई जैसे प्रमुख विकास कारक उद्योग के भविष्य को आकार दे रहे हैं।

भारत की बेहतर कनेक्टिविटी, बढ़ते विज्ञापन राजस्व और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के आसपास अनुकूल सरकारी नीतियों के साथ, देश में अगले पांच वर्षों में सबसे अधिक विकास दर देखने का अनुमान है। वर्तमान में, भारत में 80 करोड़ ब्रॉडबैंड सब्सक्रिप्शन, 55 करोड़ स्मार्टफोन यूजर्स और 78 करोड़ इंटरनेट यूजर्स हैं। भारतीय अपना 78 प्रतिशत समय मनोरंजन और मीडिया से जुड़े मोबाइल फोन ऐप पर बिता रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार ने भारत के आउट-ऑफ-होम (ओओएच) विज्ञापन बाजार में भारी वृद्धि का समर्थन किया है, जो 2023 में 12.9 प्रतिशत बढ़ा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके 7.6 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ने की उम्मीद है। प्रिंट विज्ञापन राजस्व की बात करें, तो -2.6 प्रतिशत की सीएजीआर पर वैश्विक गिरावट के बावजूद, भारत के बाजार में 3 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे यह 2028 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा प्रिंट बाजार बन जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में सिनेमा बाजार का विस्तार जारी है, जो 14.1 प्रतिशत सीएजीआर की दर से बढ़ रहा है।

## कारोबार : 200 अंक गिरा सेंसेक्स

**मुंबई।** मिश्रित वैश्विक संकेतों से बाजार की धारणा प्रभावित हुई और भारतीय शेयर बाजार सोमवार को लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में एफएमसीजी सेक्टर में भारी बिकवाली देखी गई। कारोबार के अंत में, सेंसेक्स 200.66 अंक या 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,508.46 पर बंद हुआ। निफ्टी 58.80 अंक या 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,619 पर बंद हुआ। जानकारों के अनुसार, मध्य पूर्व में तनाव के बीच तेल की कीमतों में तेजी और भारत तथा अमेरिका के सीपीआई डाटा तथा इस सप्ताह ईसीबी नीति जैसे प्रमुख आर्थिक आंकड़ों से पहले निवेशकों की सतर्कता ने शेयर बाजार की धारणा को प्रभावित किया।



## मजबूत लीजिंग के कारण मॉल में तेजी

**मुंबई।** अनुकूल आर्थिक कारकों और बढ़ती समृद्धि के बीच रिटेल सेक्टर की वृद्धि से प्रेरित होकर, भारत में मॉल में खाली पड़े स्पेस को लेकर कमी आ रही है। सोमवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, मॉल का खाली स्पेस जो कि 2021 में 15.5 प्रतिशत था, 2024 में घटकर 8.3 प्रतिशत रह गया है। चालू वर्ष की पहली छमाही ने पिछले दो वर्षों में देखी गई लीजिंग गति को दर्शाया है, जिसमें प्रमुख शहरों में तीन मिलियन वर्ग फुट से अधिक स्पेस लीज पर दिए गए हैं। एनारॉक की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगले कुछ वर्षों में इन सभी शहरों में आपूर्ति में बड़ी वृद्धि देखी जाएगी, जिसमें दिल्ली-एनसीआर का हिस्सा सबसे अधिक होगा।

### 4 वर्षों में भारत में एफडीआई प्रवाह 1,000 बिलियन अमेरिकी डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के बीच भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह बढ़कर 1,033.40 बिलियन डॉलर हो गया है, जो देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में बढ़ते निवेश के अवसरों को दर्शाता है। एफडीआई से लाभान्वित होने वाली अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्रों में ऑटोमोबाइल, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, आईटी हार्डवेयर, दूरसंचार, फार्मास्यूटिकल्स, रसायन और सेवाएं शामिल हैं।

# अदाणी पोर्ट को पेट्रोलियम आयात करने के लिए मिली मंजूरी मार्च 2026 तक बढ़ी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय ने अदाणी समूह के आंध्र प्रदेश स्थित कृष्णापट्टनम पोर्ट को समुद्री मार्ग से पेट्रोलियम आयात करने की मंजूरी 1 मार्च, 2026 तक बढ़ा दी है। केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया कि सार्वजनिक हित में पेट्रोलियम आयात करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, आंध्र प्रदेश स्थित कृष्णापट्टनम पोर्ट (अदाणी कृष्णापट्टनम पोर्ट लिमिटेड) के लिए 25 अगस्त, 2024 से 1 मार्च, 2026 तक की अवधि के लिए बंदरगाहों पर समुद्री मार्ग से भारत में पेट्रोलियम आयात करने की अधिसूचना को आगे बढ़ाया जाता है। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोंस (एपीएसईजेड) के शेयर में सोमवार को एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त देखी गई। अदाणी कृष्णापट्टनम पोर्ट ने इस साल अगस्त में अपनी मौजूदा क्षमता और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए एक उन्नत कार्गो हैंडलिंग सिस्टम लांच किया था।



**01** मार्च, 2026 तक बढ़ा दी है आंध्र प्रदेश स्थित कृष्णापट्टनम पोर्ट को समुद्री मार्ग से पेट्रोलियम आयात करने की मंजूरी

अदाणी कृष्णापट्टनम पोर्ट ने इस साल अगस्त में अपनी मौजूदा क्षमता और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए एक उन्नत कार्गो हैंडलिंग सिस्टम लांच किया था

### भारत में शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर में 2030 तक निवेश होंगे 143 लाख करोड़

**मुंबई।** भारत में आने वाले वर्षों में गुणवत्तापूर्ण शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग में इजाफा होगा। इस कारण से भारत वर्ष 2030 तक इंफ्रास्ट्रक्चर में 143 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश कर सकता है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। कोलियर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि तेजी से हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास देश भर में सैटेलाइट टाउनशिप के विकास को बढ़ावा दे रहा है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि वर्ष 2030 तक होने वाले इस व्यय का अधिकांश भाग शहरी क्लस्टर्स की ओर निर्देशित किया जाना है, जिससे शहरी क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर के नेतृत्व वाला विकास हो सके। विचाराधीन परियोजनाओं में हवाई अड्डे, इंटरसिटी मेट्रो कनेक्टिविटी, एयरोसिटी, हाइवे, हाईस्पीड रेल कॉरिडोर, आईटी + आईटीईएस जोन, बड़े डाटासेंटर कंसंट्रेशन जोन और अन्य शामिल हैं।

## 'स्किल इंडिया डिजिटल हब' ने पूरे किए 1 करोड़ से ज्यादा रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली।** स्किल इंडिया और नेशनल स्किल्स डेवलपमेंट मिशन के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत के स्किल डेवलपमेंट, एजुकेशन, एम्प्लॉयमेंट और एंटरप्रेन्योरशिप से जुड़े 'स्किल इंडिया डिजिटल हब' प्लेटफॉर्म ने 1 करोड़ से ज्यादा रजिस्ट्रेशन के साथ मील का पत्थर हासिल कर लिया है। स्किल इंडिया डिजिटल हब भारतीयों को ऑनलाइन ट्रेंनिंग प्लेटफॉर्म के जरिए स्किल, रिस्किल और अपस्किलिंग के साथ नौकरियों के लिए तैयार करने से जुड़ा प्लेटफॉर्म है। एसआईडीएच प्लेटफॉर्म सितंबर 2023 में लांच किया गया था। यह प्लेटफॉर्म स्किल को बेहतर करने और इंडस्ट्री से जुड़े स्किल कोर्स और एंटरप्रेन्योरशिप सपोर्ट के उद्देश्य से पेश किया गया था। यह प्लेटफॉर्म स्किल के जुड़े अवसरों का डिजिटल विस्तार है और दो सबसे महत्वपूर्ण पहलों स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया का संयोजन है। एक करोड़ से ज्यादा रजिस्ट्रेशन के अलावा, लेटेस्ट डाटा से पता चलता है कि कुल 12 लाख मोबाइल एप्लिकेशन को डाउनलोड किया गया है।



















## सीएम हेमंत सोरेन का अभिवादन एवं स्वागत करते मंत्री व अधिकारी

झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेनका अभिवादन एवं स्वागत करते हुए संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्णा किशोर, मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री योगेंद्र प्रसाद, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल एवं डीजीपी अनुराग गुप्ता।

# पदभार संभालते ही नेहा ने बतायी अपनी योजना

- *कहा, बीएयू को दुरूस्त करने की जरूरत*
- *13 दिसंबर को होगी विभागीय बैठक*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का पदभार सोमवार को शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्रहण किया। इस असवर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को बधाई देने वालों की भीड़ लगी थी। मौके पर उन्होंने कहा कि समस्त झारखंडवासियों, कांग्रेस के वरिष्ठजनों और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का अभार है कि युवा कंधों पर इतनी बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है। पदभार ग्रहण करने के साथ गौरव और चुनौती दोनों महसूस कर रही हूं। बिचौलिए भोले-भाले किसानों को गुमराह करते हैं। उनके फसलों का सही रेट उन्हें मिले, सिंचाई का लाभ सभी किसानों को मिले। युवाओं को कृषि से जोड़ने के लिए एग्रीपेन्योर तरीके से खेती करानी होगी, जिससे उनका पलायन रुक जाए। **राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता** ने पूछा कि समय पर बीज का विरतण नहीं होता है, तो उन्होंने कहा कि पशु का भी वितरण नहीं होता है। छोटे-छोटे मुद्दे पर भी काम करने की जरूरत है, क्योंकि ये मुद्दे सीधे जनता से जुड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि बीएयू झारखंड की शान है, इसे दुरूस्त करने की जरूरत है। कोऑपरेटिव अगर सही तरीके से काम करे, तो रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि 13 दिसंबर को विभागीय बैठक होगी, जिसमें आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा।

# शिक्षा, स्वास्थ्य व ग्रामीण विकास जैसे विभाग बने भ्रष्टाचार के गढ़ : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग, जिनसे राज्य की नींव मजबूत होनी चाहिए, अब भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़े होकर भ्रष्टाचार के गढ़ बन गए हैं। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को पोस्ट में लिखा है कि सिर्फ 2024 में अब तक 39 अधिकारियों को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। ईडी ने 2024 में 39.28 करोड़ रुपये नकद जब्त किए, जो 2022 के आंकड़े से लगभग दोगुना है। यह स्थिति सरकार और प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है। बार-बार रिश्वत में पकड़े जाने वाले कर्मचारियों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं करना दशार्ता है कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की सरकार की मंशा ही नहीं है। यह कितनी शर्मनाक है कि जिन विभागों का कार्य आम जनता को राहत देना है, वे जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने में लगे हैं।

# कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : दीपक बिरुआ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजस्व, भूमि सुधार एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ विधानसभा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद सोमवार को एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने विभागीय मंत्री के तौर पर पद ग्रहण करने के बाद अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। दीपक बिरुआ ने पदभार ग्रहण करने के बाद सबसे पहले भू-राजस्व और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मंत्री ने विभागीय पदाधिकारियों को राजस्व संग्रहण बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दिसंबर के बाद भू-राजस्व के संदर्भ में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों के साथ बैठक आयोजित करें। इसके बाद जिला स्तर पर कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने परिवहन सचिव और भू-राजस्व विभाग के सचिव को इसके लिए स्पष्ट निर्देश दिया।


## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग,
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

69वीं औपबंधिक सूची
जिला–पलामू (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रामरतन कुमार मेहता एवं शंखनाथ सिंह द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा झामुमो की वर्ष 1995 की बैठक पार्टी में नाम के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–498/24 2. आवेदक–अखिलेश्वर महतो , पिता–सुर्यनाथ महतो<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–81 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–499/24 2. आवेदक–जनेश्वर महतो, पिता–स्व0 हरीहर महतो<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–500/24 2. आवेदक–सत्येन्द्र महतो, पिता–रामदास महतो<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–500/24 2. आवेदक–महेन्द्र महतो, पिता–स्व0 रामनारायण महतो<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–502/24 2. आवेदक–शशिकांत विश्वकर्मा पिता–बचन विष्वकर्मा<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–503/24 2. आवेदक–अशोक पासवान, पिता–रामधारी राम<br>3. ग्राम–बाबू दुम्बी , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के उंगली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–504/24 2. आवेदक–प्रमोद कुमार विश्वकर्मा, पिता–रामरतन मिस्त्री<br>3. ग्राम–ठकुराई, दिदरी , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–505/24 2. आवेदक–कलिंदा देवी, पति–प्रभाष महतो<br>3. ग्राम–बनुआँ , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में गहरा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–506/24 2. आवेदक–ललिता देवी, पति–सत्येन्द्र महतो<br>3. ग्राम–बनुआँ , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–507/24 2. आवेदक–मीना देवी, पति–शंभु कुमार महतो<br>3. ग्राम–बनुआँ , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–जांघ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–508/24 2. आवेदक–प्रमिला देवी, पति–अशोक पासवान<br>3. ग्राम–बाबू दुम्बी , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ के उंगली में कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–509/24 2. आवेदक–रामनेती देवी, पति–सच्चिदानंद गिरि<br>3. ग्राम–पचमो , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–510/24 2. आवेदक–रामस्वरूप महतो, पिता–शिवनाथ महतो<br>3. ग्राम–नौडीहा , पोस्ट–धनगांव , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–511/24 2. आवेदक–उदय कुमार महतो, पिता–गणेश महतो<br>3. ग्राम–नौडीहा , पोस्ट–धनगांव , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–घुटने में पैर में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–512/24 2. आवेदक–रविन्द्र कुमार मेहता, पिता–रूपधारी महतो<br>3. ग्राम–पिपरा , पोस्ट–रांकीकलां , थाना–मनिका , प्रखण्ड–मनिका<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें नाक पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–513/24 2. आवेदक–चिंता देवी, पति–बिरेन्द्र कुमार मेहता<br>3. ग्राम–सलगस , पोस्ट–सगालीम , थाना–पांकी , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें ललाट पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–127/24 2. आवेदक–कपिलदेव महतो, पिता–गणेश महतो<br>3. ग्राम–मदगड़ी , पोस्ट–कंजीया , थाना–भण्डरिया , प्रखण्ड–भण्डरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–514/24 2. आवेदक–किषोर कुमार महतो, पिता–दिपन महतो<br>3. ग्राम–सोले , पोस्ट–गहरपथरा , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–515/24 2. आवेदक–कामेष्वर महतो, पिता–उदय महतो<br>3. ग्राम–कोल्हुआ , पोस्ट–रोल , थाना–नावा जयपुर , प्रखण्ड–नावा जयपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–कमर के पास तिल। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री अरूण कुमार दुबे, अजय बक्स राय, श्यामलाल सिंह एवं लक्ष्मण ठाकुर द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–500/24 2. आवेदक–मोहम्मद मुस्तफा अंसारी , पिता–स्व0 रमजान अली<br>3. ग्राम–साहद , पोस्ट–गुरूआ, थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में सफेद दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–500/24 2. आवेदक–फुलपति देवी , पति–दिपनारायण प्रसाद<br>3. ग्राम–काचन टोला, गुरियाही , पोस्ट–रामगढ़ , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–500/24 2. आवेदक–मोहम्मद शमीम , पिता–मो0 शेखावत हुसैन<br>3. ग्राम–षाहपुर मंसुरी महल्ला , पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां तरफ गर्दन पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–500/24 2. आवेदक–रामअवतार सिंह , पिता–स्व0 रामवृक्ष सिंह<br>3. ग्राम–सोहरी , पोस्ट–घुटवा, थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अशोक कुमार सिंह एवं रहमतुल्ला अंसारी द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–516/24 2. आवेदक–बेनी माधव सिंह , पिता–स्व0 मुनेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–पाल्हेकलां , पोस्ट–पाल्हेकलां, थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें आंख के नीचे कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–517/24 2. आवेदक–सनमत सिंह , पिता–स्व0 मुनेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–पाल्हेकलां , पोस्ट–पाल्हेकलां, थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–518/24 2. आवेदक–उदयनाथ महतो , पिता–गणेशी महतो<br>3. ग्राम–गाड़ीखास , पोस्ट–गाड़ीखास, थाना–पंडवा , प्रखण्ड–पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–519/24 2. आवेदक–अशोक प्रसाद , पिता–राजकुमार साव<br>3. ग्राम–मझिगांव , पोस्ट–लामीपतरा, थाना–पंडवा , प्रखण्ड–पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिरेन्द्र ठाकुर द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–520/24 2. आवेदक–वषिष्ठ नारायण उराँव उर्फ बलराम उराँव , पिता–रामनाथ उराँव<br>3. ग्राम–चियांकी , पोस्ट–चियांकी, थाना–सदर मेदिनीनगर , प्रखण्ड–सदर मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–भौं के बीच तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–521/24 2. आवेदक–रेहाना बीबी (आश्रित पत्नी) , पति–स्व0 खुर्षीद अहमद (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–चियांकी , पोस्ट–चियांकी, थाना–सदर मेदिनीनगर , प्रखण्ड–सदर मेदिनीनगर<br>4. लिंग–महिला, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–522/24 2. आवेदक–षांति देवी (आश्रित पत्नी) , पति–स्व0 अषोक मांझी (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–पिण्डरहे , पोस्ट–चांदो, थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाढ़ी में कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–523/24 2. आवेदक–आलम अंसारी , पिता–स्व0 मोईनुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–चियांकी , पोस्ट–चियांकी, थाना–सदर मेदिनीनगर , प्रखण्ड–सदर मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–524/24 2. आवेदक–प्रवेज अख्तर , पिता–स्व0 खलिल हुसैन<br>3. ग्राम–चियांकी , पोस्ट–चियांकी, थाना–सदर मेदिनीनगर , प्रखण्ड–सदर मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के नीचे तिल। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बालकिशुन उराँव एवं दाउद केरकेट्टा द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–525/24 2. आवेदक–अनवर मियां , पिता–स्व0 अजमत मियां<br>3. ग्राम–दीनाबार पोस्ट– रामगढ, थाना–रामगढ, प्रखण्ड–रामगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने घुटना पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–526/24 2. आवेदक–मो0 मंजीद अंसारी , पिता–स्व0 अब्दुल गफूर अंसारी<br>3. ग्राम–काचन , पोस्ट–रामगढ़, थाना–रामगढ, प्रखण्ड–रामगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–527/24 2. आवेदक–शंकर प्रजापति , पिता–विश्वनाथ प्रजापति<br>3. ग्राम–मुसुरमु , पोस्ट–रामगढ़, थाना–रामगढ, प्रखण्ड–रामगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–528/24 2. आवेदक–सुर्यदेव मांझी , पिता–शुकेश्वर मांझी<br>3. ग्राम–सेमरा, पोस्ट–सेमरा, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल पर काला निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–529/24 2. आवेदक–सुशील डोडराय , पिता–जोसेफ डोडराय<br>3. ग्राम–नावाडीह , पोस्ट–नावाडीह, थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन पर मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–530/24 2. आवेदक–निजामुद्दीन अंसारी , पिता–ओहिद अंसारी<br>3. ग्राम–लिधकी पश्चिमी , पोस्ट–कटुवल, थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–531/24 2. आवेदक–मुमताज अंसारी , पिता–सुभान अंसारी<br>3. ग्राम–झाबर , पोस्ट–झाबर , थाना–मेदिनी नगर , प्रखण्ड–मेदिनी नगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–532/24 2. आवेदक–सुशील कुमार शरण , पिता–रघुविर शरण<br>3. ग्राम–चेचन्हा , पोस्ट–राजहरा , थाना–नावाबाजार, प्रखण्ड–नयाबाजार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–533/24 2. आवेदक–धन्नजय कुमार तिवारी, पिता–राम नारायण तिवारी<br>3. ग्राम–उत्तरी रेड़मा , पोस्ट–चियाँकी , थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें नाक पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–534/24 2. आवेदक–गिता देवी , पति–दीनानाथ सिंह<br>3. ग्राम–अवशाने, पोस्ट–चान्दो, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–535/24 2. आवेदक–ललन चौधरी , पिता–स्व0 रामदेव चौधरी<br>3. ग्राम–गांगी , पोस्ट–कटुअल , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आँख के चिने तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–536/24 2. आवेदक–लक्ष्मण राम , पिता–रामकेश राम<br>3. ग्राम–कुदागा खुर्द , पोस्ट–सोमरा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती के दाहिने तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–537/24 2. आवेदक–कमला देवी , पति–महेन्द्र राम<br>3. ग्राम–शाहपुर, पोस्ट–शाहपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आंख पर मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–538/24 2. आवेदक–सकीना बीबी , पति–ग्यासुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–काचन , पोस्ट–रामगढ़, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–539/24 2. आवेदक–रामजी सिंह , पिता–बद्री सिंह<br>3. ग्राम–बन्दुआ , पोस्ट–शाहपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–540/24 2. आवेदक–विश्वनाथ भारती , पिता–बितन भारती<br>3. ग्राम–नावाडीह , पोस्ट–नावाडीह , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाये नाक के बगल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–541/24 2. आवेदक–राजकुमार उराँव , पिता–स्व0 तुलसी उराँव<br>3. ग्राम–खुरार्खुद , पोस्ट–सोमरा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के घुटने पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–542/24 2. आवेदक–कमला देवी , पति–कामेश्वर पासवार<br>3. ग्राम–रजहारा , पोस्ट–चान्दो, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–543/24 2. आवेदक–प्रभावती देवी , पति–उदय यादव<br>3. ग्राम–कुदागा खुर्द , पोस्ट–सोमरा, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–544/24 2. आवेदक–पन्ना देवी , पति–शिवकेश्वर प्रजापति<br>3. ग्राम–कुदागा कला , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें आंख के बगल मे मस्सा। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–545/24 2. आवेदक–मो0 रेयासत अंसारी , पिता–मोसकत मियाँ<br>3. ग्राम–नेउरा , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–546/24 2. आवेदक–फजायल अहमद , पिता–अब्दुल सत्तार<br>3. ग्राम–नेउरा , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाभी के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–547/24 2. आवेदक–मो0 कलिम अंसारी , पिता–मो0 मोस्कत मियाँ<br>3. ग्राम–नेउरा , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने बांह के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–548/24 2. आवेदक–श्रीपति देवी , पति–जगेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–पतरिया खुर्द, पोस्ट–कटुवल , थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–549/24 2. आवेदक–सुमति देवी , पति–सीताराम सिंह<br>3. ग्राम–बसरिया , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–70 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन के बायें मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–550/24 2. आवेदक–अब्दुल मोतालिब अंसारी , पिता–मो0 मोस्कत मियाँ<br>3. ग्राम–नेउरा , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें कंधे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–551/24 2. आवेदक–सुमित्रा देवी , पति–बाल मुकुन्द सिंह<br>3. ग्राम–पतरिया काला , पोस्ट–कटुबल , थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–552/24 2. आवेदक–अफजल हुसैन, पिता–अब्दुल सत्तार<br>3. ग्राम–लादी , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच षिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

PR 341547 Home(24-25).D

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष




# सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति और उनके परिवार को रूस ने क्यों दी शरण

**एजेंसी । मॉस्को**

सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद और उनका परिवार देश से भागने के बाद मॉस्को पहुंच गए हैं। रूसी मीडिया ने शीर्ष अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। बता दें रूस ने सीरियाई गृह युद्ध में असद का साथ दिया था। रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी तास ने एक क्रेमलिन के सूत्र के हवाले से जानकारी दी कि असद और उनका परिवार मॉस्को पहुंच चुका है और मानवीय कारणों से रूस ने उन्हें शरण दी है। सूत्र ने कहा, रूस ने हमेशा सीरियाई संकट के राजनीतिक समाधान के पक्ष में बात की है। हम जोर देते हैं कि संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाली वार्ता फिर से शुरू की जाए। क्रेमलिन सूत्र ने कहा, रूसी अधिकारी सशस्त्र सीरियाई विपक्ष के प्रतिनिधियों के संपर्क में हैं, जिनके नेताओं ने सीरियाई क्षेत्र में रूसी सैन्य ठिकानों और राजनयिक मिशनों की सुरक्षा की गारंटी दी है। बता दें विद्रोही गुटों ने रविवार को सीरियाई राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया था जिसके बाद राष्ट्रपति असद के देश छोड़ कर भाग गए।

59 वर्षीय बशर अल-असद ने 2000 में अपने पिता हाफिज अल-असद की मृत्यु के बाद सत्ता संभाली थी। उनके पिता 1971 से देश पर शासन कर रहे थे। 2011 उनके शासन काल के लिए सबसे अहम साल रहा जब लोकतंत्र की मांग को लेकर हजारों सीरियाई नागरिक सड़कों पर उतर आए, लेकिन उन्हें भारी सरकारी दमन का सामना करना पड़ा। हालांकि सरकार के विरोध में विभिन्न सशस्त्र विद्रोही समूहों का गठन हो गया और सरकार का विरोध 2012 के मध्य तक, विद्रोह एक पूर्ण गृह युद्ध में बदल गया। असद रूस, ईरान और लेबनान के हिजबुल्लाह की मदद से वर्षों तक विद्रोही गुटों का सफलतापूर्व मुकाबला करते रहे। लेकिन पिछले दिनों अचानक सक्रिय हुए विद्रोही गुटों ने सीरियाई राष्ट्रपति के लिए बड़ी मुश्किल खड़ी कर दी क्योंकि असद के तीन सहयोगी- रूस, हिजबुल्लाह और ईरान इजरायल खुद के संघर्षों में उलझे हुए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक असद की सेना वर्षों के युद्ध से नष्ट हो चुकी थी और कई सैनिक तो उनके पक्ष में लड़ना भी नहीं चाहते थे।



## सीरिया में सभी पक्षों को देश की एकता और संप्रभुता के लिए करना चाहिए काम : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को सीरिया में सभी पक्षों से अल-असद शासन के पतन के बाद राष्ट्र की एकता और अखंडता को प्राथमिकता देने की अपील की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर मध्य पूर्वी देश में बढ़ती अशांति के बीच शांतिपूर्ण समाधान की जरुरत पर जोर दिया। मंत्रालय ने कहा, हम सीरिया में चल रहे घटनाक्रमों के मद्देनजर वहां के हालात पर नजर रख रहे हैं। हम इस बात पर जोर देते हैं कि सभी पक्षों को सीरिया की एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए काम करना चाहिए।

## दुनिया के विशेषज्ञ व निवेशक भारत में निवेश को लेकर उत्साहित हैं : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत में कारोबारी माहौल से कारोबारी विशेषज्ञ और निवेशक भारत में निवेश करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते भारत ने जो विकास किया है वो हर क्षेत्र में नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री राजस्थान के जयपुर में जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केन्द्र (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट- 2024 और राजस्थान वैश्विक व्यापार एक्सपो का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान अपने कुशल कार्यबल और विस्तारित बाजार के कारण निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है। मोदी ने कहा कि आजादी के सात दशक बाद भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाया था, जबकि पिछले एक दशक में ही भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

## सूडान की राजधानी में ईंधन स्टेशन पर बमबारी में 28 की मौत, 37 घायल

**खार्तूम।** सूडान की राजधानी खार्तूम के दक्षिण में एक ईंधन स्टेशन पर हुई बमबारी में कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और 37 लोग घायल हो गए। यह जानकारी एक स्वयंसेवी समूह और स्थानीय मीडिया ने दी। रविवार को एक स्थानीय स्वयंसेवी समूह साउथ खार्तूम इमरजेंसी रूम ने बताया कि मायो इलाके के पास नए मार्केट 6 में स्थित अमोनिया ईंधन स्टेशन पर बम गिराया गया। यह बशीर हॉस्पिटल के उत्तर में स्थित है और इससे भारी जान-माल का नुकसान हुआ। घायलों में 29 झुलसने के मामले शामिल हैं, जिनमें से 3 गंभीर रूप से झुलसे हैं। इसके अलावा, 8 लोग घायल हुए हैं।

## भारत में डिजिटल क्रांति से सुगम हुआ है आम लोगों का जीवन: कीर्ति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विदेश, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने सोमवार को



कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व व सोच का प्रभाव है कि आज पूरी दुनिया भारत में हुए डिजिटल क्रांति की तारीफ कर रही है। मोदी सरकार द्वारा 01 जुलाई 2015 को डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था, जिसका उद्देश्य डिजिटल सेवाओं, डिजिटल पहुंच, डिजिटल समावेशन और डिजिटल सशक्तीकरण को सुनिश्चित करके भारत को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था और डिजिटल रूप से सशक्त समाज में परिवर्तित करना था। आज अगर आप एक क्लिक से पैसा ट्रांसफर करने से लेकर तमाम जरूरी काम कर पाते हैं तो इसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी की व्यापक सोच है। केंद्रीय राज्य मंत्री सोमवार को जोरबाग स्थित पर्यावरण भवन में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तथा कनेक्टिविटी विषय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया ने 2047 में विकसित भारत की नींव रख दी है। पिछले 11 साल में मोदी सरकार ने देश में डिजिटल क्रांति लाने और लोगों को डिजिटली काम करने के लिए प्रेरित किया है।

# विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार यूनुस से की मुलाकात की

- **भारत का बांग्लादेश के साथ बहुआयामी संबंध, जिसमें संपर्क, व्यापार, बिजली, ऊर्जा और क्षमता निर्माण के क्षेत्र शामिल हैं**

**एजेंसी । ढाका**



विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की। इसी के साथ ढाका की उनकी एक दिवसीय यात्रा भी संपन्न हो गई। मिस्री ने बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन और विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन के साथ भी बैठकें की। अपनी यात्रा के दौरान विदेश सचिव ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ चरमपंथी बयानबाजी और हिंसा की घटनाओं को लेकर पड़ोसी देश के साथ नई दिल्ली की चिंताएं साझा की। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि इन बैठकों के दौरान विदेश सचिव मिस्री ने एक लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन पर प्रकाश डाला। उन्होंने आपसी विश्वास, सम्मान तथा एक-दूसरे की चिंताओं और हितों के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर बांग्लादेश के साथ रचनात्मक संबंध बनाने की नई दिल्ली की इच्छा को दोहराया।

मिस्री की यात्रा के समापन के बाद विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, विदेश सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि भारत-बांग्लादेश संबंधों में लोग मुख्य हितधारक हैं। उन्होंने कहा कि भारत का बांग्लादेश के साथ बहुआयामी संबंध, जिसमें संपर्क, व्यापार, बिजली, ऊर्जा और क्षमता निर्माण के क्षेत्र शामिल हैं, बांग्लादेश के सभी लोगों के लाभ के लिए हैं। इसमें कहा गया, "विदेश सचिव ने हाल के कुछ घटनाक्रमों और मुद्दों पर भी चर्चा की और भारत की चिंताओं, विशेष रूप से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण से संबंधित चिंताओं से अवगत कराया। उन्होंने सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनयिक संपत्तियों पर हमलों की कुछ अफसोसजनक घटनाओं को भी उठाया। विदेश मंत्रालय ने जोर देकर कहा, "विदेश सचिव की यात्रा भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय जुड़ाव को बनाए रखने में मदद करेगी, ताकि चिंताओं को दूर करने के साथ-साथ संबंधों में महत्वपूर्ण मुद्दों को आगे बढ़ाया जा सके।

विदेश सचिव का यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों विशेष तौर पर हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा, भड़काऊ बयानबाजी जैसी खबरें लगातार सामने आ रहा हैं। भारत ने लगातार हिंदुओं समेत अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ धमकियों और टारगेटेड हमलों के मुद्दे को बांग्लादेश सरकार के सामने मजबूती से उठाया है।

# जॉर्ज सोरोस मामले में भाजपा हमलावर, पूछा- कांग्रेस का देशद्रोहियों से क्या संबंध है

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी जॉर्ज सोरोस मामले में कांग्रेस पर लगातार हमलावर है। सोमवार को भाजपा ने आरोप लगाते हुए कांग्रेस से पूछा कि देश द्रोही जॉर्ज सोरोस का उनसे क्या रिश्ता है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि फोरम फॉर डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया-पैसिफिक नामक (एफडीएलएपी) एक संगठन है, जिसकी स्थापना 1994 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में लोकतंत्र को बढ़ावा देने के मिशन के साथ की गई थी। इसके चार सह-अध्यक्ष हैं, जिनमें से एक राजीव गांधी फाउंडेशन की अध्यक्ष सोनिया गांधी सह-अध्यक्षों में से एक हैं। एशिया-प्रशांत में फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स को दी जा रही वित्तीय सहायता जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन के योगदान से है। सोरोस वही व्यक्ति हैं जिन्होंने खुले तौर पर कहा है कि उन्होंने मोदी सरकार को अस्थिर करने के लिए एक बिलियन डॉलर का निवेश किया है। विपक्ष इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहता है। उन्होंने पूछा कि एशिया-प्रशांत में फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स से कांग्रेस का क्या संबंध है? क्या एशिया-प्रशांत में फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स में लिखी गई भारत विरोधी और पाकिस्तान समर्थक बातें आपकी (कांग्रेस) समझ से लिखी गई हैं? क्या कांग्रेस का देशद्रोहियों (जॉर्ज सोरोस) से कोई संबंध है?

## आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लिए अब तक 25 लाख ने कराया पंजीयन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

- **स्व-पंजीकरण के लिए पात्र नागरिक आयुष्मान ऐप (गूगल प्ले स्टोर से) डाउनलोड कर सकते हैं। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के बारे में अधिक जानकारी के लिए टोल-फ्री नंबर 14555 पर कॉल कर सकते हैं या 1800110770 पर मिस्ड कॉल दे सकते हैं।**

आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लिए नामांकन की संख्या 25 लाख तक पहुंच गई है। इस योजना के शुरू हुए दो महीने के अंदर ही 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 22 हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को 40 करोड़ रुपये से अधिक का उपचार लाभ मिला है। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी है। सोमवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लॉन्च होने के बाद से लगभग 25 लाख लोगों ने पंजीकरण कराया है। इस योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 22 हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को 40 करोड़ रुपये से अधिक का उपचार प्राप्त हुआ है। इन वरिष्ठ नागरिकों ने कोरोनरी एंजियोप्लास्टी, हिप फ्रैक्चर/रिप्लेसमेंट, पित्ताशय निकालना, मोतियाबिंद सर्जरी, प्रोस्टेट रिसेक्शन, स्ट्रोक, हेमोडायलिसिस, एंटरिक फीवर और अन्य ज्वर संबंधी बीमारियों आदि जैसी विभिन्न स्थितियों के लिए उपचार कराया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 अक्टूबर को आयुष्मान वय वंदना कार्ड की घोषणा की थी। इसके तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को "आयुष्मान वय वंदना कार्ड" मिल रहा है, जो उन्हें स्वास्थ्य देखभाल लाभ प्राप्त करने में मदद करेगा।

## हैती : बेटे पर जादू-टोना किए जाने के शक में गैंग लीडर ने 110 लोगों को मौत के घाट उतारा

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस।** हैती के सिटे सोलेइल स्लम में वीकेंड में कम से कम 110 लोगों की हत्या कर दी गई। एक प्रमुख मानवाधिकार समूह ने बताया कि एक गैंग लीडर ने बुजुर्गों को निशाना बनाया क्योंकि उसे शक था कि इन लोगों ने जादू-टोना करके उसके बच्चे को बीमार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गैंग लीडर मोनेल 'मिकानो' फेलिक्स ने अपने 'विव अंसनम' ग्रुप के साथ मिलकर इस नरसंहार को अंजाम दिया। नेशनल ह्यूमन राइट डिफेंस नेटवर्क (आरएनडीडीएच) ने कहा कि जब फेलिक्स का बच्चा बीमार हो गया, तो उसने एक वूडू पुजारी से इस संबंध में बात की। पुजारी ने क्षेत्र के बुजुर्ग लोगों पर जादू-टोने के जरिए बच्चे को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया, जिससे भड़क कर फेलिक्स ने नरसंहार का आदेश दे दिया। बयान में कहा गया कि गैंग के सदस्यों ने शुक्रवार को कम से कम 60 लोगों और शनिवार को 50 लोगों की हत्या चाकू और कुल्हाड़ियों से की। मृतकों में से सभी की उम्र 60 वर्ष से अधिक थी। सिटे सोलेइल राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस के बंदरगाह के पास एक घनी आबादी वाली बस्ती है। इसे हैती के सबसे गरीब और सबसे हिंसक इलाकों में से एक माना जाता है।

## लोकसभा और राज्यसभा में गतिरोध जारी, दोनों सदनों में नहीं हो पाया कामकाज

**एजेंसी । नई दिल्ली**



लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार को पक्ष-विपक्ष की विभिन्न मुद्दों पर तकरार के चलते तीन बार स्थगित करनी पड़ी है। दोनों सदन थोड़े-थोड़े अंतराल पर ही पहले 12 बजे, फिर 2 बजे और फिर 3 बजे तक के लिए स्थगित किए गए। इसके बाद भी कार्यवाही नहीं चली और उसे दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी नेताओं को चेताया। उन्होंने पूछा कि क्या वे सदन नहीं चलने देना चाहते। इसके बाद उन्होंने कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। 12 बजे भी कार्यवाही थोड़े अंतराल में ही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। 2 बजे लोकसभा में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने रेलवे (संशोधन) विधेयक पर चर्चा का जवाब देना चाहा लेकिन हंगामें के चलते कार्यवाही 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। तीन बजे फिर से सदन का कामकाज शुरू होने पर हंगामा रहा और पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने कार्यवाही को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया। उधर, राज्यसभा में भी कुछ ऐसी ही स्थिति रही। सदन की कार्यवाही पहले 12 बजे और फिर 2 बजे तक स्थगित होने के बाद वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को राज्यसभा में विचार और पारित करने के लिए पेश किया।

इसके बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर ऐसे संगठनों से जुड़े होने का आरोप लगाया, जिन्हें जॉर्ज सोरोस का समर्थन प्राप्त है। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन आरोपों का खंडन किया और सत्ता पक्ष पर ही आरोप लगाए। इस दौरान सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए हंगामा और शोरगुल जारी रहा। इसके बाद सभापति ने तकरार थमती न देख कार्यवाही को 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

# भारत को मिला मल्टी-रोल गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'आईएनएस तुशील'

**एजेंसी । नई दिल्ली**




आधुनिक मल्टी-रोल स्टील्थ-गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'आईएनएस तुशील (एफ 70)' को सोमवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। यह युद्धपोत रूस के कलिनिनग्राद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारत को डिलीवर किया गया। रक्षा मंत्री ने 'आईएनएस तुशील' की कमीशनिंग को भारत की बढ़ती समुद्री ताकत का एक गौरवपूर्ण प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि यह भारत और रूस के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत और रूस के संबंध साझा मूल्यों, आपसी विश्वास व विशेष रणनीतिक विशेषाधिकार से एक साथ बंधे हैं। भारतीय नौसेना का यह नया युद्धपोत कई उन्नत हथियारों से लैस है। इनमें संयुक्त रूप से विकसित ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, उन्नत रेंज के साथ वर्टिकली लॉन्च की जाने वाली सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल हैं। भारतीय नौसेना का यह युद्धपोत मध्यम दूरी की एंटी-एयर और सतह गन से लैस है। इसमें नियंत्रित क्लोज-रेंज रैपिड फायर गन सिस्टम, पनडुब्बी रोधी टॉरपीडो और रॉकेट व उन्नत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और संचार सूट भी हैं। 125 मीटर लंबा, 3,900 टन वजन वाला यह घातक समुद्री जहाज, रूसी और भारतीय अत्याधुनिक तकनीकों और युद्धपोत निर्माण का एक प्रभावशाली मिश्रण है। सबसे अधिक तकनीकी उन्नत वाला यह फ्रिगेट 'आईएनएस तुशील' भारतीय नौसेना की पश्चिमी कमान के अंतर्गत भारतीय नौसेना के 'स्वॉर्ड आर्म', पश्चिमी बेड़े में शामिल होगा। आईएनएस तुशील परियोजना 1,135.6 का एक उन्नत क्रिवाक-3 श्रेणी का फ्रिगेट है। इनमें से छह युद्धपोत पहले से ही सेवा में हैं। इन छह युद्धपोतों में से तीन तलवार श्रेणी के जहाजों का निर्माण सेंट पीटर्सबर्ग के बाल्टिस्की शिपयार्ड में हुआ हैं।

### 30 समुद्री मील से अधिक की गति प्राप्त करने में सक्षम

आईएनएस तुशील 30 समुद्री मील से अधिक की गति प्राप्त करने में सक्षम है। उच्च स्तर की स्वचालन जैसी विशेषताएं इसकी युद्ध क्षमता को और बढ़ाती हैं। इस जहाज के निर्माण में प्रमुख ओईएम ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, केलट्रॉन, नोवा इंटीग्रेटेड सिस्टम, एल्कोम मरीन, जॉनसन कंट्रोल्स इंडिया और कई अन्य भारतीय संगठन शामिल रहे।

## पीएम का रुख किसानों के खिलाफ देश की एकता के लिए ठीक नहीं : बाजवा

**एजेंसी । चंडीगढ़**



पंजाब विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं दिग्गज कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रुख किसानों के खिलाफ है। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि बुनियादी सवाल यह है कि हम आजाद देश में रहते हैं और सबका मौलिक अधिकार है कि वो अपनी बात रख सकें। किसानों का बहुत लंबा आंदोलन चल रहा है। जब तीन कृषि कानून वापस हुए थे, तो पीएम मोदी ने किसानों को कुछ बातों का विश्वास दिलाया था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की संवैधानिक गारंटी देने, आंदोलन के समय जिन किसानों पर केस हुए थे, उनको वापस लेने और शहीद हुए किसानों के परिवारों को आर्थिक मदद तथा नौकरी देने का वादा किया था। लेकिन तीन साल बीत चुके हैं और इसमें से एक बात भी पूरी नहीं हुई। ऐसे में उनकी मांगें वाजिब हैं। बाजवा ने कहा कि किसान कोई हथियार लेकर नहीं जा रहे हैं, उनके पास ट्रैक्टर और ट्रॉली भी नहीं है।